रायपुर, शनिवार,
28 फरवरी 2026
शुक्ल पक्ष-द्वादशी,
विक्रम संवत -2082
वर्ष-15, अंक- 22

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए

रायपुर, बिलासपुर,
भोपाल, जबलपुर व रांची
से एक साथ प्रकाशित

'लोकतंत्र' के मंदिर में 'गन' तंत्र छोड़ने वाले नक्सली

झीरम हमले का मास्टरमाइंड भी पहुंचा, छत्तीसगढ़ विधानसभा का ऐतिहासिक दिन, लोकतंत्र में भरोसा रखने वाले नक्सलियों का स्वागत-अभिनंदन: विजय शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। *छत्तीसगढ़ के 120 सरेंडर नक्सलियों ने आज विधानसभा की कार्यवाही देखी। इनमें 1 करोड़ का इनामी पूर्व नक्सली रुपेश और झीरम हमले का मास्टरमांड चैतू भी कार्यवाही देखने पहुंचा था। गुरुवार रात ये सभी नक्सली डिप्टी सीएम विजय शर्मा के निवास पर डिनर के लिए पहुंचे थे।*

सदन के बाहर मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायकों ने सरेंडर नक्सलियों के साथ फोटो खिंचवाई। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने सरेंडर नक्सलियों को मंत्री ओपी चौधरी, रामविचार नेताम और बीजेपी अध्यक्ष किरण सिंहदेव और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलवाया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ विधानसभा के ऐतिहासिक दिन है। इतिहास में आज का दिन दर्ज हो गया। लोकतंत्र में ऐसे पुर्नवास करने वाले नक्सलियों का स्वागत अभिनंदन है। विधानसभा पहुंचने से पहले बीती रात गृहमंत्री श्री शर्मा ने आत्मसमर्पित नक्सलियों को डिनर पर आमंत्रित किया था।

चैतू और रुपेश भी शामिल

सरेंडर किए 120 नक्सली जो विधानसभा की कार्यवाही देखने पहुंचे थे, इनमें कई पूर्व नक्सली लीडर भी शामिल है। साल 2013 जगदलपुर में हुए झीरम घाटी हमले का मास्टरमाइंड चैतू उर्फ श्याम दादा भी विधानसभा पहुंचा था। वहीं, सतीश उर्फ रूपेश जो सेंट्रल कमेटी का मेंबर था। इस पर 1 करोड़ का इनाम भी था।

पुनर्वास नीति को प्रभावी ढंग लागू करने का परिणाम : साय

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा छत्तीसगढ़ विधानसभा में माओवाद की विचारधारा त्यागकर संविधान की राह अपनाने वाले 120 पुनर्वासित युवाओं से संवाद अत्यंत संतोषप्रद रहा। पुनर्वास का निर्णय लेने वाले सभी साथियों का राज्य सरकार हृदय से अभिनंदन करती है। सरकार पुनर्वासित युवाओं की सुरक्षा और सम्मान का ध्यान रखेगी। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि सभी पुनर्वासित युवा समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक जीवनयापन कर सकें और आत्मनिर्भर बनें। इसी उद्देश्य से पुनर्वास नीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। हिंसा का मार्ग छोड़कर आज संविधान के मंदिर में खड़े होकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया का साक्षी बनना इस बात का प्रमाण है कि बदलाव संभव है।

आज बेबाक

बड़े नेताओं के प्रति उनके समर्थक कार्यकर्ताओं का निष्ठावान रहना बहुत ही अच्छी बात है। बेशक ऐसे अंधभक्त प्रभुजी तुम चंदन हम पानी.. गाकर अपने आकाओं का स्तुति गान करें लेकिन ऐसा भी क्या कि जोश में होश खोकर चाटुकारिता की सीमा ही लांघ जाएं। ऐसा कर वे खुद हास्य का पात्र बनते हैं और पार्टी की भी छीछालेदर कराते हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेमंत रेड्डी ने कहा है कि गांधी परिवार को जरुरत पड़ी तो वे एक हजार करोड़ रुपये जुटाकर दे सकते हैं। ऐसे में कोई उन्हें हाई कमान का एटीएम कहेगा तो बुरा मान जाएंगे।

अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर रोक

प्रयागराज/ए.। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में अहम सुनवाई शुरू हो गई है। न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा ने मामले की संवेदनशीलता और अदालत में उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए 'ओपन कोर्ट' में सुनवाई करने से मना कर दिया और अब इस मामले की सुनवाई जज के चैंबर में की जा रही है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा ने भारी भीड़ और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ चल रहे यौन उत्पीड़न मामले की सुनवाई अपने चैंबर में की। सुनवाई के दौरान शंकराचार्य के वकील ने दलील दी कि यह केस एक धर्मगुरु के खिलाफ सोची-समझी साजिश है और उन्होंने एक कथित पीड़ित बटुक की मार्कशीट पेश कर उसे बालिग बताया, जिस पर कोर्ट ने पुलिस से सख्त सवाल किया कि आखिर 'पीड़ित बच्चे कहां हैं? '। तो वादी के वकील ने दलील दी कि एक बच्चा मजिस्ट्रेट के समक्ष है और दूसरे बच्चे की परीक्षाएं चल रही थीं।

शंकराचार्य ने गिरफ्तारी से बचने के लिए 24 फरवरी को हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट के चैंबर में शुरू

'साजिश का पर्दाफाश हो '

सुनवाई से पहले शंकराचार्य ने काशी में मीडिया से बात करते हुए स्पष्ट कहा कि वे सच सामने लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, चाहे इसके लिए उनका नार्को टेस्ट ही क्यों न कराना पड़े। उनके वकील श्रीनाथ त्रिपाठी ने अदालत में दलील दी कि यह पूरा मामला एक गहरी साजिश का हिस्सा है और यह केस एक सम्मानित धर्मगुरु के खिलाफ है, किसी अपराधी के खिलाफ नहीं।

133 अफगान लड़ाके मारे 200 से ज्यादा घायल : पाक

इस्लामाबाद (ए.)। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हालात जंग जैसे हो गए हैं। पाकिस्तान एयरफोर्स ने अफगानिस्तान के कई इलाकों में फिर से एयरस्ट्राइक की है। वहीं तालिबान ने दावा किया है कि उसने इस्लामाबाद के फैजाबाद सैन्य ठिकाने समेत कई अहम ठिकानों को निशाना बनाया। संघर्ष की शुरुआत गुरुवार रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी हमले के जवाब में कार्रवाई की। टोलो न्यूज के मुताबिक तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया है। इसके जवाब में पाकिस्तान ने 'गजब लिल हक' नाम का ऑपरेशन शुरू किया ।

शराब घोटाले में केजरीवाल-सिसोदिया बरी

■ चार्जशीट में खामियां: कोर्ट, फैसले के बाद केजरीवाल रोते हुए बोले- जिंदगीभर ईमानदारी से काम किया

नई दिल्ली (ए.)। शराब घोटाला केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी कर दिया है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को कहा- दोनों के खिलाफ बिना सबूत के आरोप साबित नहीं होता है। इस मामले में सीबीआई ने कुल 23 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने सभी के खिलाफ आरोप तय करने से इनकार करते हुए सभी को बरी कर दिया। आबकारी नीति मामले में केजरीवाल समेत 23 आरोपियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मीडिया से बात करते हुए रो पड़े केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ सालों से जिस तरह से बीजेपी शराब घोटाला, शराब घोटाला कर रही थी। हमारे ऊपर आरोप लगा रही थी। आज कोर्ट ने सारे आरोप खारिज कर दिए और हम सबको डिस्चार्ज कर दिया। हम हमेशा कहते थे कि हमें भारतीय न्याय प्रणाली पर भरोसा है। मैं जज साहब का बहुत-बहुत शुक्रिया करता हूं, जिन्होंने हमारे साथ न्याय किया। सत्य की जीत हुई। भगवान हमारे साथ है। मोदी जी और अमित शाह जी ने मिलकर आजाद भारत का यह सबसे बड़ा राजनीतिक षड्यंत्र रचा। आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए आम आदमी पार्टी के सबसे बड़े पांच नेताओं को जेल में डाल दिया। आज तक आजाद भारत के इतिहास में ऐसा नहीं हुआ।

गरमा-गरम

तोहफा: होली से पहले किसानों को मिलेगी 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की अंतर राशि

धान से तौले गए सीएम विष्णुदेव साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि अन्नदाता देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत रीढ़ है और किसानों की समृद्धि और खुशहाली से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा। मुख्यमंत्री से आज उनके निवास कार्यालय में प्रदेश के किसानों ने सौजन्य मुलाकात की और कृषक उन्नति योजना के माध्यम से धान के अंतर की 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि होली से पूर्व किसानों के खातों में अंतरित करने की घोषणा पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर किसानों ने मुख्यमंत्री को धान से तौलकर प्रदेश के अन्नदाताओं ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ मुख्यमंत्री को धान से तौलकर प्रदेश के अन्नदाताओं ने जताया आभार

■ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 28 फरवरी को बिलासपुर जिले में आयोजित होगा राज्य स्तरीय राशि अंतरण कार्यक्रम

किसानों को ब्याज मुक्त पूंजी की सुविधा मिल रही : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब किसानों को ब्याज मुक्त पूंजी की सुविधा मिल रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद रही है, जो देश में सर्वाधिक है। उन्होंने कहाकि सरकार ने निर्णय लिया है कि धान के अंतर की लगभग 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि होली से पूर्व किसानों के खातों में अंतरित की जाएगी। 28 फरवरी को बिलासपुर जिले से इस राशि का अंतरण किया जाएगा।

11 आईएएस अफसरों का तबादला
कुलदीप बलौदाबाजार के कलेक्टर

■ डॉ. प्रसन्ना, लीना कोसम को मिली नई जिम्मेदारियां

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ शासन ने 11 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया है। कुलदीप शर्मा को बलौदाबाजार का नया कलेक्टर बनाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के अनुसार, डॉ. सीआर प्रसन्ना (2006 बैच), सचिव सहकारिता विभाग को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ आयुक्त सहकारिता और रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

तीर्थराज अग्रवाल को उप सचिव, योजना, आर्थिक एवं

सांख्यिकी विभाग बनाया गया है, साथ ही उन्हें धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। लीना कोसम को परीक्षा नियंत्रक, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, नवा रायपुर पद पर यथावत रखा गया है। उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उक्त पद को भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम 2016 के तहत वरिष्ठ वेतनमान के समकक्ष घोषित किया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

किसान हितैषी विष्णु सरकार

वृहद किसान सम्मेलन

दो साल में विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों के खाते में ₹1.50 लाख करोड़ से अधिक की राशि अंतरित

- 33,431 करोड़ रूपए समर्थन मूल्य का भुगतान
- 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी
- वर्ष 2025-26 में 141.04 लाख मीट्रिक टन की धान खरीदी
- 11,000 रूपए प्रति एकड़ की दर से दलहन, तिलहन,मक्का,कपास, कोदो-कुटकी-रागी पर भी इनपुट सब्सिडी

जीएसटी 2.0 लागू होने से कृषि उपकरण हुए सस्ते

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दो साल में 26 लाख किसानों को ₹10,784 करोड़ वितरित

रबी सीज़न 2023-24 से 2025-26 के बीच
खाद की खपत 41,84,850 मीट्रिक टन | खाद सब्सिडी ₹7593.22 करोड़

कृषक उन्नति योजना

अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण समारोह

सभी 146 विकासखण्डों में आयोजन

25.28 लाख किसानों के खातों में

₹10,324 करोड़ की आदान सहायता राशि होगी वितरित

बजट 2026-27 में कृषि क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान

- ₹600 करोड़ दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना
- ₹5,500 करोड़ विद्युत पम्पों हेतु बिजली सब्सिडी
- ₹820 करोड़ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
- ₹250 करोड़ इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को अनुदान
- ₹170 करोड़ उद्यानिकी विश्वविद्यालय
- ₹170 करोड़ एकीकृत वाटर शेड प्रबंधन कार्यक्रम
- ₹150 करोड़ एकीकृत बागवानी विकास मिशन

S - 47030

28 फरवरी 2026

खेल मैदान रहंगी, बिल्हा, जिला-बिलासपुर

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

राज्यसभा चुनाव: दावेदारों की रेस में संघ ने बढ़ाया नेताम-एमडी का नाम

■ आदिवासी इलाकों में ताकतवर पैठ बनाने की रणनीति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की दो खाली सीटों पर राज्य सभा चुनाव की टिकट को लेकर अटकलें तेज हो गई है। प्रत्याशी चयन को लेकर भाजपा संगठन अभी ऊहापोह की स्थिति से गुजर रहा है। दरअसल, राष्ट्रीय सेवक संघ ने राज्यसभा टिकट के लिये दो नाम आगे कर दिये हैं। आदिवासी लॉबी को पूरी तरह अपने कब्जे में करने की रणनीति के तहत राज्यसभा टिकट के लिये ट्राइबल बेल्ट को ही मजबूत करने बस्तर संभाग से दो नाम उभरे हैं।

दरअसल, छत्तीसगढ़ से केटीएस तुलसी और फूलोदेवी नेताम राज्यसभा से रिटायर हो रहे हैं। दोनों की खाली सीटों को भरने के लिये राज्यसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो रही है। 16 मार्च को मतदान होगा। वर्तमान राजनीतिक समीकरणों के अनुसार एक-एक सीट पर दोनों दलों के प्रत्याशियों की जीत तय मानी जा रही है।

आरएसएस की पैनी नजर पूरे देश के विशाल आदिवासी वोट पर है। ट्राइबल बेल्ट के वोट एकतरफा ढंग से कब्जाने की नीयत से मजबूत रणनीति के तहत भाजपा ने आदिवासी नेत्री द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय को सीएम बनाकर भाजपा ने आदिवासी हितैषी होने का संदेश फिर से दे दिया। अब संघ की सलाह से छत्तीसगढ़ से अरविंद

नेताम और एमडी ठाकुर में से किसी एक को राज्यसभा भेजने की तैयारी चल रही है। ताकि, पूरे देश में भाजपा को आदिवासियों का सबसे बड़ी शुभचिंतक पार्टी होने का संदेश दिया जा सके।

आरएसएस ने राज्यसभा चुनाव के लिये दावेदारों के नाम आगे बढ़ाते समय क्षेत्रीय संतुलन का भी ध्यान रखा। सरगुजा बेल्ट से विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री

बनाकर आदिवासी शुभचिंतक होने का बड़ा संदेश पहले ही दिया जा चुका है। अब बस्तर बेल्ट से आदिवासी वर्ग के नेता को राज्यसभा भेजने की रणनीति बनाई गई है। इसी रणनीति के तहत संघ ने एमडी ठाकुर का नाम आगे बढ़ाया है। उनके अलावा वरिष्ठ आदिवासी नेता अरविंद नेताम का नाम भी संघ की ओर से ही सुझाया गया है।

पिछले चार दशकों से आदिवासी वर्ग के जाने-पहचाने चेहरा बन चुके एमडी ठाकुर को सीएम विष्णुदेव साय के करीबियों में गिना जाता है। वर्तमान में ठाकुर छत्तीसगढ़ भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। छत्तीसगढ़ जनजातीय गौरव समाज के अध्यक्ष भी हैं। वे केंद्रीय गोंड महासभा धमधागढ़ के अध्यक्ष भी हैं। आदिवासी वर्ग में गहरी पैठ रखने वाले एमडी ठाकुर ट्राइबल बेल्ट में पिछले दस साल से आरएसएस की जड़ें मजबूत कर रहे हैं। धर्मांतरण कर चुके लोगों की घर वापसी कराने और भाजपा के संगठनात्मक कार्यों में भी एमडी की महत्वपूर्ण भूमिका है। आरएसएस के पसंदीदा प्रत्याशी बनने की वजह भी यही है।

80 के दशक से छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के सबसे ताकतवर आदिवासी नेता रहे अरविंद नेताम का नाम भी आरएसएस ने बढ़ाया है। इंदिरा-राजीव गांधी के जमाने में आदिवासी वर्ग से छत्तीसगढ़ का सबसे प्रभावशाली आदिवासी नेता नेताम को माना जाता था। कांग्रेस सरकार में कई साल तक केंद्रीय मंत्री रहेनेताम की राजनीति का दबदबा दशकों तक पूरे बस्तर इलाके में कायम रहा। कालांतर में कांग्रेस से रिश्तों में लगातार खटास बढ़ने के कारण वे पार्टी से अलग हो गए। नेताम ने सर्व आदिवासी विकास परिषद का गठन कर बस्तर के मुद्दों को उठाकर लगातार सक्रियता दिखाई। नेताम की बस्तर इलाके में पुरानी पैठ के साथ ही राजनीतिक अनुभव और आरएसएस से निकटता के कारण अब नेताम को राज्यसभा टिकट के लिये बड़े दावेदार के रूप में आगे किया गया है।

संघ की सधी चाल के पीछे तैयार रणनीति को ऐसे समझें...

भाजपा की साय सरकार ने बस्तर में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाकर बड़ी समस्या का समाधान कर दिया है। आदिवासियों को लाल आतंक से मुक्त करने की उपलब्धि के साथ ही बस्तर को शांति का टापू बनाकर विकास के नए सोपान गढ़ने का प्लान भी बनाया गया है। 2026-27 के बजट में बस्तर को नए सिरे से गढ़ने की नीयत से अरबों रुपए के प्रस्ताव भी इसी प्लान के तहत रखे गए हैं। बम धमाकों और गोलियों की गूंज से दहलते बस्तर में शांति के फूल खिलाने के साथ ही भाजपा सरकार विकास की मजबूत नींव तैयार कर रही है। इसी सोच के साथ राज्यसभा चुनाव में भी बस्तर इलाके को प्रतिनिधित्व दिया जा रहा है। आदिवासी बेल्ट पर पूरी तरह कब्जा करने की सोच के साथ संघ ने सधी चाल चलने की तैयारी की है। ताकि, कांग्रेस को चारों खाने चित किया जा सके।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर सेमिनार

रायपुर/नवप्रदेश। दिनांक 26 फरवरी 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ कर्मचारी ट्रेनिंग स्कूल/परिचालन/बीएमवाई में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आटोमेटिक सिगनलिंग फेलुअर एवं आई बी सिगनलिंग के दौरान चालक के द्वारा ट्रेन का परिचालन एवं बरती जानेवाली सावधानियां, शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियां तथा गाड़ियों का सेक्योरिंग एवं क्लियरिंग, इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा गर्मी से पहले किये जानेवाले कार्य, ट्रेन में आगजनी के दौरान लोको पायलट, सहायक लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर का कर्तव्य, प्राथमिक उपचार पेटी का उपयोग का प्रदर्शन तथा अग्निशामक यंत्र का उपयोग का प्रदर्शन । इस संरक्षा सेमिनार में श्री सुरेश चन्द्र, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी/रायपुर, श्री प्रवीण कुमार, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी/रायपुर के साथ-साथ संरक्षा सलाहकारो ने संरक्षा सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन/रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 52 लोगों ने भाग लिया।

स्टेडियम रेलवे समपार फाटक आरव्ही मरम्मत कार्य होने के कारण बंद रहेगा

रायपुर रेल मंडल में स्टेडियम रेलवे समपार फाटक क्रमांक आर.व्ही 17 कि. मी. 21 /24-26 में आवश्यक एवं विशेष मरम्मत कार्य हेतु दिनांक 28-02-2026 को रात्रि 10:00 बजे से दिनांक 01-03-2026 को प्रातः08:00 बजे तक सड़क यातायात का आवागमन बंद रहेगा द्य परसदा अंडरब्रिज से आवागमन कर सकते हैं। आमजन को होने वाली असुविधा के लिए रेलवे खेद प्रकट करता है एवं विकासात्मक संरक्षा कार्यों में सहयोग की अपेक्षा करता है ।

पोसैता स्टेशन में दो एक्सप्रेस गाड़ियों के अस्थायी ठहराव की सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा आध्यात्मिक उत्थान मंडल ट्रस्ट के वार्षिक निःशुल्क चिकित्सा शिविर में शामिल होने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दिनाँक 28 फरवरी से 06 मार्च 2026 तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली 02 एक्सप्रेस गाड़ियों का अस्थायी ठहराव दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के पोसैता स्टेशन में 01 मिनट के लिए दिया जा रहा है ।

विवरण इस प्रकार है :-

- दिनाँक 28 फरवरी से 06 मार्च 2026 तक दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस पोसैता स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी। यह गाड़ी पोसैता स्टेशन 16.09 बजे पहुंचेगी तथा 16.10 बजे रवाना होगी।
- दिनाँक 28 फरवरी से 06 मार्च 2026 तक आरा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस पोसैता स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी। यह गाड़ी पोसैता स्टेशन 09.58 बजे पहुंचेगी तथा 09.59 बजे रवाना होगी।
- दिनाँक 28 फरवरी से 06 मार्च 2026 तक पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस पोसैता स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी। यह गाड़ी पोसैता स्टेशन 07.34 बजे पहुंचेगी तथा 07.35 बजे रवाना होगी ।
- दिनाँक 28 फरवरी से 06 मार्च 2026 तक योगनगरी ऋषिकेश से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस पोसैता स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी। यह गाड़ी पोसैता स्टेशन 15.38 बजे पहुंचेगी तथा 15.39 बजे रवाना होगी।

मंत्री का जवाब, नाराज विपक्ष का वॉकआउट

■ बजट में वित्तीय स्वीकृति पर टकराव

छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन सदन में बजट में सम्मिलित कार्यों को वित्तीय स्वीकृति देने का मुद्दा गरमा गया। प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायकों ने आरोप लगाया कि कई विभागों की फाइलें वित्त विभाग में लंबित हैं। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने अंततः वॉकआउट कर दिया।

प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक संगीता सिंह ने पूछा कि बजट में शामिल किन-किन कार्यों को अब तक वित्तीय स्वीकृति नहीं मिली है और वे क्यों लंबित हैं। जवाब में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्पष्ट किया कि वित्त विभाग में कोई भी कार्य लंबित नहीं है और सरकार की मंशा सभी प्रस्तावों को समय पर स्वीकृति देने की है।

विपक्ष ने सिंचाई और लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं का हवाला देते हुए कहा कि कई फाइलें लंबित हैं। इस पर मंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रक्रियाओं को सरल बनाया है। मशीन उपकरण की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये कर दी गई है, जबकि प्रशासकीय स्वीकृति की सीमा 2 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दी गई है, ताकि कार्यों में तेजी लाई जा सके। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बालोद जिले से संबंधित मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां की फाइलों की स्थिति स्पष्ट की जाए। मंत्री ने दोहराया कि बालोद से जुड़ी कोई फाइल वित्त विभाग में लंबित नहीं है। इस पर विपक्ष ने प्रक्रिया और स्वीकृति को लेकर सवाल उठाए। बहस के दौरान विपक्ष ने आरोप लगाया कि घोषणाएं तो की जा रही हैं, लेकिन स्वीकृतियों में देरी हो रही है। मंत्री ने जवाब दिया कि हर कार्य की एक निर्धारित प्रक्रिया होती है और उसी के तहत स्वीकृति दी जाती है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

वोट गौमाता के नाम पर... तो घोषित करें 'राष्ट्रमाता'

■ विधानसभा में गौ-रखरखाव पर सियासी गर्म, कुंवर सिंह निषाद ने उठाया मुद्दा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन प्रश्नकाल के दौरान घुमंतू पशुओं के रख-रखाव और संरक्षण का मुद्दा गरमाया रहा। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने सरकार की योजनाओं पर सवाल उठाते हुए तीखा तंज कसा। उन्होंने कहा कि जब गौमाता के नाम पर वोट मांगे गए हैं, तो उन्हें राष्ट्रमाता घोषित करने का साहस भी दिखाना चाहिए।

प्रश्नकाल में विधायक निषाद ने पूछा कि राज्य में घुमंतू पशुओं के संरक्षण के लिए कौन-कौन सी योजनाएं संचालित हैं और उनके तहत कितने पशुओं की वास्तविक देखरेख हो रही है।

जवाब में मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि पशुधन विभाग के माध्यम से आदर्श गोधाम और गोकुल धाम गौ अभ्यारण जैसी योजनाएं संचालित हैं। उन्होंने कहा कि गोधाम योजना के तहत 620 पशुओं के संरक्षण और व्यवस्थाओं की तैयारी की गई है तथा कई स्थानों पर कार्य प्रक्रियाधीन है।

इस पर विधायक निषाद ने सवाल किया कि इन 620 पशुओं के चारा-पानी की व्यवस्था वास्तव में सरकार कर रही है या किसी अन्य संस्था द्वारा की जा रही है। मंत्री ने बताया कि 36 गोठानों को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है और पंजीकृत संस्थाओं को राशि उपलब्ध कराई जाती है, जिसका उपयोग नियमानुसार किया जाता है। हालांकि विधायक ने स्वीकृत राशि को लेकर आपत्ति जताई और कहा कि जमीनी स्तर पर स्पष्ट कार्ययोजना नजर नहीं आ रही है।

मंत्री नेताम ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में तखतपुर-बिलासपुर, साजा-बेमेतरा और राजपुर-मरवाही सहित कई स्थानों पर गोठान संचालित हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में घुमंतू पशुओं के संरक्षण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और केवल आरोप लगाने से स्थिति स्पष्ट नहीं होती। नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग व्यवस्था के तहत संरक्षण कार्य किए जा रहे हैं।

इसी दौरान विधायक पुन्नू लाल मोहले ने मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में किसानों को फसल उत्पादन, संरक्षण तकनीक और कृषि उपकरणों पर खर्च राशि का ब्यौरा मांगा। मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि वर्ष 2023 से 2026 के बीच मुंगेली और पथरिया विकासखंड में किसानों को नई किस्म के प्रमाणित बीज, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन तकनीक और आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

जमीन मुआवजा पर सरकार सख्त, मंत्री टंकराम वर्मा ने संयुक्त जांच टीम बनाने की घोषणा की

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान जमीन अधिग्रहण और मुआवजा वितरण का मुद्दा सदन में जोरदार तरीके से उठा। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक ने किसानों को मुआवजा नहीं मिलने का मामला उठाया, जिस पर सरकार ने त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया।

राज्य मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एक संयुक्त जांच टीम गठित की जाएगी। यह टीम राजस्व विभाग और एनएचआई के अधिकारियों को शामिल करते हुए जमीन अधिग्रहण और मुआवजा वितरण से जुड़े प्रकरणों की जांच करेगी।

मंत्री टंकराम वर्मा ने स्पष्ट किया कि जिन किसानों को अब तक उनकी जमीन का मुआवजा नहीं मिला है, उनके मामलों को प्राथमिकता के आधार पर देखा जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि पात्र किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। सदन में इस मुद्दे पर हुई चर्चा के दौरान विपक्ष ने कई प्रकरणों का हवाला देते हुए प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्ध भुगतान की मांग की। मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों के हितों के प्रति संवेदनशील है और किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया: चरणदास महंत

छत्तीसगढ़ विधानसभा में विपक्ष के नेता डॉ. चरणदास महंत और कांग्रेस विधायक शेषराज हरवंश ने आज सदन में एक और ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग-बी बाईपास के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए किसानों को मुआवजा वितरित न किए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने दावा किया कि कई किसानों को इसके लिए मुआवजा नहीं दिया गया है। अपने जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि कई किसानों को मुआवजा दिया जा चुका है और कुछ मामलों की जांच चल रही है। शेष किसानों, जिनकी जमीनें अधिग्रहित की जाएगी उन्हें नियमों के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा।

रामचंद्रपुर स्कूल को अगले शैक्षणिक सत्र से बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा: गजेंद्र

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने शुक्रवार को सदन में घोषणा की कि बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट एक्सीलेंस स्कूल रामचंद्रपुर को अगले शैक्षणिक सत्र से बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा केंद्र बनाया जाएगा। भाजपा विधायक प्रबोध मिंज, अजय चंद्रकार, रिकेश सेन और अन्य भाजपा विधायकों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के पांचवें दिन सदन में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से पीएम श्री स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट एक्सीलेंस स्कूल रामचंद्रपुर को बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा केंद्र न बनाए जाने का मुद्दा उठाया।

भाजपा विधायकों ने कहा कि छात्रों को बोर्ड परीक्षा देने के लिए जिले के वन क्षेत्रों में 15 किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ती है, इसलिए पीएम श्री स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट एक्सीलेंस स्कूल रामचंद्रपुर को बोर्ड परीक्षाओं का परीक्षा केंद्र बनाया जाना चाहिए। अपने जवाब में, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि कुछ छात्रों की मुख्य और पूरक परीक्षा की कॉपियों में लिखावट में गड़बड़ी के कारण पीएम श्री स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट एक्सीलेंस स्कूल रामचंद्रपुर के परीक्षा केंद्र को एक वर्ष के लिए निलंबित कर दिया गया था। इसलिए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कार्यालय में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक की राय प्राप्त की गई और बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं।

5000 शिक्षकों की भर्ती से युवाओं को मिलेगा अवसर : साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश में 5000 शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया इसी दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है, जो युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ शिक्षा व्यवस्था को भी सुदृढ़ बनाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि व्यापम द्वारा वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली शिक्षक भर्ती परीक्षाओं की संभावित तिथियां जारी कर दी गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार

सहायक शिक्षक की परीक्षा 11 अक्टूबर 2026, शिक्षक की परीक्षा 25 अक्टूबर 2026 तथा व्याख्याता की परीक्षा 29 नवंबर 2026 को संभावित है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी अभ्यर्थियों को तैयारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिश्रम, लगन और आत्मविश्वास के साथ किया गया प्रयास निश्चित रूप से सफलता दिलाता है। उन्होंने कहा कि युवा प्रदेश के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और शिक्षा के माध्यम से नई पीढ़ी को सशक्त बनाने में योगदान देंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

आदिवासियों का फर्जी एनकाउंटर न करे सरकार: बैज

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने नक्सल विरोधी अभियानों को लेकर राज्य सरकार को सावधानी बरतने की नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि सरकार अपना ऑपरेशन चलाए, कांग्रेस को उससे कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन निर्दोष आदिवासियों को नक्सली बताकर फर्जी एनकाउंटर न किया जाए। बैज ने कहा कि गर्मी के मौसम में जंगल क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी इमली, महुआ, तेंदूपत्ता और लकड़ी जैसे संसाधन जुटाने के लिए जंगल जाते हैं। ऐसे में सुरक्षा बलों को विशेष सतर्कता रखनी चाहिए ताकि निर्दोष ग्रामीण किसी कार्रवाई का शिकार न हों। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले वर्षों में भी आदिवासियों को नक्सली बताकर मुठभेड़ में मारे जाने के मामले सामने आए हैं। कांग्रेस ने 14 अगस्त 2025 को केशकाल क्षेत्र के कोहकामेटा गांव में हुई घटना का जिक्र किया। पार्टी नेताओं के अनुसार, चार युवक (उम्र 23-24 वर्ष) जंगल गए थे। आरोप है कि पुलिस ने उन्हें नक्सली बताकर गोली मार दी।

सुविचार

कल हम न होंगे न कोई गिला होगा, सिर्फसिमटती हुई यादों का सिलसिला होगा।
चंद पल जो मिले हैं हंसकर बीता लो न जाने कल जिंदगी का क्या फैसला होगा

अफगानिस्तान पर हवाई हमले

पाकिस्तान ने एक बार फिर अफगानिस्तान के खिलाफ ऐयर स्ट्राइक कर दी है। पाकिस्तान के हवाई हमले में अफगानिस्तान को भारी नुकसान होने का दावा किया गया है और कहा गया है कि कई अफगानी लड़ाके भी इस हमले में मारे गये हैं। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान की 15 चौकियों पर कब्जा करने का दावा किया है। अफगानिस्तान के इस्लामिक अमीरात के प्रवक्ता के अनुसार पाकिस्तानी सेना के कई जवान मारे गये हैं और कुछ लोगों को अफगानिस्तान ने बंधक बना लिया है। गौरतलब है कि इसके पहले भी पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हवाई हमला किया था जिससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था और अफगानिस्तान की सेना ने उस समय भी कई पाकिस्तानी सैनिकों को बंधक बना लिया था। दरअसल पाकिस्तान इस समय खुद ही गृहयुद्ध की आग झुलस रहा है और लोगों को ध्यान भटकाने के लिए वह अफगानिस्तान के खिलाफ हवाई हमले करता है क्योंकि अफगानिस्तान के पास वायु सेना नहीं है इसलिए पाकिस्तान के हवाई हमलों का उसे जमीन पर लड़कर जवाब देना पड़ता है। गौरतलब है कि पिछले 24 घंटे के दौरान पाकिस्तान में 3 जगहों पर पांच बड़े धमाके हुए हैं जिनमें 50 लोग मारे गये हैं और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। एक धमाका तो पाकिस्तान के सबसे सुरक्षित कहे जाने वाले पंजाब प्रांत में भी हुआ है। पाकिस्तानी सेना के मुताबिक इन धमाकों के पीछे टीटीपी का हाथ हैं। वहीं दूसरी ओर बलौच ने भी पाकिस्तानी सेना के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है और खैबर पख्तुटख्वा में भी पाकिस्तान सेना के खिलाफ लोग सड़को पर उतर रहे हैं। वहां के मुख्यमंत्री ने तो सीधे आर्मी चीफ को ही अपना सबसे बड़ा दुश्मन बताया है। पाक अधिकृत कश्मीर में भी हालात दिन बदिन खराब होते जा रहे हैं और वहां पाकिस्तान से पीओके की आजादी की मांग तेज होने लगी है। दूसरी तरफ पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ जेल में जैसा सलूक किया जा रहा है उसे लेकर भी पाकिस्तान में इमरान खान के समर्थकों का गुस्सा लगातार बढ़ रहा है। जिससे पाकिस्तान में गृहयुद्ध छिडने की संभावना प्रबल हो गई है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सिर्फ नाम के ही प्रधानमंत्री रह गये हैं। वहां की सरकार आर्मी चीफ असीम मुनीर के इशारे पर चल रही है और पाकिस्तानाी सेना जुल्म ढाने लगी है। नतीजतन पाकिस्तान अफगानिस्तान पर हमले करके अपनी खीज मिटा रहा है जो अंतत उसे ही भारी पड़ेगा।

करो या मरो के मुकाबले में टीम इंडिया की जीत

टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए टीम इंडिया को जिम्बावे के साथ मैच खेलना पड़ा जिसमें उसके लिए करो या मरो की स्थिति पैदा हो गई थी। दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद टीम इंडिया पर संकट के बादल गहरा गये थे। जिम्बावे के साथ उसे एक बड़ी जीत की दरकार थी जो उसने हासिल कर ली। पिछले मैच की शर्मनाक हार से सबक लेकर टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने जिम्बावे के खिलाफ बेहतरीन खेल दिखाया और भारत ने अभिषेक शर्मा तथा हार्दिक पांडया के धुंआधार अर्धशतकों तथा अन्य बल्लेबाजों की छोटी छोटी ही सही लेकिन बेहतरीन पारी की बदौलत 256 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया। टी -20 वर्ल्ड कप के इतिहास में यह भारत का पहला और श्रीलंका के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कारे है। भारत सिर्फ चार रन से दूर रह गया अन्यथा वह वर्ल्ड कप में सबसे बड़ी पारी का इतिहास रच देता। इसी तरह भारत के बल्लेबाजों से 17 छक्के जड़े और इसमें भी वह दो शिक्सर कम होने के कारण नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने से चूक गया। बहरहाल भारत को अब अपना अगला मैच वेस्टइंडिज से खेलना है और उसे हर हाल में हराना होगा तभी वह सेमीफाइनल में पहुंच पाएगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि वेस्टइंडिज के खिलाफ भी टीम इंडिया इसी तरह का प्रदर्शन करेगी और सेमीफाइनल तथा फाइनल में पहुंचकर फिर एक बार वर्ल्ड कप अपने नाम करेगी। बशर्ते भारत और वेस्टइंडिज के मुकाबले के दौरान बारिश न हो अन्यथा मैच रद्द होने से एक एक अंक बंट जाएंगे और ऐसे में टीम इंडिया सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाएगी।

सदगुरू ऋतेश्वर

सद्गुरू बोधामृतम्

◆ भगवान कोई वचन दें तो विश्वास मत करना, बड़ी जल्दी तोड़ते भी हैं। हां! भगवान कृष्ण कहते हैं मैं वचन देता हूं तो समझ जाना काम नहीं होने वाला है, ये तोड़ेगा जरूर। कृष्ण का काम है वचन देना और तोड़ना ये पक्की बात है क्योंकि भगवान किसी वचन के तहत बंध के आपको मरना-मारना नहीं चाहते, आपको दुखी नहीं करना चाहते। आज वचन दिए हैं आपको सुखी करने के लिए, कल वहीं वचन आपको दुख देगा तो अपना वचन तोड़ के आपको सुखी कर देंगे। भगवान आपको सुखी करना चाहते हैं, आनंदित करना चाहते हैं; अपने वचन का रक्षा नहीं करना चाहते, वही सच्चा माता परमपिता। यही एकमात्र कारण है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता।1712 - बहादुर शाह जफर ने लाहौर में अंतिम सांस ली। 1922 - मिस्र को एक स्वतंत्र राष्ट्र घोषित किया गया। 1928 - सी वी रमन ने रमन प्रभाव का आविष्कार किया, जिसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। 1936 - देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पत्नी कमला नेहरू का निधन। 1942 - दूसरे विश्व युद्ध के दौरान जापान की सेना ने जावा के द्वीप पर कब्जा किया और यह द्वीप 1945 तक उनके कब्जे में रहा। 1948 - भारत की आजादी के तकरीबन छह माह बाद ब्रिटिश सेना की अंतिम टुकड़ी अपने देश लौट गई। 1949 - राष्ट्रमंडल समूह के सुदूर पूर्व के देशों ने नयी दिल्ली में बैठक के दौरान बर्मा के गृह युद्ध में मध्यस्थता की पेशकश की। 1986 - स्वीडन के प्रधानमंत्री ओलोफ पाल्मे की स्टॉकहोम में गोली मार कर हत्या।1991 - खाड़ी में युद्ध विराम लागू। 1992 - भारत एवं ब्रिटेन के बीच आतंकवाद के विरुद्ध सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर। 1993 - ईरान में भारी पैमाने पर आई बाढ़ में करीब 500 लोगों की मौत। इसे देश की अब तक की सबसे घातक प्राकृतिक आपदा कहा गया।

योगेश कुमार गोयल

मानव जीवन को विज्ञान ने आज बेहद आसान और सुविधाजनक बना दिया है। युवाओं की विज्ञान के प्रति आज के समय में कितनी रूचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के दिलोदिमाग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रूचि जागृत करने के लिए ही प्रतिवर्ष 28 फरवरी को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है। दरअसल इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में एक महान कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है।

सपनों को हकीकत में बदलने की कुंजी है विज्ञान

यह दिवस भारत के महान् वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सी. वी. रमन की खोज 'रमन प्रभाव' को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक को सम्मान देने के लिए उनकी स्मृति में मनाया जाता है। दरअसल सर सी वी रमन भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में पहले ऐसे भारतीय थे, जिन्होंने भारत में ऐसे आविष्कार पर शोध किया था। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफसाइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से 'रमन प्रभाव' (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं के द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान सफलता और खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सी वी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में उनकी इस खोज ने तहलका मचा दिया था। उनके इसी बड़े आविष्कार के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला 'नोबेल पुरस्कार' दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। 'रमन प्रभाव' खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार के अलावा भी अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात् भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि मेरे जैसे न जाने कितने ही रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा।'' वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क के रूप में 'रमन प्रभाव' को नामित किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का विषय है 'विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को उत्प्रेरित करना'। 2023 से 2025 तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस क्रमशः 'वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान', 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक' और 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को

सशक्त बनाना' थीम के साथ मनाया गया था। वर्ष 2022 की थीम थी 'सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण' और वर्ष 2021 की थीम थी 'एसटीआई का भविष्य : शिक्षा कौशल और कार्य का प्रभाव'। एसटीआई का अर्थ है साइंस, टैक्नोलॉजी एंड इनोवेशन। यह विषय शिक्षा कौशल और कार्य पर विज्ञान, प्रोद्यौगिकी और नवाचार (एसटीआई) के भविष्य में पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डालता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की वर्ष 1999 से लेकर अब तक की थीम पर नजर डालें तो वर्ष 1999 का विषय था 'हमारी बदलती धरती'। वर्ष 2000 का विषय था 'मूल विज्ञान में रूचि उत्पन्न करना, 2001 का 'विज्ञान शिक्षा के लिए सूचना तकनीक', 2002 का 'पश्चिम से धन', 2003 का 'जीवन की रूपरेखा : 50 साल का डीएनए और 25 वर्ष का आईवीएफ', 2004 का 'समुदाय में वैज्ञानिक जागरूकता को बढ़ावा देना', 2005 का 'भौतिकी को मानना', 2006 का 'हमारे भविष्य के लिए प्रकृति की परवरिश करें', 2007 का 'प्रति द्रव्य पर ज्यादा फसल', 2008 का 'पृथ्वी ग्रह को समझना', 2009 का 'विज्ञान की सीमा को बढ़ाना', 2010 का 'दीर्घकालिक विकास के लिए लैंगिक समानता, विज्ञान और तकनीक, 2011 का 'दैनिक जीवन में रसायन', 2012 का 'स्वच्छ ऊर्जा विकल्प और परमाणु सुरक्षा', 2013 का 'अनुवांशिक संशोधित फसल और खाद्य सुरक्षा', 2014 का 'वैज्ञानिक मनोवृत्ति को प्रोत्साहित करना', 2015 का 'राष्ट्र निर्माण के लिए विज्ञान', 2016 का 'देश के विकास के लिए वैज्ञानिक मुद्दों पर सार्वजनिक प्रशंसा बढ़ाने के लक्ष्य', 2017 का 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी विकलांग व्यक्तियों के लिए', 2018 का 'एक सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी' तथा वर्ष 2019 का राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का विषय 'लोगों के लिए विज्ञान और विज्ञान के लिए लोग' था। देश में अन्य क्षेत्रों के अलावा विज्ञान के क्षेत्र में भी महिलाओं के योगदान के मद्देनजर उन्हें सम्मान देने के उद्देश्य से 2020 में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम रखी गई 'विज्ञान के क्षेत्र में महिलाएं' (वूमेन इन साइंस)। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य लोगों को हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों की महत्ता से परिचित कराना होता है, इसके अलावा वैज्ञानिक सोच रखने वाले लोगों को अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका अहम उद्देश्य है। विज्ञान के विकास के लिए नई तकनीकों को लागू कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने जैसे उद्देश्य राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन में निहित हैं। विज्ञान के जरिये ही वैज्ञानिकों ने नई-नई तरह की तकनीकों का आविष्कार किया है और वैज्ञानिकों ने इन खोजों के जरिये मानव जीवन को बहुत बेहतर बना दिया है। इसी विज्ञान के जरिये हम रोबोट, कम्प्यूटर इत्यादि बनाने में सफलता प्राप्त करने के अलावा अंतरिक्ष तक में पहुंच गए हैं और असंभव दिखने वाले कार्यों को भी विज्ञान की मदद से ही संभव बनाते रहे हैं। विज्ञान की मदद से ही बनाई गई प्रतिदिन बहुत सारी तकनीकों और वस्तुओं का इस्तेमाल हम अपने दैनिक क्रियाकलापों में करते भी हैं। ऐसे में हम सभी के लिए हमारे जीवन में विज्ञान के महत्व को समझना बेहद जरूरी है। हमारा समाज 21वीं सदी में जिस प्रकार अंधविश्वासों के साये में जीता है, ऐसे में विज्ञान की महत्ता समझते हुए समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करते हुए इन अंधविश्वासों के निर्मूलन की जिम्मेदार हम सबकी है।

डॉ. ओ.पी त्रिपाठी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा ने दोनों देशों के रिश्तों को दोस्ती से आगे बढ़ाकर एक 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' में तब्दील कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25द्26 फरवरी के बीच इजराइल यात्रा के दौरान यह बड़ा फैसला लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने साफकर दिया कि इजराइल का 'दिमाग' (इनोवेशन) और भारत का 'हुनर' (टैलेंट और विनिर्माण) मिलकर दुनिया की बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान निकालेंगे। नेतन्याहू के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोदी ने कहा कि आज हमने अपनी साझेदारी को 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है।

भारत-इजरायल की रणनीतिक साझेदारी से बदलेगी तस्वीर

आज की बैठक में हमने अपने सहयोग को नई दिशा और तेज गति देने पर चर्चा की। हमारा आर्थिक सहयोग विकास, नवाचार और साझा समृद्धि का इंजन बना हुआ है। आपसी निवेश को बढ़ावा देने के लिए हमने पिछले वर्ष द्विपक्षीय निवेश समझौता किया। हम शीघ्र ही एक पारस्परिक लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते को भी अंतिम रूप देंगे। माना जा रहा है कि 2026 के अंत तक दोनों देशों के बीच एफटीए हो जाएगा। दोनों देशों की तरफसे जारी संयुक्त बयान में आतंकवाद की उसके हर रूप और अभिव्यक्ति में कड़े शब्दों में निंदा की गई है। सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हुए आतंकी हमले, 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में भारतीय पर्यटकों पर हमले और 10 नवंबर, 2025 को नई दिल्ली के लाल किले के पास हुई आतंकी घटना की भी कड़ी निंदा की गई।

प्रधानमंत्री मोदी और बेंजामिन नेतन्याहू के अनुसार इजरायल की 'टेक्नोलॉजी' और भारत की 'टैलेंट व मैन्युफैक्चरिंग' जब मिलेंगी, तो ग्लोबल मार्केट में धमाका होना तय है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लेकर सेमीकंडक्टर और स्पेस रिसर्च तक, दोनों देशों ने एक-दूसरे का हाथ मजबूती से थाम लिया है। दोनों नेताओं ने साफ किया कि अब साझेदारी सिर्फदोस्ती तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि टेक्नोलॉजी, रक्षा, व्यापार, कृषि और शिक्षा जैसे हर बड़े क्षेत्र में गहराई तक जाएगी।

अब युद्ध केवल सरहदों पर नहीं, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी लड़े जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए दोनों देशों ने एआई और साइबर सुरक्षा पर ऐतिहासिक समझौता किया है। अब इजराइल और भारत के टेक एक्सपर्ट्स मिलकर ऐसी मशीनें और सिस्टम बनाएंगे जो न केवल स्मार्ट होंगे, बल्कि सुरक्षित भी होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा ने दोनों देशों के रिश्तों को दोस्ती से आगे बढ़ाकर एक 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' में तब्दील कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25द्26 फरवरी के बीच इजराइल यात्रा के दौरान यह बड़ा फैसला लिया गया।

प्रधानमंत्री मोदी और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने साफकर दिया कि इजराइल का 'दिमाग' (इनोवेशन) और भारत का 'हुनर' (टैलेंट और विनिर्माण) मिलकर दुनिया की बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान निकालेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी और बेंजामिन नेतन्याहू के अनुसार इजरायल की 'टेक्नोलॉजी' और भारत की 'टैलेंट व मैन्युफैक्चरिंग' जब मिलेंगी, तो ग्लोबल मार्केट में धमाका होना तय है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई से लेकर सेमीकंडक्टर और स्पेस रिसर्च तक, दोनों देशों ने एक-दूसरे का हाथ मजबूती से थाम लिया है। दोनों नेताओं ने साफ किया कि अब साझेदारी सिर्फदोस्ती तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि टेक्नोलॉजी, रक्षा, व्यापार, कृषि और शिक्षा जैसे हर बड़े क्षेत्र में गहराई तक जाएगी।

अब युद्ध केवल सरहदों पर नहीं, बल्कि डिजिटल दुनिया में भी लड़े जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए दोनों देशों ने एआई और साइबर सुरक्षा पर ऐतिहासिक समझौता किया है। अब इजराइल और भारत के टेक एक्सपर्ट्स मिलकर ऐसी मशीनें और सिस्टम बनाएंगे जो न केवल स्मार्ट होंगे, बल्कि सुरक्षित भी होंगे। इजराइल ने रेगिस्तान में खेती करके दुनिया को हैरान किया है, और अब वही तकनीक भारत के करोड़ों किसानों की किस्मत बदलेगी। दोनों देशों ने कृषि नवाचार केंद्र (आईओआएनसीए) बनाने का फैसला किया है। अब इजराइली वैज्ञानिक और भारतीय किसान मिलकर कम पानी में ज्यादा पैदावार करने के नए तरीके खोजेंगे। अभी तक भारत में 35 से ज्यादा एक्सीलेंस सेंटर चल रहे हैं, जहां 10 लाख से ज्यादा किसान ट्रेनिंग ले चुके हैं। अब इस मिशन को गंगा की सफाई और जल प्रबंधन तक ले जाया जा रहा है। इजराइल की डीसेलिनेशन (खारे पानी को मीठा बनाना) तकनीक से भारत के तटीय इलाकों में पानी की किल्लत दूर करने की योजना है।रक्षा के क्षेत्र में अब हम सिर्फखरीददार और विक्रेता नहीं रहे। नवंबर 2025 में हुए समझौते को आगे बढ़ाते हुए अब दोनों देश मिलकर आधुनिक हथियार और डिफेंस प्लेटफॉर्म्स बनाएंगे। यह साझेदारी भारत के आत्मनिर्भर भारत 2047 के विजन को नई ऊंचाई देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद के खिलाफइजरायल के साथ अपनी एकजुटता दोहराई। दोनों नेताओं ने हाल के वर्षों में हुए आतंकी हमलों की कड़ी निंदा की और कहा कि लोकतंत्र को अस्थिर करने वाली ताकतों के खिलाफअब भारत और इजराइल मिलकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएंगे। आम आदमी के लिए सबसे बड़ी खबर यह है कि अगले पांच वर्षों में 50,000 भारतीय कामगार इजराइल जा सकेंगे। कंस्ट्रक्शन, केयरगिविंग और रेस्टोरेंट सेक्टर के अलावा अब हाई-टेक क्षेत्रों में भी भारतीय प्रोफेशनल्स को प्राथमिकता दी जाएगी। दोनों देशों ने कामगारों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के लिए विशेष प्रोटोकॉल पर साइन किए हैं।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सफलता प्राप्त करना एक नए जीवन को प्राप्त करना हैं।

अतएव एक नए जीव से जन्म की पसव पीड़ा को तो भोगना ही पड़ेगा। सफलता बहुत बलिदान माँगती है। निश्चय दृढ़ है,तो सफलता भी निश्चित है। मेरे दोस्त - संकल्प ठानों,आत्म विश्वास जगाओं, दृढ़ निश्चय करों,और आगे बढो। सफलता तुम्हारे पास अवश्य आएगी।एक बार निर्णय कर लेने पर विश्व की कोई सत्ता दृढ़ निश्चयी व्यक्ति को नही रोक सकती है।

- हेमा पांडेय

कुछ इश्क़ का रंग ही कच्चा था सुनहली धूप में उड़ गया। विश्वास में वो बात ही नहीं थी कच्ची इमारत सा पहली बरसात में ढह गया । बुने थे कुछ सपने जिन धागो में उसी में उलझ के ये जीवन रह गया । बिखरे इतने है कि पिरोना मुश्किल है अब ना मोती ही पूरे है ना सुई नाप की।

- ऋतु दुबे

आंखों में आकर ठहरा है, देखे जैसा इक चेहरा है... धड़कन धक-धक बोल रही है, मुख, संकोचों का पहरा है... प्रेम गगन से ऊंचा उड़ता, सागर से ज्यादा गहरा है... मन को कितना ही समझाएं, सुनता है, फिर भी बहरा है...। **- निश्चय बाजपेई**

यकीं कर कोई शायर तो कोई फ़क़ीर बन जाएगा, जो भी देख लें तुमको वो खुद तस्वीर बन जाएगा। ना फूलों की ज़रूरत है और ना ही इन कलियों की, जहां पर पैर रख दो तुम वहीं कश्मीर बन जाएगा। **- संजय सिंह भव्य**

फूल पलाश के फूले हैं ऐसे आग की ज्वाला दहकी हों, जंगल की शोभा बढ़ाते हैं, हर बसंत में खिल जाते हैं। छटा फूलों की प्यारी देखो, कोई नारी भगवा साड़ी में हो प्रकृति ने श्रृंगार किया खुद का जैसे सोने की झूमर हो पहने। पेड़ों की डालियों पर लदे हुए, मानो प्रकृति ने रंग भर दिए हों। दहक रहा है जंगल सारा महक रहा खुशबू से न्यारा। फागुन में पिय संग होली होगी टेशू के फूल की गुलाल बनेगी गोरी के सुंदर से मुखड़े पर केसरिया गुलाल खूब सजेगी। **- रश्मि ठाकुर**

दिल तुम्हारा अक्सर रहता है बीमार किसी दिन तुम भी समाचार बन जाओगे रहते हैं वादे खूब यहां तुम्हारे भी झूठे देखना किसी दिन तुम सरकार बन जाओगे न इतराओ अफसरी पर ये कुछ वर्षो का सुख है होने दो उम्र बैंसठ फिर तुम भी इतवार बन जाओगे इतराओ मत चुनके उन्हें न उम्मीद रखो बदलाव की बदल देगा कुर्सी उन्हें तुम आंसू की धार बन जाओगे।

- संत आर थवाइत

वो क्या गया मेरे जीवन के सारे वसंत लेता गया। वो था तो पतझड़ भी वसंत सा लगता था अब बहार का मौसम भी पतझड़ सा लगता है। वसंत क्या होता है नहीं जानती थी मैं; उसने मुझे एहसास कराया सच वसंत सा कुछ नहीं होता। उसका आना वसंत था और जाना पतझड़।

- पूजा 'बहार'

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आप धन लाभ की कामना से अधिकांश कार्य करेंगे लाभ होगा भी लेकिन खर्च लगे रहने से हाथ मे रुकेगा नही। कार्य व्यवसाय में तेजी मंदी लगी रहने के कारण बनी बनाई योजना लटकी रह जायेगी।

वृषः आज के दिन आपमे लापरवाही अधिक रहेगी। सेहत अथवा अन्य आवश्यक कार्यो की अनदेखी बाद में पछताने का कारण बनेगी संयम की कमी के चलते विपरीत फल मिलेंगे।

मिथुनः आज मानसिक चंचलता के कारण अच्छे बुरे का विवेक कम रहेगा। बिना सोचे बोलना आज भारी पड़ सकता है आपके लिये जो बातें मनोरंजन मात्र रहेंगी उनसे परिजन अथवा अन्य निकटस्थ का मन दुखी होगा।

कर्कः आज दिन प्रतिकूल बना हुआ है सोच समझ कर ही अथवा किसी के परामर्श के बाद ही कोई काम करें महिलाए आज अपनी अनदेखी होने पर गुस्से से भरी रहेंगी।

सिंहः आज का दिन आपके लिये लाभदायक रहेगा लेकिन आकस्मिक खर्च अनियंत्रित रहने पर थोड़ी परेशानी भी होगी। दिन के आरंभ में परिजनो से व्यर्थ की बातों पर नोकझोंक होगी।

कन्याः आज का दिन आपको पैतृक सुख के साथ मनोरंजन के अवसर भी सुलभ कराएगा। दिन के प्रारंभ में आलस्य रहेगा छोटे मोटे दैनिक कार्य भी विलंब से होंगे। सेहत आज उत्तम रहेगी।

तुलाः आज भी शुभ प्रसंग बनने से मन शांत रहेगा धर्म के प्रति आस्था तो रहेगी लेकिन एकाग्रता की कमी के कारण दैनिक पूजा पाठ भी व्यवहारिकता मात्र रहेंगे।

वृश्चिकः आज मानसिक उलझने दिन भर परेशान रखेंगी। कोई नापसंद कार्य मजबूरी में करना पड़ेगा आस पास का वातावरण अशान्त रहेगा आपके स्वभाव में भी रूखापन रहने के कारण स्नेहीजन दूरी बनाकर रहेंगे।

धनुः आज का दिन विजय दिलाने वाला रहेगा आज आप जिस भी चीज की कामना करेंगे उसे लड़कर अथवा जिद से पूरा कर लेंगे भले ही इससे किसी का मन खराब ही क्यों ना हो।

मकरः आज सेहत में सुधार आने से थोड़ी राहत मिलेगी लेकिन दिनचार्य आज भी अस्त व्यस्त ही रहेगी सोचे कार्य पूर्ण करने में सहयोग की कमी खलेगी। कार्य व्यवसाय में भी आज अधूरे काम पूरे करने पर ध्यान रहेगा।

कुंभः आज आप घर एवं बाहर सभी लोगो के दिल को अपनी कुशलता से जीतेंगे। व्यक्तिगत स्वार्थ की भावना आज कम रहेगी परमार्थ के लिये समय और धन खर्च करेंगे बदले में सम्मान की प्राप्ति होगी।

मीनः आज आप अपनी अथवा किसी नजदीकी की कार्यशैली से व्यथित रहेंगे। चाहकर भी परिस्थितियां अनुकूल नही बनने के कारण मन में उदासी रहेगी।

QUIZ TIME

1) विश्व नारियल दिवस हर साल किस दिन मनाया जाता है?

2) कटकारी जनजाति मुख्य रूप से किन राज्यों में पाई जाती है?

3) 2024 में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार किसे दिया गया है?

4) अटल इनोवेशन मिशन किस संस्थान की प्रमुख पहल है?

5) भगवान बुद्ध के देवनीमोरी अवशेष मूल रूप से भारत के किस राज्य से हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 2 सितंबर (2) महाराष्ट्र और गुजरात (3) डैरन एसेमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स रॉबिन्सन (4) नीति आयोग (5) गुजरात

पहेली

शब्द सामर्थ्य -329

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 328 का हल

समर्पण भाव से जनता की सुरक्षा के साथ खेलों में भी पुलिस का उत्कृष्ट प्रदर्शनः साय

■ उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 6 टीमों को मिला सम्मान

■ 14वीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा आयोजित 14वीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य समापन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। प्रतिभागिओं द्वारा बैण्ड की प्रस्तुति द्वारा मार्च पास्ट किया गया। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न राज्यों एवं केंद्रीय बलों से पहुंचे टीम मैनेजरों से परिचय प्राप्त किया और खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने पहुंचे सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ियों, कोचों और मैनेजरों का छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर आगमन के लिए हार्दिक स्वागत किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय

ने कहा कि पांच दिवसीय इस अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता का आज समापन हो रहा है। छत्तीसगढ़ पुलिस के अधिकारियों और जवानों को भी बधाई दी, जो दिन-रात कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाने के साथ-साथ खेल के मैदान में भी अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह उनका अनुशासन और समर्पण ही है, जो उन्हें हर क्षेत्र में श्रेष्ठ बनाता है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी कर्तव्य पालन करने वाले हमारे पुलिस जवान जब खेल मैदान में उतरते हैं, तो उनका आत्मविश्वास और साहस पूरे प्रदेश का मान बढ़ाता है। जिस समर्पण भाव से हमारे पुलिस अधिकारी जनता की सुरक्षा करते हैं, उसी प्रतिबद्धता के साथ वे खेलों में भी प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। हमने जशपुर जिले के पंडरापाट में 20 करोड़ रुपए की लागत से तीरंदाजी के प्रशिक्षण के लिए आर्चरी एकेडमी की स्थापना करने का निर्णय लिया है। पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम ने विजेताओं की सराहना की। इस अवसर पर विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, महापौर अलका बाघमार, एडीजी विवेकानन्द सिन्हा, एडीजी एसआरपी कल्लूरी, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

शब्दभेदी बाण चलाने जैसी विधाएं आज भी संरक्षितः गजेन्द्र

समापन समारोह को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक वनाच्छादित ट्रायबल प्रदेश है। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और परंपराएं आज भी जनजातीय समाज द्वारा जीवित रखी गई हैं। उन्होने कहा कि गोंड, कवंर और अन्य आदिवासी भाई-बहन आज भी पारंपरिक धर्नुविद्या (धनुर्विद्या) का अभ्यास करते हैं। उन्होंने बताया कि शब्दभेदी बाण चलाने जैसी पारंपरिक विधाएं आज भी संरक्षित हैं, जो प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के पारंपरिक खेलों के आयोजन से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक संतुलन और एकाग्रता भी बढ़ती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पुलिस विभाग के मनोबल और सहयोग की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

न्यूज गैलरी

उड़नदस्ता दल ने किया केन्द्रों का निरीक्षण

दुर्ग। माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी 12 वीं परीक्षा के अंतर्गत 27 फरवरी को जिले के 5 उडनदस्ता दलों द्वारा 25 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी केन्द्र में अनुचित साधन का उपयोग नहीं पाया गया। डीईओ अरविन्द मिश्रा ने 9 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। डॉ. पुष्पा पुरूषोत्तम जिला नोडल अधिकारी ने 6 परीक्षा केन्द्रों, विनोद शुक्ला विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्ग ने 4 परीक्षा केन्द्र, डीके देवांगन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पाटन ने 4 परीक्षा केन्द्र, अथर्व शर्मा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धमधा ने 2 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

केजरीवाल की तरह भूपेश और अन्य कांग्रेसी भी साबित होंगे निरपराधः जंघेल

दुर्ग। नई दिल्ली के तथाकथित शराब घोटाले के आरोप से पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित कई अधिकारियों व अन्य लोगों को अदालत ने निर्दोष मानते हुए बरी कर दिया है। इस पर टिप्पणी करते हुए कांग्रेस के प्रदेश मीडिया कोआर्डिनेटर देवकुमार जंघेल ने बयान जारी कर कहा है कि कोर्ट के इस फैसले से भाजपाई चाल, चरित्र और उसका षडयंत्रकारी चेहरा बेनकाब हो गया है। जंघेल ने कहा कि केजरीवाल भाजपा के सामने नहीं झुके, तो उन्हें और उनके साथियों को केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग कर फर्जी शराब घोटाले में फंसाकर जेल भेज दिया गया। न्यायालय ने दूध का दूध और पानी का पानी कर मोदी सरकार के मुंह पर करारा तमाचा जड़ दिया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जब मोदी सरकार के सामने नहीं झुके तो उन्हें और उनके बेटे चैतन्य बघेल, पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा सहित कई अधिकारियों को फर्जी शराब घोटाले में फंसाया गया। जंघेल ने कहा कि कवासी लकमा और चैतन्य बघेल को जेल भेजा गया। दोनों को जमानत पर रिहा किया गया है। इनके खिलाफ लगातार छापामार कार्यवाही की गई, लेकिन कुछ नहीं मिला। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। भूपेश बघेल और अन्य सभी कांग्रेसी इस झूठे और फर्जी मामले से बेदाग बरी होंगे। क्योंकि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं।

पीएम आवास योजना के 44 हितग्राहियों को मिला आवास

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एएचपी अंतर्गत आवास आबंटन के लिये लॉटरी का आयोजन निगम सभागार में किया गया। पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से कुल 44 हितग्राहियों को सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया, माईल स्टोन स्कूल के पीछे, आम्रपाली फेस-1 हाउसिंग बोर्ड, ग्रीन वैली और कृष्णा इंजीनियरिंग कालेज के पीछे निर्मित आवास आबंटित किये गए। पूर्व में पात्र हितग्राहियों को 1572 मकान आबंटित किये जा चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना की लॉटरी में महापौर नीरज पाल, आयुक्त राजीव पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी, चंद्रशेखर गंवई, पार्षद महेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, पार्षद हरिओम तिवारी, नोडल अधिकारी सह अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता की उपस्थिति रही। निगम प्रशासन ने कहा कि पात्र आवेदकों को योजना का लाभ दिलाने पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। लॉटरी के दौरान आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, नम्रता ठाकुर, जी जागेश्वर साहू, मेहत्तर सोनी, भूषण निर्मलकर, मोहन राव, थलेश्वर जोशी, सावित्री सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

निष्क्रिय शासकीय खातों को सक्रिय कर 31 मार्च तक राशि लौटाने के निर्देश

दुर्ग। जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति व जिला स्तरीय समीक्षा समिति और डीएलसीसी की बैठक गुरुवार को कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले के सभी बैंकों में निष्क्रिय व दावा रहित जमा राशि वाले शासकीय खातों को तत्काल सक्रिय कर संबंधित राशि शासन को वापस करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकिंग योजनाओं और विभिन्न शासकीय योजनाओं की योजनावार समीक्षा करते हुए बैंकों में लंबित आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर 31 मार्च तक निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विशेष रूप से जनसुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत लंबित दावा प्रकरणों पर कार्यवाही करने कहा। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत लंबित दावों का शीघ्र निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित करने पर जोर दिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे ने स्व सहायता समूहों के लंबित ऋण प्रकरणों को स्वीकृत कर लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक से दिग्विजय राउत, अनंत माधव (क्षेत्रीय प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा), जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक संजय गर्ग, आरसेटी सहित अंत्यावसायी, डीआईसी, मत्स्य पालन, कृषि विभाग, पशुपालन, एनआरएलएम विभाग के अधिकारी, एफएलसी प्रतिनिधि और जिले के सभी बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम की कार्रवाई

शिवजी की बारात में हत्या, आरोपी के अवैध होटल में चला बुलडोजर

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर में 16 फरवरी की रात शिवजी की बारात में जघन्य हत्याकांड के मुख्य आरोपी मनीष देशमुख उर्फ पांडू के अवैध होटल पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया। नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। इस मामले में पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। महाशिवरात्रि के अवसर पर रात 9:30 बजे मोहन नगर थाना क्षेत्र के शक्ति नगर चौक मानस भवन के पास शिवजी की बारात के दौरान पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने क्षय कुमार गोड उर्फ नानू पर धारदार हथियार से हमला

किया था। घायल नानू को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता शिव कुमार गोड की रिपोर्ट पर मोहन नगर थाने में अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद साक्ष्य के आधार पर सात आरोपियों की पहचान की और अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने नानू पर हमला करना स्वीकार किया। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। पुलिस जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी मनीष देशमुख ने शक्ति नगर चौक स्थित मानस भवन के पास शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किया था।

दो अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार

भिलाई। सुपेला थाना क्षेत्र में सूने मकान में चोरी चोरी करने वाले दो अंतर्राज्यीय चोरों को दुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सायबर तकनीकी विश्लेषण और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों को नेहरू नगर चौक से गिरफ्तार किया। दोनों चोर अपने गृह राज्य ओडिशा भागने की फिराक में थे। उनके कब्जे से चोरी की नगद रकम भी बरामद की गई है। सुपेला निवासी प्रार्थी यमिल वर्मा ने 17 फरवरी को थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

खाटू श्याम निशान यात्रा में शामिल हुए अरुण वोरा

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर में आज आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने मिला। खाटू धाम की तर्ज पर पहली बार भव्य खाटू श्याम निशान यात्रा का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर से प्रारंभ हुई दिव्य यात्रा पूरे दुर्ग शहर में भ्रमण करते हुए कादंबरी नगर स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। रथ में विराजे श्याम बाबा की अलौकिक छवि, फाल्गुनी रंगों की छटा, इत्र और फूलों की अमृत वर्षा और गूंजते भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस पावन अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण वोरा भी निशान यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने खाटू श्याम बाबा से दुर्ग शहरवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। वोरा ने कहा कि खाटू श्याम बाबा की कृपा से दुर्ग में सदैव प्रेम, सौहार्द और प्रगति का वातावरण बना रहे, यही उनकी कामना है। वोरा के साथ पूर्व महापौर आरएन वर्मा, संजय गर्ग, पप्पू श्रीवास्तव सहित अनेक श्रद्धालु व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

दुर्ग निगम में 6 कर्मचारी पदोन्नत

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम में आज महापौर अलका बाघमार ने निगम के 6 कर्मचारियों को पदोन्नति पत्र प्रदान किया। इस दौरान सामान्य प्रशासन प्रभारी मनीष साहू, एमआईसी सदस्य देव नारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, शशि साहू, हर्षिका संभव जैन, खालिक रिजवी और उपायुक्त मोहेंद्र साहू उपस्थित रहे। आयुक्त सुमित अग्रवाल की अधिकारिता के अधीन आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में की गई अनुशंसा के आधार पर पदोन्नति दी गई है। सहायक राजस्व निरीक्षक से राजस्व उप निरीक्षक के पद पर ईश्वर वर्मा और थान सिंह यादव, राजस्व उप निरीक्षक से राजस्व निरीक्षक के पद पर निशांत यादव को पदोन्नत किया गया। महेंद्र कुमार धर्मकार को भृत्य पद से सहायक ग्रेड-3, भृत्य से सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर रमेश कुमार और गणेशराम सिन्हा को पदोन्नति दी गई। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि निगम के कर्मचारी ही शहर की व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के कारण ही नगर निगम की योजनाएं धरातल पर सफल हो पाती हैं। पदोन्नति आदेश जारी होने की तिथि से 15 दिवस के भीतर कर्मचारियों को पदोन्नत पद पर कार्यभार ग्रहण करना होगा।

ईडब्ल्यूएस की जमीन पर बनेगा सामुदायिक शौचालय : महापौर

■ सफाई व्यवस्था ठीक न होने पर जताई नाराजगी

रिसाली/नवप्रदेश। महापौर शशि सिन्हा ने वार्ड 29 लक्ष्मी नगर स्थित ईडब्ल्यूएस की जमीन को संरक्षित करते हुए सामुदायिक शौचालय का निर्माण करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने वार्ड के प्रभारी उपअभियंता को शीघ्र इस्टीमेट तैयार करने कहा है। महापौर ने नागरिकों से विकास के संबंध में भी चर्चा की। भ्रमण के दौरान नागरिकों ने वार्ड में सामुदायिक शौचालय के साथ अलग से यूरिनल बनाने की मांग की। महापौर शशि सिन्हा ने इसे गंभीरता से लेते हुए ईडब्ल्यूएस की जमीन पर शौचालय बनाने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। महापौर ने कर्मा भवन के निकट सुलभ शौचालय निर्माण करने के भी निर्देश दिए हैं। भ्रमण के दौरान महापौर के साथ स्वास्थ्य विभाग प्रभारी संजू नेताम, जहीर अब्बास, व अनिल देशमुख उपस्थित थे।

नागरिकों ने पेयजल समस्या को प्रमुखता से महापौर के समक्ष रखा। आमजनों का कहना था कि पिछले सात माह से पेयजल की समस्या बढ़ गई है। महापौर ने मोहन किराना के सामने बिछी पाइपलाइन को मुख्य पाइपलाइन में जोड़कर जल आपूर्ति करने कहा। नागरिकों ने शारदा विद्यालय गली स्थित शिव मंदिर में शीट लगाने और मोहन किराना के सामने टंकी निर्माण की मांग की है।

सफाई व्यवस्था पर फोकस

महापौर शशि सिन्हा ने वार्ड भ्रमण के दौरान वार्ड में सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने एजेंसी को संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। महापौर का कहना था कि वार्ड सुपरवाईजर सफाई कार्य की लगातार मॉनिटरिंग करें। किसी भी सूरत में गंदगी न होने देने की व्यवस्था करने कहा गया।

आज सीएम करेंगे 'आदान सहायता' का भुगतान

■ जिले के 1.06 लाख किसानों के खाते में जमा होंगे 407.89 करोड़ रुपये

■ तीनों विकासखंडों में आयोजित होगा कार्यक्रम

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में कृषक उन्नति योजनांतर्गत पंजीकृत धान एवं धान बीज उत्पादक कृषकों के लिए कल 28 फरवरी का दिन ऐतिहासिक होगा। दोपहर 12.30 बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा विकासखण्ड-बिल्हा, जिला-बिलासपुर से बटन दबाकर राज्य के 24.28 लाख किसानों को 10324.84 करोड़ रुपये की आदान सहायता राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। दुर्ग जिले के तीनों विकासखण्डों-दुर्ग, धमधा और पाटन में विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लगभग 1000 किसानों की उपस्थिति संभावित है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा हितग्राहियों से चर्चा भी की जाएगी। कार्यक्रमों के क्रम में विकासखण्ड पाटन में सांसद विजय बघेल, विकासखण्ड दुर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और विकासखण्ड-धमधा में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। योजनांतर्गत जिले के कुल 1,06,830 किसानों को 407 करोड़ 89 लाख 42 हजार रुपये का भुगतान किया जाएगा, जिसमें विकासखण्ड दुर्ग के 25,057 कृषकों को 87 करोड़ 3 लाख 3 हजार, वि. ख. पाटन के 44,122 कृषकों को 169 करोड़ 95 लाख 87 हजार और वि. ख. धमधा के 37,651 कृषकों को 150 करोड़ 90 लाख 54 हजार रुपये की राशि प्राप्त होगी। खरीफ 2025 में उपार्जित धान पर (कॉमन) 731 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 15,351 रुपये प्रति एकड़ और धान (ग्रेड-ए) पर 711 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 14,931 रुपये प्रति एकड़ की आदान सहायता दी जाएगी। अन्य फसल दलहन, तिलहन, मक्का या कपास लगाने वाले किसानों को 11,000 रुपये प्रति एकड़ तक की राशि प्रदान की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा सभी किसानों से इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

राष्ट्रीय सेवा योजनाः सात दिवसीय शिविर का समापन

दुर्ग/नवप्रदेश। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन विवि परिसर पोटियाकला में सम्पन्न हुआ। संयुक्त शिविर में शास.नवीन महाविद्यालय रिसाली, शास. आदर्श महाविद्यालय धनोरा, डॉ. खूबचंद बघेल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 और अपोलो कॉलेज अंजोरा के 200 स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद और मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना से किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने लक्ष्यगीत प्रस्तुत किया। सभी स्वयंसेवकों ने सुआ-डंडा नृत्य की सामूहिक प्रस्तुति दी। सरस्वती वंदना हंसा की सवारी दाई ओ पर सामूहिक नृत्य किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि महापौर अल्का बाघमार, अध्यक्षता विवि कुलपति डॉ संजय तिवारी, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग अनुपमा अस्थाना, कौशल साहू व हिरौंदी चंदानिया विशिष्ट अतिथि थे।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00039 बोरसी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104700043

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00039 के अंतर्गत ग्राम बोरसी के वर्तमान भूमिस्वामी गुरुदास पाल पिता/पति लक्ष्मण चंद्राकर पता एचआईजी 1/41 बोरसी जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 41/104 (0.0370) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता आकाश पाल पिता/पति स्व. गुरुदास पाल पता 41/38 ओल्ड बोरसी कालोनी एचआईजी 2/8, देबष्मिता मित्रा पिता/पति स्व. गुरुदास पाल पता 41/38 ओल्ड बोरसी कालोनी एचआईजी 2/8, देवजानी कोले पिता/पति स्व. गुरुदास पाल पता 41/38 ओल्ड बोरसी कालोनी एचआईजी 2/8, श्रीमती जयश्री पाल पिता/पति स्व. गुरुदास पाल पता 41/38 ओल्ड बोरसी कालोनी एचआईजी 2/8, शिल्पी दास पिता/पति स्व. गुरुदास पाल पता 41/38 ओल्ड बोरसी कालोनी एचआईजी 2/8 के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13.03.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.02.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर | **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-04 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.202602104100057 /अ-6अ/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ललिता पिता गणेश राम निवासी भरदागौंड, बुन्देली, राजनांदगांव तह. व जिला दुर्ग छग के द्वारा मौजा अंजोरा (बा), प.ह.नं. 1/4 रा.नि.मं.- नगपुरा तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 1432, 1615 रकबा 0.200, 0.200 है. कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.4000 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में संयुक्त रूप से दर्ज है। आवेदिका का विवाह होने के बाद अपने ससुराल में अपना नाम वंदना करा ली है जिसके अनुसार उनके आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, राशन कार्ड, वंदना के नाम से जारी हुआ है। आर्वेदिका उक्त राजस्व अभिलेख में ललिता बाई उर्फ वंदना पिता गणेश राम दर्ज किये जाने आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 12.03.26 तक स्वंय अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.02.2026 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एंव न्यायालय के पद मुद्रा से यह पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर | **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 20260210100209/अ-6अ/सन्- 2025-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00045 हे.

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- अमजत अली /अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजमत अली पिता/पति/विभाग स्व. रमजान अली पता-सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि खसरा नं. 1670/1 का टू. रकबा 0.006 है. जिसे आवेदक ने क्रय कर भूमि का नामांतरण कराकर ऋण पुस्तिका प्राप्त कर लिया है किंतु आऑनलाईन के खसरा, बी-1 में अपना दर्ज नहीं है का लेख करते हुए नाम दर्ज कर रिकार्ड अद्यतन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनाक 09.03.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है! निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.02.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर | **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 20260210100134 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती गीता अग्रवाल पति स्व. बांके बिहारी अग्रवाल निवा रायपुर द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि खसरा नं. 6000/2 रकबा 0.030 हे. भूमि आवेदक के पिता के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिस्वामी का नान विलोपित कर उनके विधिक वारीसानो का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 09.03.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर | **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल नगपुरा

सूचना पत्र/ सीमांकन

प्रति,

प्रवेश सांखला पिता श्री प्रकाशचंद सांखला मिलपारा दुर्ग

विषय :- नायब तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्रमांक 41/प्र.नाय. तह. /2025 दिनांक 22.12.2025

उपरोक्त ज्ञापन के परिपालन में ग्राम नगपुरा के आवेदक/भूमिस्वामी प्रवेश सांखला पिता श्री प्रकाशचंद सांखला के द्वारा ग्राम नगपुरा प.ह.न. 03 रा.नि.मं. नगपुरा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि का सीमांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार/ स्थल जांच हेतु आवेदित भूमि खसरा नं. 14 रकबा 0.470 हे. सीमांकन/स्थल जांच मेरे द्वारा किया जावेगा। चूंकि उक्त खसरा नं. से अभिलेखानुसार आपकी भूमि लगी हुई है।

अतः आप अपने समस्त दस्तावेज (रजिस्ट्री, ऋण पुस्तिका इत्यादि) के साथ मौके पर दिनांक 09.03.2026 को समय 12.00 बजे उपस्थित रहे।

चौहदी कृषक का नाम/ खसरा नं. :-

1. शशांक पाडे/ नर्मदा प्रसाद पाण्डे
2. सरोज पति ओमप्रकाश चंद्राकर न्यू आदर्श नगर
3. सगुन/ रामदयाल नगपुरा

मुहर | **राजस्व निरीक्षक नगपुरा**

नाम-परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का वास्तविक एवं सही नाम दुर्गेश्वरी बंधे (DURGESHWARI BANDHE) है जो कि मेरी पुत्री के शैक्षणिक, अर्द्धशासकीय, जन्म प्रमाण पत्र, शासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज है. परन्तु भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम दुर्गा बंदे (DURGA BANDE) दर्ज किया गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। भारत सरकार द्वारा जारी मेरी पुत्री के आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम दुर्गा बंदे (DURGA BANDE) दर्ज किया गया है जो कि त्रुटिपूर्वक है जिसे मैं भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम दुर्गेश्वरी बंधे (DURGESHWARI BANDHE) दर्ज करवाना चाहता हूँ जिस हेतु मुझे राजपत्र गजट प्रकाशन की आवश्यकता है।

शपथकर्ता
थान सिंह बंदे
पिता श्री राम लाल बंदे
निवासी-मकान नम्बर-54, घटियाखुर्द, दुर्ग,
तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)
पिन कोड-490036

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202602100400206 /अ-02/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नेहा सिंह पिता/पति श्री अमित कुमार सिंह निवासी 89/बी एचएससीएल कालोनी रुआबांधा भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे वर्णित ÷अनुसूची में उल्लेखित ग्राम, खसरा, रकबा भूमि के दर्शित प्रयोजन अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर के द्वारा जारी अधीसूचना दिनांक 22.12.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ भू- राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम 2025 में दिये गये निर्धारित प्ररूप-एक में भूमिस्वामी द्वारा भूमि उपयोग के व्यपवर्तन तथा स्वनिर्धारण की सूचना व घोषणा पत्र छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 यथासंशोधित 2022 की धारा 59/172 के तहत् इस न्यायालय में अन्य दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है :-

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	आवेदि.भू. खसरा नं.	रकबा हे. वर्गमीटर	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 रा.नि.मं उतई तह. व जिला दुर्ग	598/43	0.0160	आवासीय

अतएव उपरोक्त उपर वर्णित भूमि के व्यपर्वतन / पुर्ननिर्धरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा जारी होने की तिथि से 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति अथवा दावा स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति/अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि में दावा आपत्ति के पश्चात् दावा आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर | **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

थोक व्यापारियों की मूल्य नीति पर सवाल, बढ़े दामों से छोटे दुकानदारों में आक्रोश

■ अभी तक नगरी अंचल में एक भी कार्यवाही नही हुई

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गुटखा एवं अन्य तंबाकू उत्पादों की बढ़ी हुई कीमतों को लेकर छोटे व्यापारियों में असंतोष की स्थिति देखी जा रही है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि थोक स्तर पर अलग-अलग दरों पर माल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे खुदरा बाजार में असमान मूल्य की स्थिति बन रही है।

कुछ व्यापारियों का कहना है कि निर्धारित मुद्रित मूल्य (एमआरपी) के आसपास या उससे अधिक दर पर माल दिया जा रहा है। दुकानदारों के अनुसार, माल महंगे दाम पर मिलने से हमें भी उसी अनुपात में बेचना पड़ रहा है, जिससे ग्राहकों के साथ अनावश्यक बहस हो जाती है और हमारी साख प्रभावित होती है।

मूल्य सूची की जांच की मांग

छोटे व्यापारियों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि थोक विक्रेताओं की मूल्य सूची एवं आपूर्ति प्रक्रिया की जांच कर बाजार में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि यदि सभी दुकानों को एक समान दर पर सामग्री उपलब्ध कराई जाए तो अनावश्यक भ्रम और विवाद की स्थिति समाप्त हो सकती है।

कोटपा एक्ट के पालन पर भी सवाल

इसी दौरान क्षेत्र में चल रहे अभियान के बीच सिगरेट एवं गुटका (कोटपा एक्ट 2003) के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी चर्चा सामने आई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्कूलों, आंगनबाड़ियों और सार्वजनिक स्थलों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, नियमों के उल्लंघन पर संबंधित दुकानदारों को चेतावनी दी गई है तथा भविष्य में सख्त कार्रवाई की बात कही गई है।

स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार तंबाकू सेवन शरीर के लगभग हर अंग पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इससे मुंह, गले और फेफड़ों के कैंसर सहित हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता है। दंत एवं मसूड़ों की समस्याएं भी आम हैं। गर्भवती महिलाओं और बच्चों पर इसका विशेष रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रशासन से अपेक्षा स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने मांग की है कि मूल्य नियंत्रण एवं तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी पालन हेतु नियमित निरीक्षण अभियान चलाया जाए, ताकि बाजार व्यवस्था संतुलित रहे और आम जनता व छोटे व्यापारियों को राहत मिल सके।

न्यूज गैलरी

शराब पिलाने की व्यवस्था देने वाले तीन पर कार्रवाई

महासमुंद/नवप्रदेश। खल्लारी पुलिस ने लोगों को शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में तीन लोगों के विरूद्ध अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आंवराडबरी बोईरगांव कच्ची मार्ग किनारे चखना दुकान में लोगों को शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने संतोषी नगर भीमखोज थाना निवासी शंकर ध्रुव (35) आंवराडबरी में खेत के पास चखना ठेला में लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने पर ग्राम रामसागरपारा बीकेबाहरा निवासी सियाराम गोंड (39) तथा ग्राम आंवराडबरी में ही कलिंगा के खेत के पास चखना ठेला संचालक ग्राम रामसागरपारा बीकेबाहरा निवासी तुलाराम नागवंशी (30)के खिलाफ कार्रवाई की गई। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 36 सी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

दिशा की बैठक 6 मार्च को

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक 6 मार्च को आयोजित होगा। बैठक लोकसभा क्षेत्र महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न होगी। बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

पेंशनरों का होली मिलन 5 को

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा महासमुंद ने मंगलवार को श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। पश्चात श्री हनुमान जी की आरती फिर भारत माता की आरती की गयी। आरती पश्चात सामयिक विषयों पर बौध्दिक चर्चा की कड़ी में जल की उपयोगिता एवं जल प्रदूषण पर वरिष्ठ पेंशनर बसंत चंद्राकर ने बड़े सहज व सरल ढंग से अपनी प्रस्तुति दी। प्रति मंगलवार हनुमान चालीसा के पाठ से निश्चित रूप से पेंशनरों में जागरूकता आयी है। प्रत्येक माह की 5 तारीख को होने वाली मासिक बैठक में इस बार होली उत्सव मनाया जाएगा। जिसमें नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। चालीसा पाठ में अशोक गिरि गोस्वामी जिला अध्यक्ष पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा महासमुंद,कार्यकारी अध्यक्ष रघुनाथ सिन्हा, बसंत चंद्राकर,के के चंद्राकर,चमन चंद्राकर मन्नू साहू, चिंतामणि चंद्राकर, सतीस पांडेय, जे एल साहू, भाव सिह नेताम, भानूप्रसाद सूर्यवंशी, कमलेश चंद्राकर, चमन चंद्राकर, गजानंद चंद्राकर बीआर ध्रुव, मनराखन ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

6 मार्च तक दावा आपत्ति आमंत्रित

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत जिला पंचायत महासमुंद के जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में स्वीकृत रिक्त 02 संविदा पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसमें संकाय सदस्य एवं लेखापाल के एक-एक पद शामिल है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि प्राप्त आवेदनों का कम्प्यूटर इंद्राज एवं प्रारंभिक जांच उपरांत, जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा परीक्षण एवं अनुमोदन के पश्चात पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की प्रारंभिक सूची तैयार की गई है। उक्त सूची में लिपिकीय त्रुटियों के निराकरण हेतु अभ्यर्थियों से दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 27 फरवरी से 06 मार्च 2026 तक सायं 5 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय जिला पंचायत महासमुन्द के आवक-जावक शाखा में निर्धारित प्रारूप में अपनी दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। दावा-आपत्ति हेतु आवेदन का प्रारूप एवं पात्र, अपात्र सूची का अवलोकन जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर किया जा सकता है।

4 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

महासमुंद/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा होली पर्व (जिस दिन रंग खेला जाएगा) के अवसर पर बुधवार 04 मार्च 2026 को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी क्रम में महासमुंद जिले में भी उक्त दिवस पर मदिरा विक्रय एवं संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए निर्देश दिए हैं कि जिले में स्थित देशी एवं विदेशी मदिरा की समस्त फुटकर दुकानें, रेस्टोरेंट बार, होटल बार, क्लब तथा समस्त अनुज्ञापत्रधारी परिसर जैसे सी.एस.-2 (घघ), सी.एस.-2 (घघ कम्पोजिट), एफएल.1 (घघ), एफएल.-1 (घघ कम्पोजिट), सी.एस.-2 (ग-अहाता), सी.एस.-2 (ग-अहाता कम्पोजिट अहाता), एफएल.-1 (ख-अहाता), एफएल.-1 (कम्पोजिट अहाता), एफएल.-3 एवं देशी मद्य भंडारण भांडागार महासमुंद को 04 मार्च को पूर्णतः बंद रखा जाएगा।

होली से पहले नपा कर्मचारियों के लिए राशि जारी : देवीचंद

महासमुंद/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने महासमुंद नगर पालिका के नियमित व प्लेसमेंट कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए 8813 लाख रुपए जारी की है। साथ ही शासन द्वारा चुंगीपूर्ति की तिमाही किस्त की राशि

8 लाख रुपए नगर पालिका को प्राप्त हुआ है। इस तरह कुल लगभग 96 लाख रुपए प्राप्त हुए। नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने बताया कि नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों को तीन माह से वेतन भुगतान न होने की जानकारी उन्होंने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को दी थी। विधायक सिन्हा ने नगरीय प्रशासन मंत्री से कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लिए आग्रह पर 88 लाख रुपए इन्हीं शर्तों पर द्वारा दिया गया था।

हाई-टेक पिचकारियां आकर्षण का केंद्र, 4 मार्च को रंगों का त्योहार

होली त्योहार से पहले बाजार हुआ गुलजार

महासमुंद/नवप्रदेश। होली इस बार नगरवासियों के लिए खास होने वाली है। अब हर कोई बस इंतजार कर रहा है उस दिन का, जब पूरा शहर रंगों में सराबोर होकर एक-दूसरे को गले लगाकर कहेगा-'बुरा न मानो, होली है! रंगों का पावन पर्व होली 4 मार्च को मनाई जाएगी लेकिन अभी से शहर में इसकी खुमारी अभी से दिखाई देने लगा है।

बता दें कि रंगों के इस त्यौहार को लेकर गलियों से लेकर मुख्य बाजारों तक रंग, गुलाल और उमंग की बहार छाई हुई है। शहर के स्वामी चौक, नेहरू चौक, तहसील चौक और बारोंडा चौक जैसे प्रमुख चौक-चौराहों के अलावा बाजार अंदर व्यापारिक केंद्रों में होली का बाजार पूरी रौनक के साथ सज चुका है। हर ओर रंगों की खुशबू, पिचकारियों की चमक आगामी होली त्योहार के लिए उत्साह बना रही है। इस बार बाजार में परंपरा और तकनीक का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। खासकर इलेक्ट्रॉनिक गन पिचकारियों ने बच्चों और युवाओं के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। बटन दबाते ही तेज बौछार करने वाली ये हाई-टेक पिचकारियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इनकी कीमत 450 रुपये से शुरू होकर 1200 रुपये तक जा रही है। वहीं बजट का ध्यान रखने वालों के लिए 30 रुपये से 500 रुपये तक की सामान्य पिचकारियां भी उपलब्ध हैं, जिससे हर वर्ग के लोग होली का आनंद ले सकें।बच्चों को लुभाने के लिए बाजार में शेर, भालू, बंदर, बिल्ली और लोमड़ी जैसे वन्यजीवों के मुखौटे तो हैं ही, साथ ही लोकप्रिय कार्टून पात्रों के मुखौटे भी खूब बिक रहे हैं। ये मुखौटे बच्चों को होली के रंग में और भी मस्ती से सराबोर कर रहे हैं।

रंग-बिरंगे विग और टोपियां

रंगों से बालों को सुरक्षित रखने के लिए रंग-बिरंगे हेयर विग और फैंसी टोपियों की मांग भी बढ़ गई है। काले विग की जगह अब नीले, हरे और गुलाबी रंग के विग युवाओं की पहली पसंद बन गए हैं। साथ ही राजस्थानी पगड़ी और आकर्षक टोपियां बाजार की शोभा बढ़ा रही हैं। दुकानदारों का कहना है कि जैसे-जैसे होली की तारीख नजदीक आएगी, ग्राहकों की भीड़ और बढ़ेगी। फिलहाल बाजार में इलेक्ट्रॉनिक पिचकारियों और यूनिक गैजेट्स ने होली को हाई-टेक अंदाज दे दिया है, जिससे इस बार रंगों का यह त्योहार और भी यादगार बनने जा रहा है।

संदेशों से सजी टी-शर्ट

बाजार में आधुनिकता के साथ परंपरा की झलक भी दिखाई दे रही है। वीणा, सारंगी और तानपुरा की आकृति वाली आकर्षक पिचकारियां लोगों को खूब भा रही हैं। ये न केवल देखने में सुंदर हैं, बल्कि होली खेलने के अनुभव को भी खास बना रही हैं। इस बार विशेष गुलाल सिलेंडर भी बाजार में उपलब्ध हैं। इनमें 1 से 5 किलो तक गुलाल भरा जा सकता है, जिसे एक झटके में हवा में उड़ाकर रंगों की बारिश की जा सकती है। सफेद रंग की खास होली टी-शर्ट भी युवाओं के बीच खासा आकर्षण बटोर रही हैं। 'होली मुबारक' और 'बुरा न मानो होली है' जैसे संदेशों से सजी ये टी-शर्ट पूरी तरह वॉशेबल हैं, जिससे होली के बाद भी इन्हें दोबारा पहना जा सकता है।

बोरई चेकपोस्ट पर 120 क्विंटल धान से भरा ट्रक पकड़ाया, जब्त

■ मंडी एक्ट के तहत कार्रवाई

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड खण्ड के अंतिम छोर जांच नाका पर दिन बुधवार को रात्रि में ग्राम बोरई स्थित वनोपज नाका चेकपोस्ट पर बिना वैध दस्तावेज के धान का अवैध परिवहन करते एक ट्रक को पकड़ा गया। जांच के दौरान ट्रक में लगभग 120 क्विंटल (करीब 300 कट्टा) धान परिवहन करते पाया गया।

जिसमे मौके पर उपस्थित राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी विभाग के अधिकारियों द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए धान को जब्त किया गया। जांच में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर संबंधित ट्रेडर्स के

संचालक कुन्नू नायक, निवासी उमरकोट (उड़ीसा) के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना वैध दस्तावेज कृषि उपज का परिवहन करना नियमों का उल्लंघन है तथा इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

युवक से 12 लीटर महुआ शराब बरामद

महासमुंद/नवप्रदेश। तेंदूकोना पुलिस ने ग्राम कलमीझर मार्ग में मुक्तिधाम के पास शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने घोंच निवासी दिलीप निर्मलकर (32) के कब्जे से करीब 12 लीटर हाथ भठ्ठी निर्मित महुआ शराब (कीमत करीब 2400 रुपए) बरामद की। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

मौसम की मार से किसान चिंतित, फसलों पर कीट प्रकोप बढ़ा

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड क्षेत्र में हाल ही में मौसम के अचानक खराब होने से रबी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। असमय वर्षा, बादल छाए रहने और मौसम में लगातार बदलाव के कारण दलहन, तिलहन, गेहूं, चना सहित अन्य फसलें प्रभावित हुई हैं। इससे क्षेत्र के किसानों के चेहरों पर चिंता साफ झलक रही है।

नगरी क्षेत्र के किसान महेश नेताम, रामलाल एवं हरिराम ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने कड़ी मेहनत और अधिक लागत लगाकर खेती की थी। विशेष रूप से सौर ऊर्जा के माध्यम से सिंचाई कर रबी फसल—दलहन, तिलहन, गेहूं और चना—की अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, जिससे करीब एक लाख रुपये तक अतिरिक्त आमदनी होने की संभावना थी।

लेकिन मौसम की मार ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। कई खेतों में फसलें झुलस गई हैं, वहीं कुछ स्थानों पर जलभराव से उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इसके साथ ही बदलते मौसम के कारण खेतों में कीट प्रकोप भी तेजी से बढ़ गया है, जिससे किसानों को बार-बार महंगी दवाइयों का छिड़काव करना पड़ रहा है। इससे लागत और बढ़ गई है।

किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों का शीघ्र सर्वे कराया जाए, वास्तविक नुकसान का आकलन कर उचित राहत राशि प्रदान की जाए, ताकि उन्हें आर्थिक संबल मिल सके।

11 लीटर महुआ मदिरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

■ अवैध शराब पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

पिथौरा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने वृत्त पिथौरा में अवैध शराब बिक्री पर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। दिनांक 26 फरवरी 2026 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर बुंदेली चौकी के अंतर्गत ग्राम सराईपाली में दबिश दी गई, जहाँ अवैध शराब के संग्रहण और विक्रय के मामले में एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

आबकारी विभाग की टीम ने मौके से चमार राम उर्फ गूंडा को अवैध रूप से महुआ शराब का अधिपत्य रखते हुए पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 11 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 2200/- रुपये बताई जा रही है। विभाग द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क)च, 34(2), एवं 59(क) के तहत कायम प्रकरण संख्या-01 दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि धारा 34(2) के तहत की गई यह कार्रवाई गैर-जमानती श्रेणी में आती है।

उक्त कार्यवाही नीरज कुमार साहू (आबकारी उपनिरीक्षक, वृत्त पिथौरा) एवं उनके स्टॉफ द्वारा की गयी है । अधिकारी नीरज साहू ने कहा क्षेत्र में अवैध मदिरा के निर्माण और परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए निरंतर गश्त और निगरानी की जा रही है।

धमधा क्षेत्र में शिवनाथ नदी में बढ़ता प्रदूषण बना संकट

■ मछलियों की मौत से क्षेत्र में दहशत, पेयजल पर भी मंडराया खतरा

धमधा/नवप्रदेश। धमधा क्षेत्र से होकर बहने वाली शिवनाथ नदी में बढ़ते प्रदूषण ने गंभीर स्थिति पैदा कर दी है। नदी में बड़ी संख्या में मछलियों के मरने की घटना सामने आने के बाद ग्रामीणों में हड़कंप की स्थिति है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से नदी किनारे मृत मछलियाँ पड़ी हुई देखी जा रही हैं। इससे आसपास के क्षेत्र में बदबू फैल रही है और लोगों में भय व चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि नदी में लगातार प्लास्टिक, घरेलू कचरा एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थ फेंके जा रहे हैं, जिससे जल दूषित हो रहा है और जलीय जीवों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं।

पेयजल आपूर्ति पर उठे सवाल

गौरतलब है कि उक्त नदी से ही पंचायत क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति की जाती है। ऐसे में पानी की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते पानी की जांच एवं सफाई नहीं कराई गई तो जलजनित बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ सकता है।

जांच व कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से नदी के जल की तत्काल जांच कराने, सफाई अभियान चलाने तथा कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही नियमित निगरानी व्यवस्था लागू करने पर भी जोर दिया है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो।

पिथौरा में युवा कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

पिथौरा/नवप्रदेश। कोम्प्रोमाईज़ पीएम के खिलाफ सवाल पूछने पर केंद्र सरकार द्वारा युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब जी सहित युवा साथियों को गिरफ्तार करने के खिलाफ बसना विधानसभा के पिथौरा में युवा कांग्रेस एवं महिला कांग्रेस द्वारा क्रूमोदी का पुतला दहन किया गया बसना विधानसभा यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष कौशल रोहिल्ला एवं नगर पंचायत पिथौरा की पार्षद हेमलता सागर निषाद नेतृत्व में हुआ जिसमें प्रमुख नगर पंचायत पिथौरा के पार्षद प्रफुल्ल राजपूत नगर पंचायत पिथौरा के पार्षद टेकु साहू पार्षद प्रत्याशी नवनीत निषाद जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस दुर्गासागर ब्लॉक अध्यक्ष लता ठाकुर,महिला कांग्रेस की रीमा यादव,आसमती सिन्हा, पुष्पा निषाद,यशु यादव मिंकु आजमानी जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस चैतन्य साहू जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस खिलेश ठाकुर जिला महासचिव महासमुंद विक्की गुप्ता बसना विधानसभा उपाध्यक्ष गीतेश चौधरी बसना विधानसभा उपाध्यक्ष साजिद खान बसना विधानसभा महासचिव दीपक प्रधान, प्रियांशु रंजन कोसरिया आदि उपस्थित रहे।

प्रदर्शन: 27 हजार बच्चे पोषण आहार से वंचित, टीकाकरण, पोषण ट्रैकर और शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा भी प्रभावित, अधिकारी नदारद रहे

गुस्साएं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाएं, एसडीएम कार्यालय में दिया धरना

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहीं। ज्ञापन सौंपने एसडीएम कार्यालय पहुंचीं हड़ताली महिलाएं अधिकारियों की गैरमौजूदगी से आक्रोशित हो गईं और परिसर में ही धरना देकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस हड़ताल से जिले के 27 हजार बच्चे पोषण आहार से वंचित रहे।

छत्तीसगढ़ जूझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका कल्याण संघ सहित संयुक्त मंच के बैनर तले जिले की 3600 कार्यकर्ता और सहायिकाएं हड़ताल में शामिल थीं। समापन से पहले कर्मचारी भवन से रैली निकालकर वे तहसील कार्यालय पहुंचीं। अधिकारियों के नदारद रहने पर उन्होंने कार्यालय परिसर में ही धरना दिया। संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि ज्ञापन सौंपने की सूचना पहले ही दी गई थी। कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने अधिकारियों को इसकी सूचना दी और महिलाओं को समझाने का प्रयास किया। काफी समझाइश के बाद महिलाएं कार्यालय के कर्मचारियों को ज्ञापन सौंपने पर राजी हुईं। इस दो दिवसीय हड़ताल के कारण जिले के 1800 आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहे। हड़ताल के चलते बच्चों का टीकाकरण, पोषण ट्रैकर और शाला पूर्व अनौपचारिक शिक्षा (ईसीसीई) भी प्रभावित हुई। हड़ताल के दूसरे दिन बागबाहरा नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल, नपा उपाध्यक्ष देवेश साहू, पार्षदगण पोखराज साहू, नवनीत सिंह सलूजा, लोकेश उईके, बागबाहरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष लखबीर सिंह छाबड़ा, युवा कांग्रेस प्रभारी ताम्रध्वज बघेल, अंकित बागबाहरा धरना स्थल पर समर्थन देने पहुंचे। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की मांगों को जायज ठहराते हुए कांग्रेस सरकार में शासकीय कर्मचारी घोषित करने की मांग उठाने का आश्वासन दिया है। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के पदाधिकारी भी धरना स्थल पर मौजूद रहे।

आंगनबाड़ी कर्मचारियों की संघ की चेतावनी

छग जूझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका कल्याण संघ के जिलाध्यक्ष सरोज चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष अनंता पाण्डेय, रेखा ठाकुर, नंदिनी साहू, खिलेश्वरी यादव, कृष्णा महानंद, रामेश्वर साहू, रवीना साहू, चंद्रिका यादव, रेखा साहू, पूजा रानी सलूजा, ज्योतिषना महानंद का कहना है, 'काम के समय हमें शासकीय कर्मचारियों से अधिक जिम्मेदार माना जाता है, लेकिन अधिकार और सुरक्षा शून्य है। संघ का कहना है मांग पूरी नही होती है तो 9 मार्च को विधानसभा का घेराव किया जाएगा। इसके बाद भी कोई सुनवाई नही होने पर आगे अनिश्चितकालीन धरान प्रदर्शन के लिए संघ बाध्य होंगे।

वनों में अग्नि दुर्घटना की रोकथाम करने नुक्कड़ नाटक

■ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से चलाया जा रहा जनजागरूकता अभियान

कवर्धा / नवप्रदेश। वनों को अग्नि के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखने और प्रभावी अग्नि प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु वनमंडल अधिकारी, कवर्धा द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वन क्षेत्रों में फायर लाइन की कटाई-सफाई, फायर वाचर्स की नियुक्ति और आग की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल नियंत्रण की समुचित व्यवस्था की गई है।बेहतर समन्वय एवं त्वरित कार्यवाही हेतु वनमंडल कार्यालय, कवर्धा में फॉरेस्ट फायर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वन अग्नि की किसी भी घटना की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 07741-232230 पर दें।

वेबसाइट पर समस्त क्षेत्रीय अधिकारियों और कर्मचारियों के मोबाइल नंबर पंजीकृत हैं। उपग्रह द्वारा प्राप्त अग्नि बिंदुओं की सूचना संबंधित क्षेत्रीय अधिकारी/कर्मचारियों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर तत्काल प्रेषित की जाती है, जिससे त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। अग्नि नियंत्रण हेतु वनमंडल के समस्त वन परिक्षेत्रों में कुल 69 फायर ब्लोअर उपलब्ध कराए गए हैं।वन अग्नि की

रोकथाम के लिए महुआ वृक्षों की ब्लेजिंग कर कंट्रोल बर्निंग, ग्रामों में मुनादी, दीवार लेखन, पोस्टर चस्पा, विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन और सरपंच व संयुक्त वन प्रबंधन समिति अध्यक्षों को पोस्टकार्ड के माध्यम से अपील जैसी नवाचारी पहल की जा रही है। इसके अतिरिक्त नुक्कड़ नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी जनजागरूकता बढ़ाई जा रही है।

अंचल के प्रसिद्ध कलाकारों के दल आस्था कला मंच कबीरधाम द्वारा अग्नि सुरक्षा पर आधारित गीत-नाटक-संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। 24 फरवरी से 26 फरवरी 2026 तक बोडला विकासखंड के 10 ग्राम प्रभुझोला, बेंदा, चोरभट्ठी, तेलीटोला, कनहारी, रोल, मुडवाही, बांधा, केसदा व छपरी (भोरमदेव) में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें प्रत्येक ग्राम से लगभग 200 से 250 ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही।आस्था कला मंच कबीरधाम के संचालक गुरुदास मानिकपुरी ने बताया कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को वन अग्नि से होने वाली पर्यावरणीय व आर्थिक क्षति की जानकारी दी जा रही है ।

न्यूज गैलरी

13 दुकानों पर कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही

खैरागढ़ / नवप्रदेश। नशे के कारोबार के खिलाफ पुलिस ने राष्ट्रीय तम्बाकू उत्पाद नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी की टीम के साथ विभिन्न प्रतिष्ठानों, पान ठेलों और गुमटियों का आकस्मिक निरीक्षण किया। कुछ प्रतिष्ठानों में युवाओं को नशे के लिए उपयोग होने वाली तम्बाकू सामग्री नियम विरुद्ध तरीके से बेचने की शिकायत प्रमाणित पाए जाने पर कार्रवाई की गई। 13 दुकानों में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री संबंधी नियमों का पालन न करने पर कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। 3 दुकानदारों के पास से प्रतिबंधित गो-गो/रोलिंग पेपर जप्त किया गया। इसका उपयोग सिगरेट जॉइंट बनाने में किया जाता है। पूछताछ के दौरान संबंधित दुकानदारों से सामग्री के सप्लायरों के संबंध में जानकारी एकत्र की गई है। संबंधित सप्लायरों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

खाद्य विभाग की टीम ने किया खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण

राजनांदगांव / नव प्रदेश। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा आगामी होली पर्व के दृष्टिगत चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के साथ डोंगरगांव विकासखंड के विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से माध्यम से डोंगरगांव व अर्जुनी से विभिन्न खाद्य पदार्थों के 88 नमूने संकलित कर मौके पर जांच की गई। 3 नमूने अमानक पाए गए। 2 नमूनों के लेबल में त्रुटि मिली। खाद्य कारोबारियों को नियमानुसार सही खाद्य पदार्थ विक्रय करने और विनिर्माण करने निर्देशित किया गया।

होली पर हुड़दंग रोकने संवेदनशील इलाकों में होगी लगातार पेट्रोलिंग

खैरागढ़ / नवप्रदेश। शहर में होली का पर्व शांति और सद्भाव से मनाए जाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में विभिन्न निर्णय लिए गए। बैठक में एसडीएम टंकेश्वर साहू, थाना प्रभारी अनिल शर्मा सहित विभिन्न संघ संगठनों के पदाधिकारी नागरिक सहित अन्य मौजूद रहे। बैठक मे दो मार्च को होलिका दहन और चार मार्च को होली रंग पर्व के दौरान पुलिस, स्वास्थ्य और नगरपालिका प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था पर चर्चा के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। शहर के चौक चौराहों पर पुलिस जवानों की तैनाती, हुड़दंग रोकने पुलिस पेट्रोलिंग सहित संवेदनशील जगहों पर सतत मानिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। शहर में होली पर्व के दौरान लगने वाली दुकानों को सड़कों से निर्धारित दूरी पर लगानेकहा गया, ताकि यातायात व्यवस्था बाधित न हो सके।

होली के पूर्व अन्नदाता किसानों को मिलेगी महत्वपूर्ण सौगात

बालोद/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के अन्नदाता किसानों की मेहनत का सम्मान करते हुए होली त्योहार के पूर्व महत्वपूर्ण सौगात दी जा रही है। राज्य शासन द्वारा कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत राज्य के पंजीकृत किसानों को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतर की राशि का वितरण किया जाएगा। शनिवार को प्रदेश के प्रत्येक विकासखण्डों में आयोजित वृहद कार्यक्रम के माध्यम से राशि अंतरित की जाएगी। राज्य शासन द्वारा प्रदेश में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखण्ड में अपरान्ह 12.30 बजे से किया जा रहा है। 'कृषक उन्नति योजना' के अंतर्गत बालोद जिले के 1 लाख 48 हजार 293 किसानों के खाते में समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान की अंतर की 511 करोड़ 11 लाख 6 हजार रुपये की राशि एकमुश्त अंतरित की जाएगी।

700 से अधिक अधिकारी व जवान होंगे मुस्तैद

होली पर्व पर राजनांदगांव में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था

– गश्त, फ्लैग मार्च एवं विशेष निगरानी

आमजन में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने प्रमुख क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला जाएगा। पैदल गश्त, बाइक पेट्रोलिंग टीम, मोबाइल फ्लाइंग स्क्वॉड निरंतर भ्रमणशील रहेंगे, जिससे त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सके। सिविल ड्रेस में महिला एवं पुरुष पुलिस कर्मियों की तैनाती कर असामाजिक तत्वों पर गोपनीय नजर रखी जा रही है। भीड़भाड़ और संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाएगी, जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति पर तत्काल नियंत्रण किया जा सके।– नियंत्रण एवं मॉनिटरिंग व्यवस्था–जिला स्तर पर 24 घंटे मॉनिटरिंग के लिये विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो एक राजपत्रित अधिकारी के अधीन संचालित रहेगा।

एसपी के निर्देशन में असामाजिक तत्वों पर करारा प्रहार

राजनांदगांव / नव प्रदेश। होली पर्व के अवसर पर जिले में शांति, सौहार्द और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा के निर्देशन में व्यापक और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा त्यौहार के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण व त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु समन्वित कार्ययोजना तैयार की गई है।

होली पर्व के पूर्व समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा कोटवार, सरपंच, जनप्रतिनिधि, शांति समिति सदस्य और व्यापारियों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष बैठकें लेकर सामुदायिक समन्वय स्थापित किया गया है। होटल, लॉज, ढाबा, बार व रिसॉर्ट संचालकों को सत्यापन व निगरानी संबंधी निर्देश दिये गए हैं।

जिले को चार जोन शहरी, अर्ध-शहरी, ग्रामीण व बॉर्डर क्षेत्र में विभाजित कर अलग-अलग रणनीति तैयार की गई है। प्रमुख चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर फिक्स्ड प्वाइंट ड्यूटी लगाई गई है। संवेदनशील और बदमाश प्रवृत्ति वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। जिले के एंट्री-एग्जिट प्वाइंट, प्रमुख चौक और स्थैतिक बिंदुओं पर सशस्त्र बलों की तैनाती की गई है। आवश्यकता अनुसार दंगा नियंत्रण टीम व रिजर्व बल को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

- असामाजिक तत्वों और अपराधियों पर सख्त कार्यवाही

पूर्व में आर्म्स एक्ट, धारा 107/116, 151 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई किए गए बदमाशों की सूची तैयार कर उनकी सघन सत्यापन एवं निगरानी की जा रही है।

दो दिन की तालाबंदी कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिकाओं ने निकाली रैली

खैरागढ़ / नव प्रदेश। नियमितीकरण सहित अन्य मांगो को लेकर दो दिवसीय हड़ताल के कारण जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में गुरूवार और शुक्रवार को तालाबंदी की स्थिति रही। जिले भर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं अपनी मांगो को लेकर शहर के ईतवारी बाजार स्थित धरना स्थल पर मांगो को लेकर आवाज बुलंद करती रही। शुक्रवार को आंदोलन के दूसरे दिन सुबह प्रदेश सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने रैली निकाल कर कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिले भर से कार्यकर्ता और सहायिकाएं धरना प्रदर्शन मे शामिल हुए। मांगो के पूर्ण न होने, शासन द्वारा समुचित व्यवस्था न करने पर विधानसभा घेराव की चेतावनी भी दी ।

फागुन महोत्सव के चतुर्थ दिवस श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ

– गुरप्रीत सिंह और रानी कौर की सुमधुर वाणी से गूंजेगा उदयाचल प्रांगण

राजनांदगांव / नव प्रदेश। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आयोजित चार दिवसीय 31 वें फागुन महोत्सव के चतुर्थ दिवस फागुन शुक्ल द्वादशी शनिवार 28 फरवरी को श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। पाठ का सुमधुर संगीतमय वाचन कोलकाता के परम श्याम सेवक गुरप्रीत सिंह व श्याम दिवानी रानी कौर द्वारा किया जाएगा।

श्री श्याम परिवार मंडल के सुशील अग्रवाल ने बताया कि फागुन महोत्सव के चतुर्थ दिवस फागुन शुक्ला द्वादशी, शनिवार 28 फरवरी को कोलकाता की श्याम सेवक गुरप्रीत सिंह एवं श्याम दिवानी रानी कौर की सुमधुर वाणी से संगीतमय सुमधुर श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ व भजन का कार्यक्रम आयोजित है, जिसमें संस्कारधानी की लगभग 108 से अधिक माता-बहने और बंधु सामूहिक रूप से श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का वाचन करेंगे। इस दौरान अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी जिसमें सभी भक्तों को आहुति प्रदान करने का अवसर प्राप्त होगा। चतुर्थ दिवस श्रृंगार के सेवार्थी विजय अग्रवाल व पवन अग्रवाल (डोंगरगढ़), छप्पन भोग के सेवार्थी शिव सिद्धार्थ अग्रवाल (शांति ट्रेडर्स) व पान भोग के सेवार्थी मनीषा कार्तिक अग्रवाल है।

श्री श्याम परिवार मित्र मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव के तृतीय दिवस फागुन शुक्ल एकादशी को कोलकाता की श्याम दीवानी जानवी शर्मा, श्याम दीवानी निशा सोनी व परम श्याम सेवक रवि बेरीवाल ने श्याम प्रभु के भाव पूर्ण और ओजस्वी भजनों के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को भाव विभोर कर दिया। फागुनी मस्ती से भरे ओजपूर्ण भजनों के गायन को सुनकर भक्त माता-बहनें व बंधु झूमते रहे। इस दौरान लगातार इत्र, केशर, गुलाब जल की फुहार और फूलों की बौछार भक्तों पर होती रही। सभी भक्तों ने अत्यंत आनंद की अनुभूति प्राप्त की। अखंड ज्योति में उपस्थित सभी भक्तों ने श्रद्धा भक्ति के साथ अपनी आहुति प्रदान की।

गज़ल-गीत गायक मास्टर मदन को समर्पित कार्यक्रम : शिक्षकों और छात्रों ने दी शानदार प्रस्तुति

खैरागढ़ / नवप्रदेश। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में कुलपति लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य में श्रुति मंडल द्वारा संगीतमय संध्या भारत के स्वतंत्रता-पूर्व युग के विलक्षण गज़ल व गीत गायक मास्टर मदन को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मास्टर मदन के प्रभावशाली जीवन-वृत्त पर प्रकाश डालते हुए उनके अद्वितीय गायन कौशल और अल्पायु में संगीत जगत को दिए गए अमूल्य योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में प्रथम प्रस्तुति कथक नृत्य की रही, जिसे साराक्षी सक्सेना ने प्रस्तुत किया। संगत में शफीक हुसैन सारंगी, विवेक देशमुख तबला, रोशन साहू गायन और मौलश्री सिंह पढ़ंत की सहभागिता रही। द्वितीय प्रस्तुति भरतनाट्यम नृत्य में बिन्दु नायर ने उत्कृष्ट अभिव्यक्ति और सधी हुई मुद्राओं के साथ प्रस्तुत कर दर्शकों की तालियां बटोरी। तृतीय प्रस्तुति ओड़िसी नृत्य पर आधारित नृत्य-नाटिका श्री कृष्णा तुभ्यं नमः की रही। इसका निर्देशन ओड़िसी विभाग के सहायक प्राध्यापक सुशांत कुमार दास ने किया। प्रस्तुति में सुशांत कुमार दास, पूनम गुप्ता, हिमानी सारथी, अनन्या इक्का, दुर्गेश्वरी पाल, सुधा योजन, जया निर्मलकर, प्रज्ञा प्रसाद और हिना दास ने सामूहिक रूप से प्रदर्शन किया। अंतिम प्रस्तुति सुगम संगीत में संगीत संकाय के अधिष्ठाता डॉ. नमन दत्त ने प्रस्तुत किया। संगत में डॉ. शिवनारायण मोरे तबला, सुगम शिवाले हारमोनियम और चिन्मय निषाद गिटार उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति लवली शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का सशक्त मंच मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास और उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया ।

शहर की सड़कों पर अंधेरा, कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकालकर किया विरोध प्रदर्शन

खैरागढ़ / नवप्रदेश। नगर के प्रमुख मार्गों पर स्ट्रीट लाइटें बंद रहने से अंधेरा होने पर कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकालकर नगरपालिका प्रशासन के विरोध में प्रदर्शन किया। बीते दो माह में रात्रि के समय हुई सड़क दुर्घटनाओं और लगातार हो रही मौतों को लेकर शहर कांग्रेस ने नगर पालिका और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए।

शीघ्र ही प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त न करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई।शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरुण भारद्वाज के नेतृत्व में सिविल लाइन स्थित पूर्व सांसद देवव्रत सिंह की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर चौक से कैंडल मार्च निकालते हुए कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा तक पहुंचे। यहां 20 वार्डों में व्याप्त अंधेरे के प्रतीक स्वरूप 20 कैंडल जलाकर सांकेतिक विरोध दर्ज कराया गया।

विधायक भावना बोहरा ने बहुप्रतीक्षित दशरंगपुर से खंडसरा सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

– पंडरिया विधानसभा में विकास की नई राह

पंडरिया / नवप्रदेश। विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र में लगातार जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने के साथ ही सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। आज क्षेत्रवासियों की एक और बहुप्रतीक्षित मांग पूरी की गई। विधायक भावना बोहरा ने ग्राम दशरंगपुर में 3 करोड़ 3 लाख 68 हजार रुपए की लागत से दशरंगपुर से खंडसरा तक 3 किलोमीटर सड़क व पुल-पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को विकास की सौगात के लिए बधाई दी।

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यों की निरंतर श्रृंखला डबल इंजन भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। यह सड़क पंडरिया विधानसभा के विकास का मजबूत आधार है। यह क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे हमारी भाजपा सरकार ने गंभीरता से लेते हुए स्वीकृति प्रदान की।भावना ने कहा कि वर्तमान समय में पंडरिया विधानसभा अंतर्गत लगभग 400 किलोमीटर से अधिक के सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। पंडरिया विधानसभा का कोई भी गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे।, इसके लिये लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सड़क, सिंचाई, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। क्षेत्र विकास की नई दिशा में अग्रसर हो रहा है।

इस सड़क के निर्माण से ग्राम दशरंगपुर और खंडसरा सहित आसपास के कई गांवों को बारहमासी सड़क सुविधा व शहर व नगर से कनेक्टिविटी मिलेगी। किसानों को अपनी उपज मंडी तक पहुंचाने में समय और लागत की बचत होगी। स्कूल, अस्पताल व बाजार तक सुगम संपर्क स्थापित होगा। आपातकालीन सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित होगी और ग्रामीण व्यापार, व्यापारियों और लघु उद्यमों को प्रोत्साहन मिलने के साथ ही क्षेत्र में सामाजिक व आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। यह सड़क आने वाले समय में ग्रामीण परिवेश में निवासरत परिवारों के लिए विकास का पथ सिद्ध होगा।

कलेक्टर अचानक पहुंची अस्पताल,

अनुपस्थित चिकित्सकों, कर्मचारियों और सफाई

– मरीजों से बातचीत कर जाना हाल-चाल, अस्पताल में साफसफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने दिए निर्देश

बालोद/ नवप्रदेश कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा आज सुबह जिला चिकित्सालय बालोद का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय एवं अस्पताल परिसर में स्थित मातृ-शिशु अस्पताल के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर अस्पताल के व्यवस्थाओं की गहन पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीजों और परिजनों से बातचीत कर स्वास्थ्य का हाल जाना। अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों और कर्मचारियों के समय पर उपस्थित न होने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने मुख्य अस्पताल अधीक्षक को अनुपस्थित डॉक्टरों और कर्मचारियों के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। मातृ-शिशु अस्पताल में समुचित साफ सफाई न होने पर गहरी नाराजगी जताते हुए सफाई सुपरवाईजर को कड़ी फटकार लगाई।

कलेक्टर ने मुख्य अस्पताल अधीक्षक को सफाई ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अस्पताल के अधिकारियों और सफाई सुपरवाईजर को साफ-सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार करते हुए संपूर्ण अस्पताल को स्वच्छ और सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर वनमण्डलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके, तहसीलदार आशुतोष शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

महिला कांग्रेस ने एप्सटिन फाइल में केन्द्रीय मंत्री का नाम होने पर किया विरोध प्रदर्शन

कवर्धा/ नवप्रदेश। ऐपस्टीन फाइल्स में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम होने के मामले में कबीरधाम में धरना प्रदर्शन किया गया। महिला कांग्रेस ने पुतला दहन करते हुए कृत्य की भर्त्सना व निंदा करते हुए भाजपा सरकार के केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की इस्तीफे की मांग की।कार्यक्रम में मुख्य रूप से ममता चंद्राकर राष्ट्रीय महासचिव महिला कांग्रेस, नारायणी टोडर अध्यक्ष शहर कांग्रेस, शारदा सोनवानी ब्लॉक अध्यक्ष, सीता ध्रुव पार्षद, रचना कोसले, वतन मेरावी, ज्योत्सना सत्यवंशी, प्रीति ठाकुर, व अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता बहने उपस्थित थी।

न्यूज गैलरी

तम्बाकू पीसने की मशीन की चपेट में आने ने से महिला की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा में तम्बाकू पीसने की मशीन की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई है। वार्ड नंबर 7 स्थित तम्बाकू गोदाम में 23 फरवरी की शाम करीब 4:30 बजे 40 वर्षीया महिला मजदूर की मशीन के पट्टे में फंसकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वार्ड 1 भानपुर निवासी रमौतिन बाई (40) पति विजय देवांगन पिछले 9 माह से उक्त गोदाम में कार्यरत थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय वह मशीन के पास झाड़ू लगा रही थी, तभी उसकी साड़ी का पल्लू मशीन के चल रहे पट्टे में फंस गई। देखते ही देखते वह मशीन की चपेट में आ गई। हादसा इतना भयावह था कि उसका सिर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया तथा हाथ-पैर फ्रैक्चर हो गए।

फाल्गुन एकादशी निशानयात्रा निकली

कुरूद/नवप्रदेश। श्याम बाबा भक्तमंडल द्वारा फाल्गुन एकादशी शुक्रवार को निकाली गई निशान यात्रा के साथ ही फाल्गुन महोत्सव

मनाया गया।श्री खाटू श्याम बाबा भक्त मंडल द्वारा स्थानीय खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को इसकी विधिवत शुरूआत प्राचीन श्रीराम मंदिर से दोपहर 4 बजे निशान यात्रा के साथ शुरू हुई। यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं, पुरुष, बच्चे बाजे गाजे के साथ शामिल हुए। यह निशान यात्रा पुराना बाजार,शहर के प्रमुख मार्ग से होते हुए सरोजिनी चौक, कारगिल चौक से गौरव पथ होते शंकर नगर से खाटू श्याम मंदिर पहुंची। निशान यात्रा में भक्त जनों -निशान धारी श्रद्धालु भगवान खाटू श्याम के सुमधुर भजन में जयकारे लगा नृत्य भी किया गया। इस निशान यात्रा में राजेंद्र अग्रवाल, घनश्याम नवलनी, मोहन अग्रवाल, आलोक कुमार,सतीश पांडे, बल्लू साहु, सुभाष केला, मुकेश अग्रवाल,मनीष अग्रवाल,प्रथम अग्रवाल कान्हा, चन्दन शर्मा, मनोज अग्रवाल सहित अन्य भक्त शामिल थे।

मध्य प्रदेश के दो तस्कर से 17.50 लाख का गांजा जब्त

महासमुद/नवप्रदेश। जिले के सीमा के चेक पोस्ट से एंटी नारकोटिक टॉस्क फोर्स (हृङ्गञ्जस्न) और सिंघोड़ा पुलिस की संयुक्त टीम एक कार से 17.50 लाख का 35 किलो गांजा पकड़ा है। तस्कर गांजा को ओडिशा लेकर मध्यप्रदेश जा रहा था। दोनों को पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और सिंघोड़ा पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि एक सफेद कार से गांजा ले जाया जा रहा है। टीम ने नेशनल हाईवे 353 रेहटीखोल में वाहनों की चेकिंग कर रहे थे, इसी बीच सफेद रंग वेरना एच एक्स कार एम पी 07 जेड जेड 5221 में ओडिशा की ओर से आता देख उसे रोका गया। टीम ने कार चालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम पंकज राठौर पिता रोशन राठौर (22) मुरैना वार्ड नंबर 36/484 त्रिवेणी धर्मशाला गली गोपालपुरा मुरैना थाना मध्यप्रदेश और बगल सीट पर बैठा हेमंत सिंह तोमर पिता राधेश्याम तोमर (22) मुरैना शिकारपुर फाटक के पास बिचौली रोड मुरैना मध्यप्रदेश का होना बताया। पुलिस को दो मोबाइल और 5 हजार कैश मिला है। टीम ने कार और गांजा जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड में जेल भेज दिया है।

भारी मात्रा में महुआ शराब जब्त, चार गिरफ्तार, खल्लारी पुलिस की कार्रवाई

महासमुद/नवप्रदेश। खल्लारी और तेंदूकोना पुलिस ने अलग-

अलग स्थानों पर दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब जब्त कर चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार खल्लारी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम खम्हारमुड़ा में छापेमारी कर आनंद राम रावत (31) को गिरफ्तार किया। आरोपी से 25 लीटर महुआ शराब (कीमत लगभग 5 हजार रुपये) तथा शराब बनाने में प्रयुक्त बर्तन व अन्य सामग्री बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इसी क्रम में तेंदूकोना पुलिस ने ग्राम कौंसरा और घोंच में दबिश देकर मेन कुमार चंद्राकर (40), भुवनेश्वर दीवान (42) और दिलीप निर्मलकर (32) को गिरफ्तार किया। आरोपियों से 80 पौवा देसी प्लेन शराब (14.400 लीटर) और 12 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब जब्त की गई। पुलिस ने शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 06 जी पी 2568 को जब्त किया। साथ ही दो मोबाइल फोन (कीमत लगभग 10 हजार रुपये) भी बरामद किया। मौके पर भारी मात्रा में मिला महुआ लाहन नष्ट कर दिया गया।

होली पर सख्ती: धमधा में डीजे और सार्वजनिक कार्यक्रम प्रतिबंधित

धमधा/नवप्रदेश। होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से धमधा प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। एसडीएम कार्यालय में आयोजित शांति सुरक्षा समिति की बैठक में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सोनल डेविड ने की। बैठक में एसडीओपी चित्रा वर्मा, थाना प्रभारी रामनारायण ध्रुव तथा बीएमओ रचना अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि होली के दौरान किसी भी प्रकार के डीजे, जुलूस अथवा सार्वजनिक कार्यक्रमों की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहार की आड़ में हुड़दंग या अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ नियमित पेट्रोलिंग के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की विवादित या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दें।

स्वास्थ्य विभाग को भी संभावित आपात परिस्थितियों से निपटने हेतु सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता

बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजीव गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष रमनलाल यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष बृजेंद्र दानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र भ्रमभट्ट, रजत नायक, निर्मल जैन, नवीन जैन, पियुश ताम्रकार सहित जनप्रतिनिधि, व्यापारी, कोटवार, पंच एवं ग्रामीण सरपंच उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ, परंतु शांति एवं आपसी भाईचारे के वातावरण में मनाया जाए।

बलौदाबाजार, रायपुर और गरियाबंद जिले के उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ, राजिम विधायक रोहित साहू ने सीएम का जताया आभार

रसोईघरों में पाइप से पहुंचेगी गैस: सीएम

- **मुख्यमंत्री साय ने किया सिटी गैस इंफ्रास्ट्रक्चर का शुभारंभ**

राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने घरेलू गैस उपभोक्ताओं के जीवन को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण परियोजना की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर में सिटी गैस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट का विधिवत शुभारंभ किया। इस परियोजना के लागू होने से अब रायपुर, बलौदा बाजार और गरियाबंद जिले के हजारों घरेलू गैस उपभोक्ता परिवारों को सीधे उनके रसोई तक पाइपलाइन के माध्यम से गैस की आपूर्ति की जाएगी।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ लगातार विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। सिटी गैस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के शुभारंभ के साथ उस विकास की कड़ी में एक और कड़ी जुड़ गई है। उन्होंने आगे कहा कि इस सुविधा के शुरू होने से लोगों को सिलेंडर बुक करने और उसके आने का इंतज़ार करने की झंझट से मुक्ति मिलेगी साथ ही यह पर्यावरण के अनुकूल और सस्ता विकल्प भी साबित होगा। इसका उद्देश्य गृहणियों को सिलेंडर खत्म होने की चिंता से मुक्त करने के साथ ही उन्हें एक सुरक्षित और सस्ती ऊर्जा का विकल्प प्रदान करना भी है। इस योजना से अब गैस खत्म होने का डर नहीं रहेगा,पाइपलाइन से 24 घंटे गैस उपलब्ध होगी। सिलेंडर के मुकाबले पाइपलाइन गैस सस्ती और अधिक किफायती होगी। इसके साथ ही यह परियोजना प्रदूषण मुक्त है तथा सिलेंडर के रिसाव और परिवहन के खतरों से मुक्ति मिलेगी।

गरियाबंद जिले में उत्साह की लहर,विधायक रोहित साहू ने जताया आभार, कहा डबल इंजन की सरकार अब सुरक्षित ईंधन की सरकार बन गई है।

गरियाबंद में सिटी गैस प्रोजेक्ट का शुभारंभ

परियोजना के शुभारंभ से गरियाबंद जिले में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। जिले के राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए इसे सुशासन वाली सरकार की मिसाल बताया है। उन्होंने कहा कि यह कदम गरियाबंद जैसे जिलों के लिए विकास के नए द्वार खोलेगा। उन्होंने आगे कहा कि आज राजिम विधानसभा और पूरे गरियाबंद जिले के लिए ऐतिहासिक दिन है। हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी ने सिटी गैस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के रूप में जो सौगात हमें दी है वह छत्तीसगढ़ के बदलते और संवरते स्वरूप का प्रतीक है। हमारे जिले की माताएं-बहनें अब गैस सिलेंडर खत्म होने की परेशानी और बुकिंग के इंतजार से मुक्त होंगी।

ट्रकों से चोरी का डीजल खरीदकर बेचता था, 200 लीटर डीजल जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। सांकरा पुलिस ने डीजल संग्रहण और बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 200 लीटर डीजल जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। ज्वलनशील पदार्थ को बिना किसी सुरक्षा प्रबंध के घर में संग्रहित कर बेचने के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार थाना सांकरा क्षेत्र में मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सांकरा निवासी देवानंद साव (61) अपने घर में भारी मात्रा में डीजल संग्रहित कर बिक्री कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के निवास पर दबिश दी। मौके पर जांच के दौरान लगभग 200 लीटर डीजल बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के रखा मिला। प्रारंभिक पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपी कथित रूप से ट्रक चालकों से चोरी का डीजल खरीदकर बेचता था। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 287 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 एवं 7 के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई के दौरान 200 लीटर डीजल अनुमानित कीमत 19,600 रुपये के साथ विभिन्न पाइप, प्लास्टिक चाड़ी, तरल मापने के एल्युमिनियम लीटर, खाली प्लास्टिक जरकिन और एल्युमिनियम टब सहित कुल 23,050 रुपये मूल्य की सामग्री जब्त की गई है।

दो ट्रक से 22 लाख का 68.755 टन स्पंज आयरन जब्त, उरला में हैं खपाते

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले की बसना पुलिस ने 22 लाख रुपये मूल्य का 68.755 टन स्पंज आयरन जब्त किया है। इस कार्रवाई में दो ट्रक भी पकड़े गए हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी रंजीत सिंह हाईवे पर ट्रक ड्राइवरों से कम दाम में थोड़ा-थोड़ा स्पंज आयरन खरीदकर जमा करता था और फिर फर्जी दस्तावेज बनाकर उसे रायपुर के उरला में बेचता था। बसना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो ट्रकों में संदिग्ध रूप से स्पंज आयरन ओडिशा से रायपुर ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और दो ट्रकों को रोका। इनमें ट्रक छ्त्र 04

छ्ष्ट 4585 के चालक सोनूलाल मोंगरे (पिता निरगुन मोंगरे, लांती, थाना सिंघोड़ा, जिला महासमुंद) और ट्रक छ्त्र 07.ङ्क 5290 के चालक रामेश्वर मानिकपुरी (पिता अघनदास मानिकपुरी, वार्ड नं 2, सरायपाली, जिला महासमुंद) शामिल थे। ट्रकों की तलाशी लेने पर उनमें स्पंज आयरन भरा मिला। चालकों ने बताया कि स्पंज आयरन जय भोले इस्पात, रायगढ़ पुसौर फर्म से लोड कर उरला ले जाया जा रहा था।

बीईओ ने जन्मदिन के अवसर पर स्कूली बच्चों को दिया न्योता भोज

अभनपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत बच्चों में पोषण स्तर को बेहतर बनाने एवं संतुलित आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देशन में प्रोजेक्ट आओ खुशियां बाटे जिसके तहत जिसमें किसी भी अधिकारी कर्मचारी अभिभावक अपने शुभ अवसर पर स्कूली बच्चों को न्यौता भोज आयोजन कराकर अपनी खुशियां उनके साथ बांट सकते है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत विकासखंड शिक्षा अधिकारी अभनपुर धनेश्वरी साहू ने अपनी जन्मदिवस पर बजरंगदास स्कूल अभनपुर में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बजरंगदास स्कूल परिसर में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, नगर पालिका परिषद अभनपुर के अध्यक्ष उत्रसेन गहिवारे, उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, सहायक विकासखंड अधिकारी द्वय राकेश साहू, भावना नरेटी, संकुल स्रोत समन्वयक राकेश साहू, स्कूल की प्राचार्य जानकी साहू एवं अभनपुर विकासखंड के समस्त प्राचार्य समस्त संकुल समन्वयक विद्यालय के समस्त शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी रही।

विधानसभा में अनुज शर्मा के सवालों की बौछार, मंत्री से मांगे 4 सवालों के जवाब

धरसीवां / कूंरा/नवप्रदेश। विधानसभा में गूँजा धरसींवा के उद्योगों सें होने वाले प्रदूषण और जाँच व अवैध प्लॉटिंग जैसे मुद्दों पर किया सवाल छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने क्षेत्र में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण व जनहित मुद्दों कों प्रमुखता से सदन में उठाया।विधायक श्रीं शर्मा नें बज़ट सत्र के पाँचवे दिन सदन में 4 जनहित मुद्दों कों उठाया। जिसमे पहला सवाल धरसींवा क्षेत्र के किन उद्योगों को लगाने के निर्देश कब और किस आदेश के तहत दिए गए? और जनवरी 2024 से 31 जनवरी 2026 तक किन अधिकारियों ने प्रदूषण जांच की और क्या प्रदूषण संबंधी कोई उल्लंघन पाया गया? यदि हाँ, तो क्या कार्रवाई हुई? जिसका जवाब वित्त मंत्री नें दिया कि जल अधिनियम (1974) और वायु अधिनियम

(1981) के तहत उद्योगों को सम्मति दी जाती है, जिसमें वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरण लगाना अनिवार्य शर्त होती है। इसके तहत 38 उद्योगों ने स्थापित किया है जिसमे उल्लंघनों पर नियमानुसार कार्यवाही का प्रावधान है। कुछ उद्योगों में नियमों के उल्लंघन की जानकारी संज्ञान में आई है, जिस पर नियमानुसार कार्यवाही की गई है। वहीं दूसरे सवाल पर धरसींवा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) अंतर्गत किन-किन बिल्डरों/कालोनाईजरों ने कितने-कितने क्षेत्र/भूभाग के लिये तथा किन-किन स्थानों / ग्रामों पर कालोनी/भूमि/मकान बिक्री हेतु अपना पंजीयन कराया है।

रेलवे क्रासिंग पर खोदा गड्ढा, खुला छोड़ दिया

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। नवापारा रेल्वे क्रॉसिंग क्षेत्र में प्रस्तावित फ्लाईओवर निर्माण से पहले मिट्टी परीक्षण का कार्य शुरू तो हो गया है, लेकिन यह प्रक्रिया अब लोगों की चिंता का कारण बनती जा रही है। ठेकेदार के मजदूरों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से चंपारण चौक तक नेशनल हाइवे सड़क के बीच लगभग सोलह स्थानों पर गड्ढे खोदकर मिट्टी परीक्षण किया जाना है। इनमें से तीन स्थानों पर परीक्षण पूरा भी हो चुका है, लेकिन सिर्फ एक स्थान के गड्ढा को पाटा गया जबकि दूसरा स्थान का गड्ढा जो

बस स्टेण्ड का सामने का हिस्सा पड़ता है नेशनल हाइवे है इसे खुला छोड़ दिया गया है जिसे आप इस तस्वीर में देख सकते है।

इस गड्ढे को खुला छोड़ दिया गया है, जिससे रात में बड़ी दुर्घटना की आशंका उत्पन्न हो गई है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, जिन स्थानों पर खुदाई की गई है, वहां न तो सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम हैं और न ही चेतावनी संकेतक लगाए गए हैं। राहगीरों, दुपहिया चालकों और स्कूली बच्चों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक बन गई है। दिन में तो किसी तरह लोग संभलकर निकल रहे हैं, लेकिन रात के समय खुले गड्ढे गंभीर हादसों को न्योता दे रहे हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि मौके पर न तो कोई जिम्मेदार इंजीनियर दिखाई दे रहा है और न ही ठेकेदार का कोई अधिकृत प्रतिनिधि। केवल मजदूरों के भरोसे मिट्टी परीक्षण का कार्य कराया जा रहा है।

वैचारिक अधिष्ठान के लिए प्रशिक्षण जरूरी: प्रेमप्रकाश

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद के भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में 27 फरवरी शुक्रवार को ष्पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026ष् जिला कार्यशाला एवं योजना बैठक आयोजित की गई थी। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारतीए पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं राजकीय गीत के साथ हुई।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यवक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि भाजपा केवल एक चुनावी दल नहींए बल्कि एक विचारधारा आधारित संगठन है। इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाना और उन्हें सरकार की जनहितकारी योजनाओं का सजग प्रहरी बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के कौशल विकास और वैचारिक प्रबोधन के लिए इस महाभियान की रूपरेखा साझा करते हुए कहा कि भाजपा एक विचार आधारित संगठन हैए जहां कार्यकर्ता ही शक्ति का केंद्र है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को नीतिए सिद्धांतए संगठनात्मक संरचना और जनसेवा के संस्कारों से समृद्ध किया जाएए ताकि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं और पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ता प्रखर एवं प्रवीण होते हैं और भाजपा कार्यकर्ता हमेशा कर्मठए निष्ठावान एवं परिश्रमी होते है।

जमनार आंबा में बिना बिजली-पंखा के बच्चों का भविष्य कैसे गढ़ेगा!

- **पांच वर्षों में अभी तक किस्त की राशि नहीं मिलने से रुक गया आंगनबाड़ी का काम**

भटगांव/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत धाराशिव के आश्रित ग्राम जमनार में शासन द्वारा वर्ष 2020 में आंगनबाड़ी भवन के लिए 6.45 लाख की स्वीकृति दी गई जिससे ग्राम जमनार में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन बन तो गया लेकिन आज भी वो आंगनबाड़ी का कार्य अधूरा है। जहां जमनार के नवनिर्मित भवन में लाईट पंखा तक फिट नहीं किया गया है। इतना ही नहीं आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता हीराबाई यादव द्वारा सचिव को लाईट पंखा और वायरिंग फिटिंग के लिए कई बार बोला गया लेकिन सचिव द्वारा एक ही बात

बोला जाता है कि पैसा नहीं आया है इसलिए लाईट पंखा और वायरिंग का काम रूका हुआ है। जिससे आंगनबाड़ी केंद्र मे पढ़ने वाले बच्चों व आंगनबाड़ी केंद्र मे आने वाले महीलाओं को गर्मी के दिनों में परेशानियां होती है

इतना ही नहीं आधा अधूरा पड़े इस आंगनबाड़ी केंद्र में बिना बिजली पंखा के बच्चों का भविष्य कैसे गढ़ेगा। जहां छत्तीसगढ़ सरकार बच्चों के भविष्य को लेकर कई योजनाएं चला रही है ताकि बच्चे जो है उस योजना से वंचित ना रहे। और अच्छी शिक्षा प्राप्त करें

छत्तीसगढ़ सरकार बच्चों व महिलाओं के सुनहरे भविष्य के लिए हर स्तर पर कार्य कर रही है छत्तीसगढ़ सरकार बच्चों व महिलाओं के लिए आंगनबाड़ी भवन मे गर्म भोजन, दालिया बच्चों के लिए भोजन ,साईकिल योजना, ड्रेस जैसी सुविधाएं देकर बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए लगा है पर जमनार में आंगनबाड़ी केंद्र में नये भवन का निर्माण कार्य कराया गया। और आंगनबाड़ी भवन के लिए 6.45 राशि स्वीकृत किया गया जिसमें लाईट फिटिंग पंखा लगाना था लेकिन उस आंगनबाड़ी भवन में आज तक ना ही लाईट लगा और ना ही पंखा लगाया गया है।

> इसका चौथा किस्त अभी तक नहीं मिला है इसलिए पंखा लाइट नहीं लगाया गया है।
>
> **नारायण साहू**
> सचिव ग्राम ग्राम पंचायत धाराशिव
>
> आप मेरे को आंगनबाड़ी का फोटो वाटसाप कर दो। मैं दिखवाता हूं।
>
> **इंद्रजीत बर्मन**
> सीईओ, जिला पंचायत सारंगढ़ बिलाईगढ़

वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हीराबाई यादव ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में कुल 9 बच्चे हैं और गर्भवती महिलाओं और शिशूवती महिलाओं को आंगनबाड़ी में दलिया दिया जाता है।

प्रथम पेज का शेष

अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी...

दाखिल की थी। हालांकि, राज्य सरकार के वकीलों ने अदालत में इस जमानत याचिका का कड़ा विरोध किया है। गौरतलब है कि यह मामला तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी की याचिका पर दर्ज हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने शंकराचार्य के खिलाफ कुकर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की थी।

वकील को धमकी और आरोपी की गिरफ्तारी

इस कानूनी लड़ाई के बीच शंकराचार्य के वकील श्रीनाथ त्रिपाठी को बुधवार रात जान से मारने और वाराणसी कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 20 घंटे के भीतर आरोपी अजीत कुमार सरोज को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लॉ का छात्र है और उसने पूछताछ में बताया कि उसने अपने पड़ोसी को फंसाने के लिए यह धमकी भरा मैसेज भेजा था।

शराब घोटाले में केजरीवाल...

को बरी किए जाने पर सीबीआई ने कहा कि जांच के कई पहलुओं को या तो नजरअंदाज किया गया या पर्याप्त रूप से विचार नहीं किया गया। ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ तुरंत दिल्ली हाई कोर्ट में अपील करेंगे।

धान से तौले गए ...

की ओर से अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदैव किसानों की चिंता करते हैं और उनकी आय बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और किसानों की उन्नति ही राष्ट्र की प्रगति का आधार है। उन्होंने कहा कि अटल जी के समय किसानों को सशक्त बनाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था लागू की गई, जिससे किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध होने लगा। इससे पहले किसानों को महाजनों से ऊंचे ब्याज पर कर्ज लेना पड़ता था, जिससे वे आर्थिक शोषण का शिकार होते थे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस वर्ष 25 लाख 24 हजार किसानों से 141 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार आगे भी किसानों के हित में प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर सहित प्रदेश भर से आए किसान उपस्थित थे।

11 आईएएस अफसरों का ...

गया है। सौमिल रंजन चौबे (उप सचिव, कृषि विभाग), बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई (अपर कलेक्टर, नारायणपुर), सुमीत अग्रवाल (आयुक्त, नगर पालिक निगम दुर्ग) और संदीप कुमार अग्रवाल (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बिलासपुर) को यथावत पदस्थ किया गया है। आशीष कुमार टिकरिहा को प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन नियुक्त किया गया है, जिसे वरिष्ठ वेतनमान के समकक्ष दर्जा दिया गया है। वहीं ऋषभ कुमार पाराशर (उप सचिव, वित्त) यथावत रहेंगे।

निमया फाउंडेशन ने 8 महिलाओं को किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। नारी तेरी यही कहानी, आँचल में दूध और आँखों में पानी के मिथक को तोड़ते हुए जब महिलाएं एक दूसरे का हाथ थामे कदमताल करते हुए आगे बढ़ती है तो कुछ नया और अदभुत गढ़ती है। इसी अवधारणा को सजीव करने निमित्त गुरुवार 26फरवरी 2026 को होटल सॉलिटेयर में आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यशाला में इंटरनेशनल ट्रेनर एम जे एफलायन मधु यादव ने कोलंबो ट्रेनिंग के दौरान प्राप्त अनुभवों, प्रसंगों को साझा करते हुए नेक्स्ट डोर लेडी को कैसे सफल और अग्रणी लीडर बनाना है, टॉपिक पर चर्चा की गई। पावर प्रेजेंटेशन और विभिन्न गतिविधियों जैसे एक चिट्ठी प्यार भर और पेन-बाल के सामंजस्य के द्वारा स्वयं को सक्षम, निर्भीक और जुझारू बनने का मौका दिया गया द्य बिलासपुर से पधारे मुख्य अतिथि लॉयन आशीष अग्रवाल एवं विशिष्ठ अतिथि लॉयन रंजना क्षेत्रपाल ने अजेय नारी, आराध्य नारी पर विचार व्यक्त किए और वर्कशॉप की प्रासंगिकता की प्रशंसा करते हुए वामाओं के लिए लाभप्रद बताया।

दंतेवाड़ा-सुकमा, बीजापुर सहित चार जिलों में संशोधित गाइडलाइन दरें 27 से लागू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में दिनांक 20 नवम्बर 2025 से नवीन गाइडलाइन दरें लागू की गई हैं। राज्य शासन द्वारा जिला मूल्यांकन समितियों को निर्देश जारी किए गए थे कि स्थानीय परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं के अनुसार गाइडलाइन दरों में संशोधन संबंधी प्रस्ताव केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजे जा सकते हैं। उक्त निर्देशों के अनुरूप दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा तथा बलरामपुर-रामानुजगंज जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों से संशोधित प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन प्रस्तावों पर विचार हेतु महानिरीक्षक पंजीयन की अध्यक्षता में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिलों से प्राप्त प्रस्तावित गाइडलाइन दरों का परीक्षण कर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में समग्र परीक्षण के पश्चात केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा एवं बलरामपुर-रामानुजगंज जिलों की जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त गाइडलाइन दरों के प्रस्तावों का अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी,जिला–दुर्ग (छ.ग.)

।। ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ।।

क्रं./384/लो.क.वि./न.पा./2026 कुम्हारी,दिनांक 25/02/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

सिस्टम टेण्डर नम्बर	कार्य का नाम	अनु.ला. (लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
186317	Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Kumhari, Chhattisgarh	112.45	19.03.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, कुम्हारी

रायपुर के व्यस्त मार्गों पर दिन में रैली और जुलूस पर प्रतिबंध

रायपुर/नवप्रदेश। कमिश्नरेट रायपुर द्वारा शहर के अति व्यस्त मार्गों में यातायात सुगमता, कानून-व्यवस्था एवं जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। प्रातः 09:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक निर्धारित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की रैली, शोभायात्रा, जुलूस, धरना अथवा अन्य प्रदर्शन के आयोजन पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंधित क्षेत्र में जी.ई. रोड शारदा चौक से जयस्तंभ चौक होते हुए शास्त्री चौक, मालवीय रोड में जयस्तंभ चौक से कोतवाली चौक, सदर बाजार रोड में कोतवाली से सत्तीबाजार चौक एवं एम.जी. रोड में गुरूनानक चौक से शारदा चौक शामिल हैं।

CSPDCL छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, अटल नगर

// बिजली बंद की सूचना//

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आरंग उपसंभाग के अंतर्गत आने वाले 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र गुल्लू का मरम्मत कार्य प्रस्तावित है। नीचे दिये गये दिनांक को **सुबह 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक** विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण उपकेन्द्र के दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

क्र.	दिनांक	दिन	132/33 के.व्ही उपकेन्द्र का नाम	33/11 के.व्ही उपकेन्द्र का नाम	प्रभावित क्षेत्र
01	28.02.2026	शनिवार	132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र गुल्लू	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र समोदा, 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र आरंग उच्चदाब, 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सकरी	उक्त दर्शित 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र से निकलने वाले समस्त फीडर से जुड़े उपभोक्ता एवं ग्राम।

" विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं0 1912 पर दर्ज कराएँ।"

असुविधा के लिए खेद है

"विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे"
"स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाइए"
संवाद –

(शशांक श्रीवास्तव)
कर्म. संख्या 4401195
कार्यपालन यंत्री (संचा0/संधा0) संभाग
छ0स्टे0पॉ0 डि0कं0लि0, अटल नगर नवा रायपुर

'प्रोजेक्ट धड़कन' के अंतर्गत बच्चों की हुई नि:शुल्क हृदय जांच

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन रायपुर द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए चलाई जा रही योजना "प्रोजेक्ट धड़कन" के अंतर्गत ज़िले भर में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य है - बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय रहते पहचान कर उन्हें बेहतर और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन तथा श्री सत्य साई हॉस्पिटल के सहयोग से आज तिल्दा टीम बी द्वारा ग्राम सुगेंरा में 143 बच्चों की स्क्रीनिंग, धरसीवां टीम बी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र 3 ग्राम पथरी में 190 बच्चों की स्क्रीनिंग, व पूरे जिले में आज कुल 333 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई।

कार्यालय मुख्य अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रायपुर परिक्षेत्र रायपुर (छ0ग0)

जेम पोर्टल निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2025-26 के खनित नलकूपों में हैण्डपम्प स्थापना कार्य हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से 32 मि.मी. व्यास जी.आई. राईजर पाईप सामग्री क्रय किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	जेम पोर्टल में ऑनलाईन बिड क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	लागत (रूपये में)
1	GEM/2026/B/7294624/ 26.02.2026	रायपुर परिक्षेत्र हेतु 32mm जी.आई. राईजर पाईप क्रय	8000423.00
2	GEM/2026/B/7295344/ 26.02.2026	जगदलपुर परिक्षेत्र हेतु 32mm जी.आई. राईजर पाईप क्रय	4081000.00
3	GEM/2026/B/7295491/ 26.02.2026	(वि./यां.) संकाय हेतु 32mm जी.आई. राईजर पाईप क्रय	6480343.00

Important Events and Time Schedule - Bid Start Date-26.02.2026, Pre Bid meeting date-03.03.2026, Bid Due Date- 13.03.2026, PHY Doc. Submission last Date-13.03.2026.

नोट – उपरोक्त निविदाओं की सामान्य शर्तों, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी जेम पोर्टल https://gem.gov.in में उक्त निविदा दिनांक 26.02.2026 से देखी जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता (प्रकोष्ठ प्रभारी)
राज्य स्तरीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय मुख्य अभियंता,
लो.स्वा. यां. विभाग, परिक्षेत्र रायपुर (छ0ग0)

जी– 252606966/3

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/एजीएम(हसदेव)/भू.रा./25-26/150 दिनांक 27.01.2026

सूचना

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित कया जाता है कि एसईसीएल हसदेव क्षेत्रान्तर्गत शीतलधारा कुरजा यूजी माईन कालरी के डिपलरिंग हेतु ग्राम- कुरजा, के निम्नलिखित भू-विस्थापितों एवं उनके द्वारा नामित, आश्रित उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बावत् औपचारिकताएें यथाशीघ्र प्रारम्भ की जायेगी।

Sl No	Name as per Land Owner on date of sanction 9 (i)	Name as per P-II & B-I Statement 1-A[Land owner on date of compensation assessment]	Name of PAP proposed for employment		Document	Name
1	प्रकाश पाण्डेय पिता रामानंद जाति-ब्राह्मण ग्राम-कुरजा खसरा नं.- 265/1/क/4/ग रकबा- 0.809 हे. 2.00 एकड	प्रकाश पाण्डेय पिता रामानंद जाति-ब्राह्मण ग्राम-कुरजा खसरा नं.- 265/1/क/4/ग रकबा- 0.809 हे. 2.00 एकड	प्रकाश पाण्डेय पिता रामानंद पाण्डेय	1	वंशवृक्ष	निरंक
				2	निवास प्रमाणपत्र	प्रकाश पाण्डेय पिता आर एन पाण्डेय
				3	समग्रकार्ड	प्रकाश पाण्डेय पिता रामानंद पाण्डेय
				4	मतदाता परिचयपत्र	निरंक
				5	आधारकार्ड	प्रकाश पाण्डेय पिता आर एन पाण्डेय
				6	शिक्षा प्रमाण पत्र	PRAKASH PANDEY S/O RAMANAND PANDEY
				7	रोजगार पंजीयन	Prakash Pandey
				8	पेनकार्ड	PRAKASH PANDEY S/O RAMANAND PANDEY
				9	जाति प्रमाण पत्र	निरंक
2	रवि कुमार पिता रामानंद जाति-ब्राह्मण ग्राम-कुरजा खसरा नं.- 265/1/क/4/घ रकबा- 0.809 हे. 2.00 एकड	रवि कुमार पिता रामानंद जाति-ब्राह्मण ग्राम-कुरजा खसरा नं.- 265/1/क/4/घ रकबा- 0.809 हे. 2.00 एकड	रवि कुमार पाण्डेय पिता रामानंद पाण्डेय	1	वंशवृक्ष	निरंक
				2	निवास प्रमाण पत्र	रवि पांडेय पिता रामानन्द पाण्डेय
				3	समग्रकार्ड	रवि पाण्डेय
				4	मतदाता परिचयपत्र	निरंक
				5	आधार कार्ड	रवि पाण्डेय पिता रामानंद पाण्डेय
				6	शिक्षा प्रमाण पत्र	RAVI KUMAR PANDEY S/O RAMA NAND PANDEY
				7	रोजगार पंजीयन	Ravi Pandey
				8	पेन कार्ड	RAVI PANDEY S/O RAMA NAND PANDEY
				9	जाति प्रमाण पत्र	निरंक

उपरोक्त तालिका में दर्शाये गये भू-स्वामी एवं आश्रित रोजगार बावत् प्रस्तावित सदस्य के संबंध में किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो, तो अपना पूरा नाम हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजो/प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् या दस्तावेजी प्रमाण नहीं होने की स्थिती में दावा-अपत्ति मान्य नही होगा।

SECL/25-26/326 क्षेत्रीय महाप्रबंधक, एसईसीएल, हसदेव क्षेत्र

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/एजीएम(हसदेव)/भू.रा./25-26/162 दिनांक 16.02.2026

सूचना

इस प्रकाषन के माध्यम से यह सूचित कया जाता है कि एसईसीएल हसदेव क्षेत्रान्तर्गत शीतलधारा कुरजा यूजी माईन कालरी के डिपलरिंग हेतु ग्राम-कुरजा, के निम्नलिखित भू-विस्थापितों एवं उनके द्वारा नामित, आश्रित उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बावत् औपचारिकताएें यथाशीघ्र प्रारम्भ की जायेगी।

Sl No	Name as per Land Owner on date of sanction 9(i)	Name as per P-II & B-I Statement 1-A[Land owner on date of compensation assessment]	Name of PAP proposed for employment		Document	Name
1.	शैलेंद्र कुमार पिता नर्मदा प्रसाद तिवारी जाति-ब्राह्मण ग्राम-कुरजा खसरा नं.- 265/1/क/4/क रकबा-0.405 हे0 1.00 एकड	शैलेंद्र कुमार पिता नर्मदा प्रसाद तिवारी जाति-ब्राह्मण ग्राम-कुरजा खसरा नं.- 265/1/क/4/क रकबा-0.405 हे0 1.00 एकड	शैलेंद्र कुमार तिवारी पिता नर्वदा प्रसाद तिवारी	1	वंशवृक्ष	निरंक
				2	निवास प्रमाणपत्र	शैलेन्द्र कुमार तिवारी पिता नर्मदा प्रसाद तिवारी
				3	राशन/समग्रकार्ड	शैलेन्द्र कुमार तिवारी पिता नर्मदा प्रसाद तिवारी
				4	मतदाता परिचयपत्र	शैलेन्द्र कुमार पिता नर्मदा प्रसाद
				5	आधारकार्ड	शैलेन्द्र तिवारी पिता नर्मदा प्रसाद तिवारी
				6	षिक्षा प्रमाण पत्र	SHAILENDRA KUMAR TIWARI S/O NARVADA PRASAD TIWARI
				7	रोजगार पंजीयन	Shailendra Kumar Tiwari
				8	पेनकार्ड	SHAILENDRA KUMAR TIWARI S/O NARVADA PRASAD TIWARI
				9	जति प्रमाण पत्र	निरंक
2	संदीप पिता केशव प्रसाद चतुर्वेदी जाति-ब्राह्मण ग्राम-कुरजा खसरा नं.- 265/2/ख/5 रकबा-0.400 हे0 0.99 एकड	संदीप पिता केशव प्रसाद चतुर्वेदी जाति-ब्राह्मण ग्राम-कुरजा खसरा नं.- 265/2/ख/5 रकबा-0.400 हे0 0.99 एकड	संदीप कुमार चतुर्वेदी पिता केशव प्रसाद चतुर्वेदी	1	वंषवृक्ष	निरंक
				2	निवास प्रमाण पत्र	संदीप कुमार चतुर्वेदी पिता केशव प्रसाद चतुर्वेदी
				3	राशन/समग्रकार्ड	संदीप कुमार चतुर्वेदी
				4	मतदाता परिचयपत्र	SANDEEP S/O KESHAV
				5	आधार कार्ड	संदीप कुमार चतुर्वेदी पिता केशव प्रसाद चतुर्वेदी
				6	शिक्षा प्रमाण पत्र	SANDEEP KUMAR CHATURVEDI S/O KESHAV PRASAD CHATURVEDI
				7	रोजगार पंजीयन	Sandeep Kumar Chaturvedi
				8	पेन कार्ड	SANDEEP S/O KESHAV
				9	जति प्रमाण पत्र	निरंक

उपरोक्त तालिका में दर्शाये गये भू-स्वामी एवं आश्रित रोजगार बावत् प्रस्तावित सदस्य के संबंध में किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो, तो अपना पूरा नाम हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजो/प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् या दस्तावेजी प्रमाण नहीं होने की स्थिती में दावा-अपत्ति मान्य नही होगा।

SECL/25-26/327 क्षेत्रीय महाप्रबंधक, एसईसीएल, हसदेव क्षेत्र

प्रोजेक्ट आओ बांटें खुशियां के तहत हितेंद्र पटेल ने बच्चों संग साझा की खुशियां

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में शासकीय कर्मचारियों के जन्मदिन अब केवल व्यक्तिगत आयोजन नहीं रह गए हैं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम बनते जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुसार प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और न्योता भोज के अंतर्गत संचालित ÷प्रोजेक्ट आओ बाँटें खुशियाँ÷ का उद्देश्य ही है - खुशियों को बाँटना, और इस पहल को शासकीय कर्मचारी पूरे उत्साह के साथ अपना रहे हैं। इसी क्रम में आज जिला जनसंपर्क कार्यालय के कर्मचारी हितेंद्र कुमार पटेल ने आंगनबाड़ी केंद्र अवधियापारा में विद्यार्थियों के साथ जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर, फल और पौष्टिक आहार वितरित कर इस दिन को विशेष बनाया।

मिनी वर्मा को मिल रहा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम लोगों के जीवन में ऊर्जा आत्मनिर्भरता का नया अध्याय लिख रही है। इसी कड़ी में संभाग रायपुर के उप संभाग तिल्दा अंतर्गत ग्राम पंचायत तुलसी में योजना के पंजीयन एवं उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर से प्रेरित होकर ग्राम तुलसी की निवासी श्रीमती मिनी वर्मा, बिजली कॉलोनी तुलसी स्थित अपने आवास की छत पर 3 किलोवाट पीक क्षमता का सोलर रूफटॉप सिस्टम स्थापित कराया है। इस हेतु उन्होंने Punjab National Bank से योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त किया।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि - 13/03/2026

स. क्र.	नि.आ.सु.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक	सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में)
01	02	03	04	05
1	236/2025-26 दिनांक 24/02/2026	186113 (प्रथम आमंत्रण)	जिला-बीजापुर ब्लॉक-भैरमगढ़ के अंतर्गत उपसंभाग क्र. 01 मार्गो में रोड मार्किंग का कार्य।	24.97
2	237/2025-26 दिनांक 24/02/2026	186114 (प्रथम आमंत्रण)	चित्रकोट, ब्लॉक लोहण्डीगुड़ा में व्यूइंग डेक में गार्ड रेलिंग का कार्य एवं मौजूदा मंदिर के आसपास पैदल चलने वाले क्षेत्र की मरम्मत और सुधार कार्य।	24.98

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर

जी–252606931/4

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. संभाग बलौदा बाजार (छ.ग.)
प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-881/NIT-6/2025-2026/ व ले लि दिनांक - 24/02/2026
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 09/03/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 12/03/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 13/03/2026 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम /NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) बैंक साल्वेंसी (रू. में)
6 T0101	जिला उपभोक्ता कोर्ट बलौदाबाजार का विशेष मरम्मत कार्य	9.97 7500.00 150000.00
6 T0102	लोक निर्माण विभाग आवासीय परिसर के जी टाइप आवास गृह का विशेष मरम्मत कार्य।	6.37 5000.00 100000.00

शर्तें – 100/- रु. स्टाम्प निर्धारित शपथ पत्र नोटराइज्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
"It mandatory for the C & D Class Bidder to submit the list of ongoing work/works in hand in the Annexure- A (enclosed). If the total value of ongoing work/works in hand is more than 2.5 times the capacity as specified for C & D class bidders, the bidder will be disqualified."
निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. संभाग बलौदा बाजार (छ.ग.)

जी– 252606916/2

कार्यालय नगर पालिका परिषद लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)
वार्ड क्रमांक 13, हटरी रोड गुरूद्वारा चौक लोरमी Email- nagarpalikalormi@gmail.com

क्र./1217 / न.पा.प. / 2025-26 लोरमी, दिनांक 26/02/2026

ई-प्रोक्योरमेंट तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना (IIIrd call)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

1- Bid Start Date - 26-02-2026 Time- 5:30 Pm
2- Bid Due Date - 09-03-2026 Time- 5:30 Pm
3- Physical Submission Date - 10-03-2026 Time- 5:30 Pm
4- Bid Open Date (Scheduled) - 11-03-2026 Time- 12:00 Noon

S. No.	System Tender No.	Name Of Work	Estimated Cost (In Lacs)
1	186399	तुलसाघाट तालाब सौंदर्यीकरण कार्य वार्ड क्र.17	129.45
2	186405	गांधीडीह तालाब सौंदर्यीकरण कार्य वार्ड क्र. 08	103.16
3	186408	विभिन्न वार्डो में फुटपाथ निर्माण कार्य	118.67

टीप – उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in पर डाउनलोड की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी। पृथक से समाचार पत्र प्रकाशित नहीं की जावेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद लोरमी

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

क्रमांकः एसईसीएल/मप्र/गेवरा क्षेत्र/भू–राजस्व/2026/2261 **आम सूचना** दिनांक 29.01.2026

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल गेवरा क्षेत्रांतर्गत गेवरा परियोजना के लिये अर्जित ग्राम भठोरा के भू–विस्थापित एवं उनके द्वारा नामित आश्रित/उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बाबत् औपचारिकताएं यथाशीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

क्र.	ग्राम का नाम	राज्य शासन द्वारा प्रदत्त प्रमाणित पत्रक V/VI में खातेदार का नाम	नामांकन के अनुसार खातेदार का नाम	खसरा नं. (सीबीए के तहत) पत्रक अनुसार	रकबा भुगतान व्हाउचर अनुसार	रोजगार हेतु नामांकित व्यक्ति का नाम	खातेदार से संबंध
1	भठोरा	रायसिंह पिता बोधनसिंह ना.बा. पार्वती, पुनीबाई पिता बोधनसिंह बली मां वो खुद मघनबाई बेवा बोधनसिंह रामायण कुंवर पिता पीलूबाबू कंवर बी–1 एवं पी–2 वर्ष 2001-02 वर्ष एवं 2002-03 में नाम – ना.बा. रायसिंह पिता बोधनसिंह ना.बा. पार्वती, पुनीबाई पिता बोधनसिंह वली मां वो खुद मथनबाई बेवा बंधनसिंह रामायण कुंवर पिता पीलाबाबू कुंवर नामांतरण पंजी वर्ष 2002 ना.बा. रायसिंह पिता बोधनसिह ना.बा. पार्वती, पुन्नीबाई पिता बोधनसिंह वली मां वो खुद मथनबाई बेवा बोधनसिंह रामायण कुंवर पिता पीलाबाबू कंवर	रायसिंह पिता बोधनसिंह (फौत) वारिसान निखिल पिता रायसिंह गायत्री कंवर बेवा रायसिंह पार्वती, पुन्नीबाई पिता बोधनसिंह मंथनबाई बेवा बोधनसिंह रामायण कुंवर पिता पीलाबाबू (फौत) वारिसान सावन सिंह, सुखवचनबाई माता रामायण कुंवर मनीराम पत्नी रामायण कुंवर	109/1, 230, 255/1, 256/2, 382	1.003 हे./ 2.48 एकड़	श्रीमती गायत्री कंवर पति स्व. रायसिंह आधार कार्ड में नाम – श्रीमती गायत्री कंवर पति स्व. रायसिंह जाति प्रमाण पत्र में नाम – श्रीमती गायत्री पिता आनंदसिंह निवास प्रमाण पत्र एवं रोजगार पंजीयन में नाम – गायत्री कंवर पति स्व. रायसिंह	पत्नी
नोट– 1. अ.वि.अ. पत्र क्र. 5068/अ.वि.अ./भू–अर्जन/2021 कटघोरा दिनांक 28.10.2021 के अनुसार मृतक खातेदार रायसिंह पिता बोधनसिह का वारिसान पुत्र निखिल एवं पत्नी गायत्री कंवर को घोषित किया गया है। 02 क्र. 4328 दिनांक 06.11.2015 के अनुसार मृतक सह खातेदार रामायण कुंवर पिता पीलाबाबू कंवर का वारिसान सावन सिंह, सुखबचनबाई माता रामायण कुवर एवं पति मनीराम को घोषित किया गया है।							
02	भिलाई बाजार	प्यारेलाल, रामरतन पिता छतराम बी–1 एवं पी–2 वर्ष 2004-09 में नाम – प्यारेलाल, रामरतन पिता छतराम यादव नामांतरण में नाम प्यारेलाल पिता छतराम रामरतन पिता छतराम	प्यारेलाल यादव रामरतन यादव पिता छतराम यादव	200/1क, 215, 216	0.595 हे./ 1.47 एकड़	विकास कुमार पिता प्यारेलाल यादव आधार कार्ड में नाम – विकास कुमार पिता प्यारेलाल यादव जाति प्रमाण पत्र में नाम – ..... निवास प्रमाण पत्र में नाम – विकास कुमार पिता प्यारेलाल यादव स्कूल प्रमाण पत्र एवं रोजगार पंजीयन में नाम – विकास कुमार पिता प्यारेलाल	पुत्र
03	रलिया	भुलाराम पिता ननकी बी–1 एवं पी–2 वर्ष 2006-07 से 2010-11 में नाम – भुलाराम पिता ननकी पटैल	भुलाराम पटेल पिता ननकीराम पटेल	28/15, 28/16, 30/25, 30/26, 30/27, 32/11	0.363 हे./ 0.90 एकड़	रामकृष्ण पिता भुलाराम पटेल आधार कार्ड में नाम – रामकृष्ण पिता भुलाराम पटेल जाति प्रमाण पत्र में नाम – रामकृष्ण पिता भुलाराम निवास प्रमाण पत्र में नाम – रामकृष्ण पिता भुलाराम स्कूल प्रमाण पत्र एवं रोजगार पंजीयन में नाम – रामकृष्ण पिता भुलाराम	पुत्र

(1) अतः रोजगार के लिये उक्त प्रस्तावित/नामांकित व्यक्ति के संबंध में किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजी प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर उपस्थित होकर स्वयं प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा–आपत्ति मान्य नहीं होगा।
(2) उपरोक्त प्रस्तुत रोजगार के प्रस्ताव में खातेदार एवं आश्रित उम्मीदवार के नाम/उपनाम भिन्न–भिन्न दस्तावेजों में भिन्न–भिन्न दर्ज हैं, जो एक ही व्यक्ति का होना दर्शाया गया है, इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

महाप्रबंधक, एसईसीएल गेवरा क्षेत्र

न्यूज गैलरी

बजट जनहितकारी और विकासोन्मुखीः हुलसी

महासमुंद / नवप्रदेश। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ सरकार की बजट को जनहितकारी और विकासोन्मुखी बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट गांव,

गरीब, किसान, महिला और युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिससे प्रदेश के समग्र विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पेश इस बजट में ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है। किसानों की आय बढ़ाने और खेती को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं का प्रावधान किया गया है, जिससे कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। हुलसी ने कहा कि बजट में सिंचाई, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए पर्याप्त राशि का प्रावधान किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे का विकास होगा और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने, युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए किए गए प्रावधानों को सराहनीय बताया। साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बजट को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि स्कूलों के उन्नयन और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल की घोषणा

राजनांदगांव /नव प्रदेश। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री श्री पवन साय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री अशोक साहू जी के मार्गदर्शन एवं जिला राजनांदगांव के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष दिलीप साहू ने अपने मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित टीम घोषित की। जारी सूची के अनुसार राजनांदगांव उत्तर मंडल अध्यक्ष दुरेंद्र साहू महामंत्री हरीश साहू, धनेश्वर दास मानिकपुरी बनाए गए हैं। इसी तरह राजनांदगांव दक्षिण मंडल अध्यक्ष अरुण साहू को नियुक्त किया गया है। वहीं महामंत्री अरुण देवांगन, मोहन सिन्हा बनाए गए हैं। इसी तरह राजनांदगांव ग्रामीण पूर्व मंडल अध्यक्ष खुमान साहू महामंत्री किशोर साहू, जागेश्वर साहू, राजनंदगांव ग्रामीण पश्चिम मंडल में अध्यक्ष की जिम्मेदारी लालाराम देवांगन को और संतोष साहू, छत्रपाल वर्मा को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष चितरंजन साहू महामंत्री राकेश देवांगन, अक्षय यादव डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार वैष्णव महामंत्री शैलेश महोबिया, योगेश साहू, तिलई मंडल अध्यक्ष महेश सेन महामंत्री तारण साहू, गणेश राम साहू बनाए गए हैं। इसके अलावा घुमका मंडल अध्यक्ष धरमु साहू महामंत्री खिलावन दास, रोमन वर्मा बनाये गए हैं। डोंगरगांव मंडल की जिम्मेदारी अध्यक्ष भीषम कुमार साहू महामंत्री अजय कौशिक, टीलेंद्र देवांगन को दी गई है। तुमड़ीबोड मंडल में अध्यक्ष दिनेश यादव महामंत्री जीवनधन वर्मा, टेकराम साहू व अर्जुनी मंडल में अध्यक्ष देवलाल साहू महामंत्री डोमन पटेल, मोहन साहू बनाए गए हैं। इधर मुसरा मुरमुंदा मंडल की जिम्मेदारी अध्यक्ष रामावतार वर्मा महामंत्री हनुमान सिंह, पुकेश्वर वर्मा, लाल बहादुर नगर में देवेंद्र सुलाखे महामंत्री मदन चक्रवर्ती, दुर्गेश साहू को सौंपी गई है। इसके अलावा छुरिया मंडल में अध्यक्ष देवानंद सहारे महामंत्री रमेश पाल, महेश साहू, कुमर्दा मंडल अध्यक्ष किशुन साहू महामंत्री डोमन साहू, लिलेश देवांगन, गैंदाटोला मंडल अध्यक्ष में रोशन वैष्णव महामंत्री दरबार साहू, विक्रम निषाद बनाए गए हैं।

जल जीवन मिशन से ग्राम कन्हारडबरी में हर घर तक पहुंचा स्वच्छ पेयजल

राजनांदगांव / नव प्रदेश। राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम कन्हारडबरी में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना ने ग्रामीणों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाया है। ग्राम कन्हारडबरी के बुजुर्ग बताते हैं कि एक समय ऐसा था जब गांव में पानी की समस्या लोगों के दैनिक जीवन का सबसे बड़ा हिस्सा थी। सुबह की शुरूआत ही पानी की चिंता से होती थी। कई बार हैंडपंप खराब हो जाते थे और कई बार पानी भरने के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था। विशेष रूप से गर्मी के दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती थी। ज ल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम कन्हारडबरी में हर घर जल योजना स्वीकृत होने के बाद ग्रामसभा के माध्यम से ग्रामीणों को योजना की जानकारी दी गई। इसके पश्चात गांव में पाइपलाइन बिछाने, पानी टंकी निर्माण तथा घर-घर नल कनेक्शन प्रदान करने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस कार्य में ग्रामीणों ने भी सक्रिय सहयोग दिया। योजना के पूर्ण होने के बाद ग्राम कन्हारडबरी के घरों में नल के माध्यम से नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने लगा। अब ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़ता। महिलाओं को विशेष रूप से राहत मिली है और वे अब अपने समय का उपयोग स्व सहायता समूह तथा अन्य उपयोगी कार्यों में कर पा रही हैं। स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से ग्रामीणों के स्वास्थ्य के स्तर में सुधार हुआ है तथा गांव में स्वच्छता की स्थिति भी बेहतर हुई है।

प्रदेश का बजट जनता की अपेक्षाओं के विपरीतः कृष्ण कुमार

महासमुंद / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट 2026-27 पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व नगर पालिका कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर ने कहा कि यह बजट प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं के बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस बजट से आम जनता में निराशा है और मिशन 2047 तक सत्ता में बने रहने का सपना देखने वाले मंत्री को 2028 के चुनाव में ही करारा जवाब मिलेगा।

श्री चंद्राकर ने कहा कि चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी द्वारा की गई 'मोदी की गारंटी' के तहत जो वादे किए गए थे, उन्हें पूरा करने की दिशा में बजट में कोई ठोस प्रावधान नजर नहीं आता। उन्होंने कहा कि 'मिशन 2047' का दंभ भरने वाले वित्त मंत्री को पहले प्रदेश की वर्तमान स्थिति सुधारने पर ध्यान देना चाहिए था, लेकिन बजट में किसानों, मजदूरों और शिक्षित बेरोजगारों के लिए कोई प्रभावी योजना दिखाई नहीं देती।

उन्होंने पंचायत विभाग के बजट में कटौती को गांव और गरीब विरोधी सोच का प्रमाण बताया। उनका कहना है कि यदि सरकार सचमुच ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध होती, तो पंचायत और नल-जल जैसी मूलभूत योजनाओं के बजट में कमी नहीं करती। नल-जल योजना के बजट में कथित भारी कटौती से यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार की प्राथमिकताओं में गांव, गरीब और किसान शामिल नहीं हैं। प्रदेश के कर्मचारियों और शिक्षकों का मुद्दा उठाते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि महंगाई भत्ता और एरियर्स को लेकर जो वादे किए गए थे, वे इस बजट में भी अधूरे रह गए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो वित्त मंत्री स्वयं वीडियो जारी कर महंगाई भत्ता को कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार बताते थे, उन्हें बजट में अपने ही वादे याद नहीं रहे। श्री चंद्राकर ने आरोप लगाया कि यह बजट उद्योगपतियों के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जबकि गांव, गरीब, किसान, युवा और कर्मचारियों के लिए इसमें कोई ठोस राहत या विशेष प्रावधान नजर नहीं आता।

विधायक भावना ने विधानसभा में गो-वंश संरक्षण एवं संवर्धन के विषय में उठाया प्रश्न

कवर्धा/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने प्रदेश में गो-वंश संरक्षण व संवर्धन एवं सांस्कृतिक आयोजनों के सन्दर्भ में विधानसभा में मुद्दा उठाया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में गो-वंश के लिए चारा, पानी, शेड व मुलभुत सुविधाओं तथा उनके स्वास्थ्य व नियमित टीकाकरण के विषय और सांस्कृतिक योजनाओं में स्थानीय कलाकारों की सहभागिता को लेकर प्रश्न किया।

भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि राज्य में वर्तमान में पंजीकृत एवं अपंजीकृत गो-शालाओं की कुल संख्या कितनी है? गो-वंश संरक्षण एवं संवर्धन हेतु राज्य सरकार द्वारा कौन-कौन सी योजनाएँ संचालित किए जा रहे हैं तथा वर्ष 2024-25 में इसके लिए कितनी राशि आबंटित एवं व्यय की गई है? गो-शालाओं में चारा, पानी, पशु-चिकित्सा एवं टीकाकरण जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु क्या व्यवस्था की गई है? निराश्रित एवं सड़कों पर विचरण करने वाले गो-वंश की पहचान, पकड़ एवं संरक्षण के लिए क्या ठोस कार्ययोजना लागू की गई है? जिसके लिखित प्रति उत्तर में आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम जी ने बताया कि राज्य में वर्तमान में 135 पंजीकृत एवं 54 अपंजीकृत, इस प्रकार कुल 189 गौशालाएं है। गौवंश संरक्षण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग द्वारा गौशाला का पंजीयन तथा गौधाम योजनांतर्गत गौधाम का पंजीयन किया जाता है। वर्ष 2024-25 में 135 पंजीकृत गौशालाओं को उनकी मांग अनुसार राशि रू. 1922.00 लाख अनुदान, आदर्श गौधाम एवं गोकुल ग्राम झालम, जिला बेमेतरा में संरक्षित पशुधन हेतु राशि रू.

29.75 लाख प्रदाय किया गया है एवं 11 पंजीकृत गौधामों को अद्यतन प्रदाय राशि निरंक है।

माननीय मंत्री जी ने बताया कि गो-वंश संवर्धन हेतु राज्य सरकार द्वारा पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, शत-प्रतिशत अनुदान पर सांड वितरण योजना एवं उन्नत मादा वत्सपालन योजना संचालित किए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत वर्ष 2024-25 में पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम अंतर्गत 3 करोड़ 35 लाख 85 हजार से अधिक, शत-प्रतिशत अनुदान पर सांड वितरण योजना के तहत 80.50 लाख तथा उन्नत मादा वत्सपालन योजना के तहत 249.90 लाख रुपए आवंटित की गई। गौशालाओं में चारा, पानी, पशु चिकित्सा एवं टीकाकरण जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु छत्तीसगढ़ छ.ग. गौ सेवा आयोग क्रियान्वयन समिति की बैठक में अनुमोदन पश्चात् गौशालाओं को पोषण आहार, शेड निर्माण, पेयजल एवं अन्य मद में नियमानुसार अनुदान दिया जाता है। एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम राशि रू. 25.00 लाख प्रति संस्था प्रदाय किये जाने का प्रावधान है। निराश्रित एवं सड़कों पर विचरण करने वाले गौवंश की पहचान एवं पकड़ हेतु पशुओं में रेडियम पट्टी लगाया जाता है।

रैंप योजना अंतर्गत इको टूरिज्म का सेक्टर स्पेसिफिक प्रशिक्षण संपन्न

बलौदाबाजार/ नवप्रदेश। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी रैंप योजना (ऋक्क) अंतर्गत भाटापारा में सेक्टर स्पेसिफिक्र कार्यक्रम के तहत इको टूरिज्म विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीएसआईडीसी रायपुर के बैनर तले एनआईएमएससी हैदराबाद द्वारा आयोजित की गई। यह प्रशिक्षण 24 से 26 फरवरी को गायत्री शक्तिपीठ भाटापारा में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में बलौदाबाजार जिले के पर्यटन क्षेत्र से जुड़े युवा उद्यमियों, महिला स्व-सहायता समूहों एवं स्थानीय प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को इको टूरिज्म के उभरते रुझानों, सतत पर्यटन विकास, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा स्थानीय रोजगार सृजन के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की उद्योग नीति 2024-30 के प्रावधानों से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि बुद्धेश्वर वर्मा (ट्रस्टी, गायत्री शक्तिपीठ भाटापारा) उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में पर्यटन क्षेत्र में नैतिक मूल्यों, अनुशासन एवं सेवा भावना को अपनाने पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पर गौरव यादव (संचालक, नाइट कैंपर्स कोरबा) द्वारा ट्रैकिंग एवं कैंपिंग विषय पर व्यवहारिक वर्कशॉप आयोजित की गई।

जन-जन की आकांक्षाओं, सपनों और विश्वास का प्रतिबिंब है बजटः भाऊराम

महासमुंद / नवप्रदेश। । भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं पार्षद भाऊराम साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार के वर्ष 2026-27 के संकल्प बजट को प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की ठोस आधारशिला बताते हुए इसे 'विकसित छत्तीसगढ़ 2047' की दिशा में निर्णायक कदम करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि जन-जन की आकांक्षाओं, सपनों और विश्वास का प्रतिबिंब है।

श्री साहू ने कहा कि बजट में किसान, युवा, महिला, व्यापारी और मध्यम वर्ग सहित समाज के हर वर्ग के हितों का संतुलित और दूरदर्शी समावेश किया गया है। उन्होंने विशेष रूप से वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ विकास के नए आयाम गढ़ रहा है। पार्षद साहू ने महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के लिए हुए महत्वपूर्ण प्रावधानों का उल्लेख करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रयासों को सराहा। उन्होंने कहा कि विधायक श्री सिन्हा के सतत प्रयासों से ही सिरपुर-मोहमेला बैराज परियोजना के लिए 690 करोड़ रुपये, सिकासेर-कोडार नहर लिंक परियोजना के लिए 3047 करोड़ रुपये तथा ऐतिहासिक एवं पर्यटन नगरी सिरपुर के समग्र विकास हेतु 42 करोड़ रुपये का प्रावधान सुनिश्चित हुआ है।

छत्तीसगढ़ सिख संगठन के प्रदेश संयोजक बने अरूण छाबड़ा

भाटापारा / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सिख संगठन की नवीन कार्यकारिणी मे सिक्ख समाज के बहुत ही सक्रिय एवं ऊर्जावान समाज सेवी अरूण छाबड़ा बंटी को छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन का प्रदेश संयोजक की बड़ी जिम्मेदारी फिर से सौंपी गई है, इस महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी मिलने पर उनके समर्थकों, शुभचिंतकों में खुशी की लहर है जिससे सभी में उत्साह एवं उमंग का संचार हुआ है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ सिक्ख संगठन में जो नियुक्ति की गई है उसमें संस्थापक हरपाल सिंह भामरा, प्रदेश अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला कार्यकारीअध्यक्ष लवली अरोरा, विक्की अरोरा, उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह टोनी, विक्की सलूजा पिथोरा, कोषाध्यक्ष बलजीत सिंह चावला, महासचिव सचिन मोनू सलूजा को ज़िम्मेदारी दी गई है, इस अवसर पर अरुण बंटी छाबड़ा ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ जिस विश्वास के साथ संस्थापक हरपाल सिंह भामरा द्वारा जिम्मेदारी दी गई है मैं उस पर खरा उतरने का प्रयास करूगा हमारे सिक्ख समाज एवं सामाजिक सेवा के लिए सदैव समर्पित रहता हू । गरीब दुखी की सेवा करना ही हमारा दायित्व है मैं सेवा कार्य को और अच्छे तरीके से आगे बढ़ाऊँगा और सभी के साथ मिलकर समाज को आगे ले जाने में अपना सहयोग प्रदान करूँगा।

अरुण बंटी छाबड़ा को नई नियुक्ति मिलने पर सरदार कुलदीप जुनेजा, गुरप्रीत सिंह बाबरा, कुलदीप सिंह चावला, गुरबख्श सिंह छाबड़ा, महेंद्र सिंह छाबड़ा, इंद्रजीत सिंह छाबड़ा हरभगवान छाबड़ा नितिन भंसाली , राजकुमार मल देवेन्द्र भृगु, आलोक मोदी रूपेश मिश्रा कैलाश बालानीं, तंजीव अरोरा, अजयकांत शुक्ला, सुधीर मिश्रा अनिल जयसवाल, सुनील दुबे, इकबाल अहमद, दिनेश सोनी, त्रिलोक सिंह सलुजा, हरमिंदर सिंह चावला देवेन्द्र सचदेव, कन्हैया सेठी, राजा टूटेजा, जशंकरण राणा, मंजीत छाबड़ा सुशील छाबड़ा, लक्की छाबड़ा पुर्वांश छाबड़ा, गुलशन वर्मा सुरज शर्मा बंलवत छाबड़ा, विक्की सलूजा, अमनं छाबड़ा अमरजीत सलूजा, नरिन्दर सिंह बाली, रघबीर मक्कड़ सहित गणमान्य नागरिको ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

महासमुंद/ नवप्रदेश। इंडिया एआई समिट के दौरान युवा कांग्रेस के 'इंपैक्ट सिस्टम' से जुड़े कथित अमर्यादित एवं अभद्र कृत्य के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने बुधवार को शहर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कड़े शब्दों में विरोध दर्ज कराते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प दोहराया। भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता एकत्रित हुईं।

महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में इस प्रकार की अमर्यादित गतिविधियां न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है, बल्कि सामाजिक मयार्दाओं को भी आघात पहुंचाती हैं। जिला अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर ने कहा, 'भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रहित, महिला सम्मान और सामाजिक मयार्दाओं की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रकार की अभद्रता या अनैतिक आचरण के विरुद्ध हम मुखर होकर आवाज उठाते रहेंगे।'

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बने मनमीत

भाटापारा/ नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सोनी के मार्गदर्शन एवं प्रदेश सचिव अमरजीत सलूजा की अनुशंसा में मनजीत आनंद को जिला अध्यक्ष बलौदाबाजार -भाटापारा जिले की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई प्रदेश सचिव अमरजीत सिंह सलूजा ने नव-नियुक्त जिला अध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए। विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम मानवाधिकार जनहित एवं समाजहित के कार्यों को पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ाएगी। इस दौरान नव

नियुक्त जिला अध्यक्ष को जोंटी गुंबर, सौरभ आनंद, गगनजीत आनंद, सहज गुंबर, सहजप्रीत गुंबर, बलवंत सिंह सलूजा, राजा गुंबर, सुशील सेठी, गुरमीत गुंबर, विजय आनंद, हरभगवान गुंबर, हरप्रीत सलूजा, बेअंत सिंह खालसा, मंजीत सिंह सपाल, राजा चावला, पिंकु सलूजा, सतीश रजपाल, मोहन खालसा, मीत छाबड़ा, अमन चावला, गुरदयाल गुंबर, सरनजीत सिंह खालसा, कमल सेठी, सिरजन गुंबर, उमंग चावला, रोबिन चावला, सारबजीत राणा, सरनप्रीत छाबड़ा, चिंटू चाबड़ा, सनी सलूजा, सन्नी मक्कड़, रूपेंद्र सिंह खालसा, रंजीत सिंह छाबड़ा सहित समाज के अन्य गणमान्य नागरिक ने बधाई दी है।

प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सोनी ने मानव हित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए कहा कि आने वाले समय में राजस्थान सहित अन्य प्रांतों में भी मानवाधिकार एवं समाज सेवा के कार्यों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया जायेगा।

नगर पंचायत नगरी में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

नगरी / नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। नगर के अलग-अलग वार्डों में सड़क एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्यों की शुरुआत कर विकास को नई गति दी गई।

30 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण: वार्ड क्रमांक 6 में रानी दुर्गावती चौक से लेकर जंगलपारा स्कूल तक लगभग 30 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। यह सड़क अत्यधिक जर्जर हो चुकी थी, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। सीसी रोड निर्माण से क्षेत्रवासियों

को बड़ी राहत मिलेगी।

सामुदायिक भवन निर्माण (अनुमानित लागत 66,000 रु वार्ड क्रमांक में पार्षद राजा पवार के मांग पत्र पर अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा द्वारा सदन में प्रस्ताव पारित कर सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई। इस भवन का भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ कराया गया, जिससे लोगों को सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों हेतु सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। वार्ड क्रमांक 7 रंगमंच के पास सामुदायिक भवन पार्षद चेलेश्वरी साहू एवं वार्डवासियों की विशेष मांग पर रंगमंच के पास ?66,000 की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह भवन विवाह, सामाजिक कार्यक्रम एवं सुख-दुख के आयोजनों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। वार्ड क्रमांक 13 ङ्क माता तालाब के पास टीन शेड निर्माण पार्षद यशकरण पटेल द्वारा अपनी पार्षद निधि से 3 लाख की लागत से माता तालाब के पास टीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। पूर्व में यहां सामुदायिक भवन नहीं होने से लोगों को निजी घरों या अन्य स्थानों का सहारा लेना पड़ता था। निर्माण पूर्ण होने के बाद वार्डवासियों को एक सुरक्षित एवं सुविधायुक्त स्थान उपलब्ध होगा।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रवण मरकाम नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, महामंत्री रूपेंद्र साहू,पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा कमल डागा लोक निर्माण विभाग सभापति अश्विनी निषाद शंकर देव विनीता कोठारी अलका साव देवचरण ध्रुव मिकी गुप्ता डागेश्वरी साहू यश करण पटेल योगेश कुमार साहू डीकेश कुमारसाहू शिक्षक शारदा प्रसाद ग्वाले आदि जनप्रतिनिधि, नागरिकगण एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

विकास की नई दिशा: इन सभी कार्यों के पूर्ण होने पर नगरवासियों को बेहतर सड़क सुविधा, सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए सुसज्जित भवन एवं आधारभूत संरचना का विस्तार मिलेगा। नगर पंचायत नगरी विकास की ओर निरंतर अग्रसर है।

शासकीय हाई स्कूल में शाला की बेंचों को कथित रूप से बेचे जाने की गंभीर शिकायत

युवाओं ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव/ नव प्रदेश। विकासखंड डोंगरगांव अंतर्गत ग्राम बमनीभाटा स्थित शासकीय हाई स्कूल में शाला की बेंचों को कथित रूप से बेचे जाने की गंभीर शिकायत सामने आने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने साथियों सहित जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं कठोर कार्रवाई की मांग की है ।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्रामीणों द्वारा साइकिल में बेंच बांधकर ले जाए जाने के फोटो सामने आए हैं, जो अत्यंत चिंताजनक हैं और शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़ा करते हैं। यदि शासकीय विद्यालय की संपत्ति को

इस प्रकार अवैध रूप से बेचा या बाहर ले जाया जा रहा है, तो यह न केवल शासकीय संपत्ति का दुरुपयोग है, बल्कि विद्यार्थियों के अधिकारों का भी हनन है। विद्यालयों में पहले से ही संसाधनों की कमी की शिकायतें मिलती रही हैं, ऐसे में बेंचों की कमी से छात्रों को फर्श पर बैठकर पढ़ाई करने की नौबत आ सकती है। अभिमन्यु उदय मिश्रा ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में इस प्रकार की अनियमितता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मांग की कि पूरे प्रकरण की तत्काल निष्पक्ष जांच कराई जाए, संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक एवं विधिक कार्रवाई की जाए । विद्यालय में उपलब्ध फर्नीचर का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ की दो राज्यसभा सीटों पर 16 मार्च को मतदान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सदस्य केटीएस तुलसी और फुलोदेवी नेताम का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 को समाप्त हो रहा है। इन दोनों सीटों के लिए 16 मार्च 2026 को मतदान होगा।भारत निर्वाचन आयोग ने देश के 10 राज्यों की 37 सीटों पर चुनाव कार्यक्रम घोषित किया है। अधिसूचना 26 फरवरी को जारी होगी, 5 मार्च नामांकन की अंतिम तिथि, 6 मार्च को संवीक्षा, 9 मार्च नाम वापसी और 16 मार्च को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक मतदान तथा शाम 5 बजे से मतगणना होगी। 20 मार्च तक पूरी प्रक्रिया संपन्न कर ली जाएगी। छत्तीसगढ़ विधानसभा के 90 सदस्य मतदान करेंगे। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के 54, इंडियन नेशनल कांग्रेस के 35 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का 1 विधायक है। संख्या बल के आधार पर एक-एक सीट बीजेपी और कांग्रेस के खाते में जाने की संभावना जताई जा रही है।बीजेपी में सरोज पांडे, नवीन मारकंडेय, कृष्णमूर्ति बांधी और नारायण सिंह चंदेल जैसे नाम चर्चा में हैं, जबकि कांग्रेस भी सामाजिक व क्षेत्रीय समीकरणों को ध्यान में रखकर मंथन कर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह चुनाव 2028 विधानसभा चुनाव की रणनीति से भी जुड़ा माना जा रहा है।

पीएससी में नियुक्ति को लेकर फिर उठा विवाद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लोक सेवा आयोग की एक भर्ती प्रक्रिया को लेकर नया विवाद सामने आया है। मामला उद्योग विभाग में बायलर इंस्पेक्टर की नियुक्ति से जुड़ा है, जिसमें नियमों की अनदेखी कर एक अभ्यर्थी को नियुक्ति देने का आरोप लगाया गया है।भाजपा नेता गौरी शंकर श्रीवास ने इस पूरे मामले की शिकायत करते हुए राज्यपाल से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि भर्ती प्रक्रिया में निर्धारित आयु सीमा की अनदेखी कर कानन वर्मा नामक अभ्यर्थी को नियुक्ति दे दी गई, जबकि वे ओवरएज थे।इस मामले में दूसरे अभ्यर्थी साकेत अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायालय ने सुनवाई के बाद साकेत अग्रवाल के पक्ष में फैसला देते हुए उन्हें नियुक्ति देने का आदेश जारी किया है। हालांकि, कोर्ट के आदेश के बाद भी विभाग की ओर से अब तक कोई स्पष्ट कार्रवाई सामने नहीं आई है।विवाद के तूल पकड़ने के बाद गौरी शंकर श्रीवास ने लोक सेवा आयोग में औपचारिक शिकायत दर्ज कराते हुए पूर्ववर्ती भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में नियुक्त तीन सदस्यों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं और उन्हें पद से हटाने की मांग की है।

पं. श्यामा चरण शुक्ल की जयंती पर रायपुर में श्रद्धांजलि सभा

रायपुर/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक पण्डित श्यामा चरण शुक्ल की जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जी.ई. मार्ग स्थित गौरवपथ फेस क्षेत्र के स्वर्ण जयंती तिराहा, गांधी उद्यान के सामने स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया गया।कार्यक्रम का आयोजन रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से किया गया।इस अवसर पर नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, राजस्व विभाग अध्यक्ष अवतार भारती बागल सहित महिलाओं, गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवयुवकों और आमजनों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर पं. श्यामा चरण शुक्ल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनके योगदान को याद किया।

राजेश कुमार शुक्ला तीसरी बार बने ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार राजेश कुमार शुक्ला को पुनः सेवा वृद्धि प्रदान करते हुए तीसरी बार छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। श्री शुक्ला ने राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप प्रदेश को विद्युत विकास के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव एवं पॉवर कंपनी के अध्यक्ष (ट्रांसमिशन) सुबोध कुमार सिंह तथा ऊर्जा सचिव व पॉवर कंपनी के अध्यक्ष (डिस्ट्रीब्यूशन-जनरेशन) डॉ. रोहित यादव के प्रति भी आभार जताया। 8 जुलाई 1963 को जबलपुर (मध्यप्रदेश) में जन्मे श्री शुक्ला ने 1983 में शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर से बी.ई. (इलेक्ट्रिकल) की उपाधि प्राप्त की।

जोन-4 ने जोन-2 को 7 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा आयोजित मेयर कप क्रिकेट स्पर्धा में जोन-4 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जोन-2 को 7 विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जोन-2 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 68 रन बनाए। जवाब में जोन-4 की टीम ने मात्र 5 ओवर में 69 रन का लक्ष्य हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया। जोन-4 की जीत के नायक रहे प्रणय ठाकुर, जिन्होंने सिर्फ 14 गेंदों में विस्फोटक 54 रन बनाए। उनकी आतिशी पारी के दम पर टीम ने आसान जीत दर्ज की। शानदार प्रदर्शन के लिए प्रणय ठाकुर को मैन ऑफ द मैच एवं बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार प्रदान किया गया।मैच के बाद नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग के अध्यक्ष नंदकिशोर साहू, एमआईसी सदस्यगण, जोन-4 अध्यक्ष मुरली शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति में खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

स्पर्धा के अंतर्गत 27 फरवरी को शाम 6 बजे नगर निगम मुख्यालय और जोन-6 के बीच तथा रात 8 बजे जोन-5 और जोन-8 के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

मेयर कप क्रिकेट स्पर्धा

स्वास्थ्य मंत्री ने दिए प्रमाणपत्र

फैमिली मेडिसिन में पीजी डिप्लोमा का दीक्षांत समारोह संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के सिविल लाइन स्थित सर्किट हाउस में क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर द्वारा आयोजित पी.जी. डिप्लोमा इन फैमिली मेडिसिन का दीक्षांत समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले चिकित्सकों को प्रमाणपत्र प्रदान किए।

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह पाठ्यक्रम चिकित्सा पेशेवरों की उत्कृष्ट शिक्षा, समर्पण और सेवा भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि फैमिली मेडिसिन का विशेष प्रशिक्षण चिकित्सकों के व्यावहारिक कौशल को मजबूत करता है और समाज के प्रत्येक वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने विश्वास जताया कि यहां से प्राप्त ज्ञान और अनुभव के बल पर सभी चिकित्सक समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे और प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाएंगे।

समारोह के अंत में डिप्लोमा प्राप्त करने वाले सभी डॉक्टरों को उनकी उपलब्धि पर बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

8 से 13 मार्च तक सभी 33 जिलों में महा जनसुनवाई सप्ताह

रायपुर/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा 8 मार्च से 13 मार्च 2026 तक प्रदेश के सभी 33 जिलों में महा जनसुनवाई सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने महत्वपूर्ण ऑनलाइन समीक्षा बैठक ली।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, संरक्षण अधिकारी, सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासिकाएं, पुलिस विभाग के अधिकारी तथा विधि विभाग के सलाहकार शामिल हुए।

अध्यक्ष डॉ. नायक ने स्पष्ट किया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान पुलिस प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग और विधि विशेषज्ञों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया, ताकि शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया जा सके।

सखी सेंटर और विधि सलाहकारों को पीड़ित महिलाओं को कानूनी परामर्श एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जनसुनवाई स्थलों के चयन और लंबित प्रकरणों की समीक्षा भी की गई। बैठक में आयोग के सचिव रमेश साहू सहित सदस्य एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

पीएससी में नियुक्ति को लेकर फिर विवाद, भाजपा नेता ने राज्यपाल से की जांच की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लोक सेवा आयोग की एक भर्ती प्रक्रिया को लेकर नया विवाद सामने आया है। मामला उद्योग विभाग में बायलर इंस्पेक्टर की नियुक्ति से जुड़ा है, जिसमें नियमों की अनदेखी कर एक अभ्यर्थी को नियुक्ति देने का आरोप लगाया गया है। भाजपा नेता गौरी शंकर श्रीवास ने इस पूरे मामले की शिकायत करते हुए राज्यपाल से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनका आरोप है कि भर्ती प्रक्रिया में निर्धारित आयु सीमा की अनदेखी कर कानन वर्मा नामक अभ्यर्थी को नियुक्ति दे दी गई, जबकि वे ओवरएज थे। इस मामले में दूसरे अभ्यर्थी साकेत अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायालय ने सुनवाई के बाद साकेत अग्रवाल के पक्ष में फैसला देते हुए उन्हें नियुक्ति देने का आदेश जारी किया है। हालांकि, कोर्ट के आदेश के बाद भी विभाग की ओर से अब तक कोई स्पष्ट कार्रवाई सामने नहीं आई है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 6)
आई.एस.बी.टी., चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **29103** दिनांक **27.02.2026**
वार्ड का नाम- **61 - श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **61** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR663P00118** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **RAVINDRA SINGH PARIHAR** पिता / पति श्री/ श्रीमती **HARBHAJAN SINGH PARIHAR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **RAGHAWENDRA TIWARI** पिता /पति श्री/श्रीमती **SHUSHIL PRASHAD TIWARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- 02 शंकर नगर रायपुर
फोन नं. 0771-4903223
Email : eocghbzone02@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत खम्हारडीह, रायपुर जिला-रायपुर में स्थित एल.आई.जी. फ्लैट भवन क्रमांक-574/ब्लाक नं.24/6, **श्रीमती कौशिल्या देवी साबनानी पति स्व.श्री हुकुमत राय** के नाम पर आंबटित है। उक्त आंबटी **श्रीमती कौशिल्या देवी साबनानी पति स्व.श्री हुकुमत राय** की मृत्यु दिनांक 09.05.2024 को हो जाने के कारण उक्त आंबटी के उत्तराधिकारी **सुपुत्र श्री अजीत साबनानी पिता स्व. श्री हुकुमत राय,** निवासीः फ्लैट क्रमांक 10 ब्लॉक नं.01 हाउसिंग बोर्ड कालोनी अवंति विहार रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) के नाम पर नामांतरण करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, अन्य उतराधिकारी का सहमति पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2 रायपुर,

।। न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) ।।
रा.प्र.क.-202602100800049/अ-6/वर्ष 2025-2026
ग्राम-राहटादाह / प.ह.नं.- 17

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक घंस्याम निर्मलकर पिता बसंत निर्मलकर जाति धोबी निवासी ग्राम मोतिमपुर तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा फौती नामांतरण आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम राहटादाह प.ह.नं. 17 स्थित भूमि खसरा नंबर 212, 231 रकबा 0.12, 0.16 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.28 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में गनपत पिता परसोतम के नाम पर दर्ज है। जिस पर खातेदार गनपत पिता परसोतम का मृत्यु दिनांक 13.09.2010 को हो जाने के कारण उनके विधिक वारिसानों द्वारा फौती दर्ज किये जाने निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 09/03/2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।
आगामी पेशी दिनांक 09/03/2026
जारी दिनांक 17/02/2026

मुहर **तहसीलदार धमधा**

न्यायालय तहसीलदार कसडोल तहसील कसडोल जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

//ईश्तहार//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका यशवंत कुमार साहू पिता आत्माराम साहू जाति-तेली ग्राम-कसडोल प.ह.नं. 09 रा.नि.म. वो तहसील कसडोल, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने अपने पुत्री राशी पिता यशवंत कुमार साहू का जन्म दिनांक 11/05/2006 को ग्राम कसडोल में हुआ है. बताया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्री के जन्म का पंजीयन अज्ञानतावश ग्राम पंचायत/नगर पंचायत में आज पर्यन्त तक दर्ज नहीं कराया गया है। वर्तमान में आवेदक/आवेदिका को शासकीय/अर्धशासकीय व अन्य कार्य में जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ रही है जिस हेतु आवेदक/आवेदिका द्वारा अपने पुत्री के जन्म के पंजीयन के संबंध में आदेश प्रदाय किये जाने हेतु निम्न दस्तावेज आवेदनपत्र मय शपथ पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किये जाने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो, तो वह दिनांक 02.03.2026 को 11.00 बजे तहसील कार्यालय कसडोल में व्यक्तिगत रूप से या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 12/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार कसडोल**

कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला-बालोद (छ.ग.)

//निविदा सूचना//

क्र./आब./निविदा/2026/478 **बालोद, दिनांक 25/02/2026**

सर्वसाधारण की विशेष जानकारी के लिए यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि शासन के निर्देशानुसार गुण्डरदेही नगर पंचायत क्षेत्र में प्रीमियम रेंज की विदेशी मदिरा विक्रय हेतु एक प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान/भवन उपयुक्त स्थल पर किराये पर लिये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार, निविदा शर्तों के अधीन तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा के बंद लिफाफे, एक बड़े लिफाफे में रख कर बंद लिफाफा दिनांक 10.03.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी सह जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. जिला-बालोद में जमा कर सकेगें। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। तकनीकी निविदा उसी दिन सायं 04:00 बजें निविदा मूल्यांकन हेतु गठित समिति के समक्ष खोला जावेगा।

निविदा के नियम/शर्तों की जानकारी एवं निविदा प्रपत्र, जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. जिला-बालोद के पक्ष में देय राशि रु 1180/- (अक्षरी एक हजार एक सौ अस्सी रू.) (जी.एस.टी.सहित) का बैंक ड्राफ्ट (किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी) जमा कर कार्यालयीन कार्यदिवस में कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. जिला-बालोद से प्राप्त किया जा सकता है।

(कलेक्टर महोदया द्वारा अनुमोदित)

जिला आबकारी अधिकारी
हेतु कलेक्टर
जिला-बालोद (छ.ग.)

जी-252606947/2

छत्तीसगढ़ की दो राज्यसभा सीटों पर 16 मार्च को मतदान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सदस्य केटीएस तुलसी और फुलोदेवी नेताम का कार्यकाल 9 अप्रैल 2026 को समाप्त हो रहा है। इन दोनों सीटों के लिए 16 मार्च 2026 को मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने देश के 10 राज्यों की 37 सीटों पर चुनाव कार्यक्रम घोषित किया है। अधिसूचना 26 फरवरी को जारी होगी, 5 मार्च नामांकन की अंतिम तिथि, 6 मार्च को संवीक्षा, 9 मार्च नाम वापसी और 16 मार्च को सुबह 9 से शाम 4 बजे तक मतदान तथा शाम 5 बजे से मतगणना होगी। 20 मार्च तक पूरी प्रक्रिया संपन्न कर ली जाएगी। छत्तीसगढ़ विधानसभा के 90 सदस्य मतदान करेंगे। वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के 54, इंडियन नेशनल कांग्रेस के 35 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का 1 विधायक है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 4)
प्रेस क्लब,पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID - rmczone4@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **28598** दिनांक **14.02.2026**
वार्ड का नाम- **46 - सिविल लाईन वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **46** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR333C00397** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **SMT. SHARADDHA MALEWAR W/O MADHAV MALEWAR, MADHAV MALEWAR S/O LATE TULSIRAM MALEWAR** पिता / पति श्री/ श्रीमती **N/A** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **माधव मल्लेवार** पिता /पति श्री/श्रीमती **स्व. तुलसीराम मल्लेवार** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **शपथ पत्र, पंजीकृत पट्टा विलेख, आधार कार्ड, टैक्स रशीद व अन्य दस्तावेज** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **29021** दिनांक **27.02.2026**
वार्ड का नाम- **41 - पं. सुंदर लाल शर्मा वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **41** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR565F00155** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **KRISHNA DEWANGAN** पिता / पति श्री/ श्रीमती **CHHABIRAM** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **GANGA BAI, RUPKUMAR DEWANGAN, HUKUM CHAND, NIRMILA, DEVENDRA, JAYA, LILADHAR, LAXMI, ROHIT, PREMLATA DEWANGAN** पिता /पति श्री/श्रीमती **LT. FAGWA RAM DEWANGAN, LT. BHUPENDRA DEWANGAN, LT. KAMLESH DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **OTHERS** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार, तहसील देवकर जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है, कि आवेदक श्रीमती भुमिजा पति स्व. मुंशीराम साहू उम्र 64 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम देवकर तहसील देवकर जिला बेमेतरा (छ.ग.) का निवासी है। आवेदक के द्वारा ग्राम देवकर प.ह.न. 11 तहसील देवकर जिला बेमेतरा (छ.ग.) में स्थित वाद भूमि ख.न. 810, 1825, 1818, 1833, 1870/2 रकबा 0.04, 0.25, 0.12, 1.10, 0.46 हे. कुल खसरा 05 कुल रकबा 1.9700 हे. भूमि आवेदिका के पति स्व. मुंशीराम साहू पिता स्व. रुगुराम साहू के नाम दर्ज है। उक्त में स्व. मुंशीराम साहू पिता स्व. रूगुराम साहू का दिनांक 03/04/2021 को मृत्यु हो गया है। उक्त वाद भूमि को स्व. मुंशीराम साहू पिता स्व. रूगुराम साहू ने अपने पत्नी श्रीमती भुमिजा पति स्व. मुंशीराम साहू के नाम पर दिनांक 08/07/2019 को वसीयतनामा के माध्यम से प्रदान कर दिया गया था। मृतक के नाम को हटा कर आवेदिका के नाम पर नामांतरण करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ वर्तमान में बी-1, नक्शा, खसरा के साथ चालान की प्रति संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त वाद के संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था/समुदाय को कोई दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 11/03/2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं/अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 17/02 2026
नियत दिनांक -11/03/2026

मुहर **तहसीलदार देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / भट / उ.क्षे. / जग. / भू.रा. / रोजगार / 2026 / 2899 दिनांक- 09.02.2026

सूचना

जगन्नाथपुर खुली खदान परियोजना हेतु भूमि अधिग्रहण के एवज में नियमानुसार रोजागर देने की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया में ग्राम जगन्नाथपुर की भू-स्वामी द्वारा रोजगार के बदले आर्थिक मुआवजा प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः जन साधारण के लिए निम्न तालिका में जानकारी प्रकाशित की जा रही है:-

रोजगार क्र.	1 ए का क्रमांक	रोजगार एवं रोजगार के बदले आर्थिक मुआवजा आवेदनकर्ता का नाम	1 ए में भूस्वामी	खसरा नम्बर	आर्जित रकबा (हे. में)	9 (1) के समय भूस्वामी	खसरा नम्बर	रकबा (हे. मे)	कुल रकबा (हे. मे)	रकबा (एकड़ में)	रोजगार की संख्या
22	116	दूधनाथ आ. पेटन उरांव	दूधनाथ आ. पेटन उरांव	1306/1	0.16	दूधनाथ आ. पेटन उरांव	1306/1	0.16	2.77	6.84	3
				1343/1	0.32		1343/1	0.32			
				1415/1	0.15		1415/1	0.15			
				1467/1	0.16		1467/1	0.16			
				1479/1	1.15		1479/1	1.15			
				1479/4	0.20		1479/4	0.20			
				1585/1	0.17		1585/1	0.17			
				1600	0.46		1600	0.46			
				कुल-8	2.77		कुल-8	2.77			
		रोजगार एवं रोजगार के बदले आर्थिक मुआवजा आवेदनकर्ता का नाम- नामांकन में नाम- दूधनाथ मिंज आ. पेटन मिंज ऋण पुस्तिका में नाम- दूधनाथ आ. पेटन राजस्व दस्तावेजों (बी-1) 2008-09 से 2011-12 में नाम - दूधनाथ आ. पेटन राजस्व दस्तावेजों (बी-1) 2016-17 में नाम- दूधनाथ आ. पेटन आधार कार्ड में नाम- दूधनाथ मिंज आ. पेतन वोटर कार्ड में नाम- दुधनाथ मिंज आ. पेटन मिंज राशन कार्ड में नाम- दूधनाथ जाति, प्रमाण पत्र में नाम- दूधनाथ मिंज आ. पेटन मिंज निवास प्रमाण पत्र में नाम- दूधनाथ मिंज आ. पेटन मिंज बैंक पासबुक में नाम - DUDHNATH MINJ S/O PETAN MINJ 10 वीं की अंकसूची - DUDHNATH MINJ S/O PETAN MINJ									

उपरोक्त दर्शाये गये भूमि खसरा नम्बर के सामने दर्शाये गये भू-स्वामी को रोजगार एवं रोजगार के बदले आर्थिक मुआवजा दिया जाना है। जिसमें यदि किसी भी व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति है, तो समाचार पत्र में प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर निम्नलिखित पते पर लिखित शिकायत दर्ज कर सूचित करें। पताः- कार्यालय उपक्षेत्रीय प्रबंधक, जगन्नाथपुर उपक्षेत्र, जगन्नाथपुर, पोस्ट- धरमपुर, थाना/तहसील-प्रतापपुर, जिला- सूरजपुर छ.ग.

उपक्षेत्रीय प्रबंधक
जगन्नाथपुर उपक्षेत्र, एसईसीएल भटगांव क्षेत्र

अन्नदाता के पसीने की हर बूंद का मोल दे रही छत्तीसगढ़ सरकार की कृषक उन्नति योजना

रायपुर (नवप्रदेश)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि अन्नदाताओं का पसीना सूखने से पहले ही उनके मेहनत का मोल मिलना चाहिए। मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए सुशासन की राह पर चलने वाली साय सरकार ने कृषक उन्नति योजना के माध्यम से इस कथन को मूर्त रूप दिया है। अभी होली त्योहार आने को है और किसान भाईयों की मेहनत की एक-एक पाई उन्हें मिल गई है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 28 फरवरी को बिल्हा ब्लॉक के ग्राम रहंगी में आयोजित वृहद किसान सम्मेलन में कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के अन्नदाताओं को 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से धान के मूल्य की अंतर राशि 10 हजार 324 करोड़ रूपए के बैंक खातों में अंतरित करेंगे। यह राशि राज्य के 25 लाख 28 हजार किसानों को मिलेगी। साय सरकार ने लगातार एकमुश्त तीसरी बार यह राशि भुगतान करने जा रही है। इसको मिलाकर राज्य के अन्नदाताओं को कृषक उन्नति योजना के माध्यम से 35 हजार करोड़ रुपए का भुगतान पूरा हो जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार अपने वादे के मुताबिक कृषक उन्नति योजना के आदान राशि का भुगतान होली पर्व के ठीक पहले कर रही है। इसका मतलब यह है कि किसान भाइयों के फाग में कुछ और उत्साह के रंग घुल जाएंगे। होली में किसान भाइयों के साथ फगुआ रंग में स्वयं को रंगने मुख्यमंत्री भी बिल्हा जा रहे हैं। तीन बार की धान खरीदी और सरकार द्वारा दिये जा रहे अन्य प्रोत्साहनों को देखें तो किसान भाइयों को अब तक लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपए की राशि दी गई है। धान के कटोरे में जबर्दस्त आर्थिक उफान लाने यह राशि कितनी सहायक हुई है इसका पता बजट के आंकड़ों से लगता है। इस बार प्रति व्यक्ति आय का जो अनुमान हुआ वो पिछले साल की तुलना में दस प्रतिशत अधिक है। जहां महंगाई लगभग 3 फीसदी की दर से बढ़ रही है और प्रति व्यक्ति आय इतनी तेजी से बढ़ रही है तो साफ है कि किसानों के लिए अपने खेत में निवेश के अवसर भी तेजी से सामने आ रहे हैं।

अर्थव्यवस्था मजबूत : कृषक उन्नति योजना ने धान के अलावा दलहन फसलों के लिए भी किसानों को प्रेरित किया, इस प्रकार फसल वैविध्य को लेकर यह योजना आगे बढ़ती है। जब हमारे किसान मजबूत होते हैं तो हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। जब ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है तो शहरी अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत होता है।

किसानों से भी जुड़ेंगे सीएम साय : कृषक उन्नति योजना वास्तव में मुख्यमंत्री श्री साय का किसानों से जुड़े एक बड़ा सरोकार का प्रमाण है।

उन्होंने जब योजना की राशि देने का निर्णय लिया तो किसानों की खुशियों में प्रत्यक्ष भागीदार होने का निर्णय भी लिया। बिल्हा में आयोजित राज्य स्तरीय इस आयोजन के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री साय किसानों से प्रत्यक्ष रूप से तो जुड़ेंगे ही, वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वे प्रदेश भर के किसानों से भी जुड़ेंगे।

कृषि अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत किया

कृषक उन्नति योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ के किसानों को पूरे भारत में धान का सबसे अच्छा दाम मिल रहा है। यह स्वामीनाथन कमेटी की उन अनुशंसाओं के मुताबिक है, जो किसान भाइयों को उचित मूल्य देने की बात करते हैं। कृषक उन्नति योजना ने केवल किसान भाइयों को मजबूत आर्थिक स्थिति ही नहीं दी है इसने कृषि अर्थव्यवस्था की नींव को भी मजबूत करने का काम किया है।

जीएसटी रिफार्म्स का लाभ किसानों को मिला

इस योजना का लाभ किसानों के साथ ही रेगहा, बटाईदारों, वनाधिकारपत्र धारकों, पब्लिक ट्रस्ट के लोगों तथा विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को भी मिल रहा है इस प्रकार यह योजना समावेशी विकास का बड़ा आधार बन कर सामने आई है। कृषक उन्नति योजना ने किसानों को खेती पर निवेश करने की राह भी दिखाई है। प्रधानमंत्री जी ने जो जीएसटी रिफार्म्स किये, उससे सबसे ज्यादा लाभ किसानों को हुआ क्योंकि ट्रैक्टर सहित अन्य कृषि उपकरण सस्ते हो गये। कृषक उन्नति योजना ने इनका लाभ उठाने आवश्यक पूंजी किसानों को उपलब्ध कराई।

25 लाख 28 हजार किसानों ने धान बेचा

लागत की तुलना में कम रिटर्न और अत्याधिक श्रम के चलते किसानों का कृषि से हो रहे मोहभंग की स्थिति को कृषक उन्नति योजना ने पलट दिया है। जहां वर्ष 2022-23 में लगभग 23 लाख 42 हजार किसानों ने धान बेचा, वहीं इस बार 25 लाख 28 हजार किसान भाइयों ने धान बेचा। इस तरह लगभग दो लाख किसान इस योजना के आने के बाद खेती किसानी से जुड़ गए, यह बड़ा बदलाव है।

स्कूल में बिना अनुमति प्रवेश 'हाउस ट्रेसपास' के बराबर

■ छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता की याचिका खारिज की

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि बिना अनुमति स्कूल परिसर में प्रवेश करना भारतीय दंड संहिता के तहत 'हाउस ट्रेसपास' (घर में घुसपैठ) की श्रेणी में आ सकता है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि स्कूल भवन केवल पढ़ाई का स्थान ही नहीं, बल्कि संपत्ति की सुरक्षा (कस्टडी ऑफप्रॉपर्टी) के लिए भी उपयोग में लाया जाता है। यह टिप्पणी करते हुए न्यायालय ने पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी की याचिका खारिज कर दी।

धाराओं की विस्तृत व्याख्या: मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल ने भारतीय दंड संहिता की धारा 452 (हमला या चोट की तैयारी के बाद घर में घुसना), धारा 442 (हाउस ट्रेसपास की परिभाषा) और धारा 441 (आपराधिक अतिक्रमण) की विस्तार से व्याख्या की।

कोर्ट ने कहा कि इन धाराओं को साथ पढ़ने पर स्पष्ट होता है कि यदि कोई व्यक्ति ऐसे भवन, टेंट या पोत में आपराधिक अतिक्रमण करता है, जिसका उपयोग मानव निवास, पूजा स्थल या संपत्ति की कस्टडी के रूप में हो रहा हो, तो वह 'हाउस ट्रेसपास' माना जाएगा। कोर्ट ने कहा कि स्कूल भवन भले ही निवास या पूजा स्थल नहीं है, लेकिन वहां फर्नीचर और अन्य शैक्षणिक संपत्ति सुरक्षित रखी जाती है। इसलिए इसे 'संपत्ति की कस्टडी' की श्रेणी में रखा जा सकता है।

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि हाउस ट्रेसपास की परिभाषा में तीन स्थितियां शामिल हैं-

1. मानव निवास के रूप में उपयोग होने वाला भवन
2. पूजा के लिए उपयोग होने वाला भवन
3. संपत्ति की कस्टडी के लिए उपयोग होने वाला भवन

क्या है मामला

आरोप के अनुसार, जून 2024 में विकास तिवारी अपने साथियों के साथ सरोना स्थित कृष्णा किड्स एकेडमी के परिसर में घुसे, गाली-गलौज की और महिला स्टाफसे बदसलूकी की। स्कूल प्रशासन ने इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। सुनवाई के बाद ट्रायल कोर्ट ने आरोपी के खिलाफआईपीसी की धारा 452, धारा 294 (अश्लील कृत्य) और धारा 34 (समान आशय) के तहत आरोप तय किए थे। रिविजनल कोर्ट से राहत नहीं मिलने पर उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसे अब खारिज कर दिया गया है।

होली पर घर जाने वालों को बड़ी राहत, त्योहार के दौरान सुगम होगी यात्रा, दुर्ग-बिलासपुर और गोंदिया स्टेशनों से सुविधा

एसईसीआर जोन से चलेंगी 70 स्पेशल ट्रेनें

■ यात्रियों को कन्फर्म बर्थ मिलने में सुविधा होगी

रायपुर/नवप्रदेश। होली पर्व के दौरान घर जाने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने विशेष तैयारी की है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर) के अंतर्गत कुल 70 होली स्पेशल ट्रेनों के फेरे संचालित किए जाएंगे। इससे यात्रियों को कन्फर्म बर्थ मिलने में सुविधा होगी और त्योहार के दौरान यात्रा सुगम हो सकेगी।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इन 70 फेरों में से 14 फेरे एसईसीआर के दुर्ग, बिलासपुर और गोंदिया स्टेशनों से प्रारंभ होंगे, जबकि 56 फेरे जोन के विभिन्न स्टेशनों से होकर गुजरेंगे।

एसईसीआर की प्रमुख ट्रेनें

दुर्ग-हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग स्पेशल

दुर्ग से 1 और 2 मार्च को तथा वापसी में हजरत निजामुद्दीन से 2 और 3 मार्च को संचालित होगी। यह ट्रेन रायपुर, उसलापुर और पेंड्रा रोड होते हुए चलेगी।

गोंदिया-छपरा-गोंदिया स्पेशल

गोंदिया से 1 व 2 मार्च को और वापसी में छपरा से 3 व 4 मार्च को रवाना होगी।

दुर्ग-मधुबनी-दुर्ग स्पेशल

दुर्ग से 1 मार्च को तथा मधुबनी से 2 मार्च को झारसुगुड़ा मार्ग से संचालित होगी। इसका ठहराव रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा और रायगढ़ में रहेगा।

गोंदिया-पटना-गोंदिया स्पेशल

गोंदिया से 2 मार्च को और पटना से 3 मार्च को चलेगी।

बिलासपुर-चर्लपल्ली-बिलासपुर स्पेशल

बिलासपुर से 27 फरवरी और चर्लपल्ली से 28 फरवरी को बल्हारशाह मार्ग से संचालित होगी।

जोन से होकर गुजरेंगी 56 स्पेशल ट्रेनें

एसईसीआर जोन से होकर 56 फेरे अन्य राज्यों को जोड़ने वाली स्पेशल ट्रेनों के भी गुजरेंगे। इनमें प्रमुख रूप से तिरुपति-रक्सौल, चर्लपल्ली-रक्सौल, पटना-चर्लपल्ली, हटिया-दुर्ग और चर्लपल्ली-दानापुर स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं। ये ट्रेनें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया, भाटापारा और रायगढ़ जैसे प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव लेंगी। रेलवे की इस विशेष व्यवस्था से दिल्ली, बिहार, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों को होली के दौरान बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

90 वर्षीय असहाय महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र से मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ एक लगभग 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता के परिजन ने थाना भाटापारा ग्रामीण में शिकायत दर्ज कराई कि उनकी 89 वर्षीय माता, जो पूरी तरह बिस्तर पर निर्भर हैं, के साथ रात के समय आरोपी दीपक टंडन ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। शिकायत में यह भी बताया गया कि आरोपी पहले भी रात में घर के आसपास आता-जाता रहा है।

मवेशी तस्करी पर कबीरधाम पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 8 भैंस मुक्त, दो आरोपी गिरफ्तार

कबीरधाम/नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस ने मवेशी तस्करी के खिलाफसख्त कार्रवाई करते हुए 08 नग भैंसा व भैंसी को मुक्त कराया है तथा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना भोरमदेव पुलिस द्वारा ग्राम केसदा कांजी हाउस के सामने की गई, जहां घेराबंदी कर अवैध रूप से मवेशी ले जा रहे दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार मवेशियों को क्रूरतापूर्वक बिना चारा-पानी के ले जाया जा रहा था। सभी मवेशियों को जप्त कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया और बाद में सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया।

इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुलेश्वर विश्वकर्मा (22 वर्ष), निवासी रौचन थाना भोरमदेव जिला कबीरधाम तथा अघ्घन यादव (45 वर्ष), निवासी बम्हनी थाना रेंगाखार जिला कबीरधाम के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कृष्ण कुमार चन्द्राकर के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। थाना प्रभारी लालमन साहू के नेतृत्व में एएसआई दिनेश झरिया सहित थाना भोरमदेव स्टाफ की इस कार्यवाही में सराहनीय भूमिका रही।

सूरजपुर में फॉरेस्ट गार्ड से मारपीट

■ महिला मित्र के साथ मिलने पर युवकों का हंगामा, वीडियो वायरल

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक फॉरेस्ट गार्ड को कुछ ग्रामीण युवकों ने नर्सरी परिसर में उसकी महिला मित्र के साथ पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट की। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जानकारी के अनुसार, फॉरेस्ट गार्ड अपनी महिला मित्र के साथ नर्सरी क्षेत्र में मौजूद था। इसी दौरान कुछ युवक वहां पहुंच गए और दोनों को देख लिया। इसके बाद युवकों ने गार्ड को घेर लिया और उसके साथ डंडे और बेल्ट से मारपीट की।

वायरल वीडियो में फॉरेस्ट गार्ड वर्दी में नजर आ रहा है, जबकि कुछ युवक उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट कर रहे हैं। इतना ही नहीं, युवकों ने मोबाइल में गाना चलाकर उससे जबरन डांस भी कराया, जो घटना को और भी शर्मनाक बना देता है। घटना के बाद वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गया है, जिससे मामला चर्चा में आ गया है। फिलहाल पुलिस की ओर से इस संबंध में आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन वायरल वीडियो के आधार पर जांच की संभावना जताई जा रही है।

नक्सलियों के गढ़ बीजापुर में होगा अंतिम युद्ध, 83 माओवादी अब भी मौजूद

नक्सल प्रभावित जिलों की कहानी

जगदलपुर/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार द्वारा जारी नक्सल प्रभावित जिलों की सूची में छत्तीसगढ़ के छह जिले में सर्वाधिक नक्सल प्रभावित अंतिम जिला बीजापुर भी शामिल है। बीजापुर जिले की भगौलिक परिस्थिति अन्य जिलों से भिन्न है। इस जिले में एसजेडसीएम व पश्चिम बस्तर डिविजन का इंचार्ज पापाराव है, जो दो दिन पूर्व तेलगांना में आत्मसमर्पण करने वाले केंद्रीय समिति सदस्य मुरली उर्फ संग्राम के का बेहद खास सिपहसलार है। पश्चिम बस्तर डिविजन का गंगालूर एरिया के अलावा नेशनल पार्क एरिया व दक्षिण बस्तर डिविजन माओवादियों का मजबूत गढ़ रहा है। पापाराव इसी इलाके में अधिक सक्रिय रहा है, जो मूलतः बीजापुर जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वर्तमान में भी पश्चिम बस्तर डिविजन का गंगालूर व बासागुड़ा अपनी भागौलिक स्थिति के चलते माओवादियों का गढ़ बना हुआ है। यहां से ही कैडर नक्सलियों की आवाजाही पड़ोसी राज्यों के अलावा उतर बस्तर की ओर अधिक होती है, जो एक तरह से लाइफलाइन का काम करता रहा है।

787 दिन में 233 हार्डकोर नक्सली ढेर, 268 हथियार बरामद

केन्द्र सरकार के 31 मार्च 2026 को नक्सलवाद के खात्मे के डेडलाइन को मात्र 33 दिन शेष बचे हैं, इस डेट के ऐलान के बाद से ही सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिला बीजापुर में सुरक्षाबलों द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षाबलों द्वारा वर्ष 2024 व 2025 में सर्वाधिक 221 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया गया, मारे गए नक्सलियों में केन्द्रीय समिति सदस्य से लेकर नक्सल कमाण्डरों व डीकेएसजेडसीएम को मार गिराया। वहीं इस वर्ष बीते 57 दिन में 12 हार्डकोर नक्सली मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं। बीते 787 दिन में सुरक्षाबलों ने 233 हार्डकोर नक्सली को ढेर कर चुके है। वहीं 268 हथियार भी बरामद किया जा चुका है। वर्ष 2024 में सुरक्षाबलों ने बीजापुर जिले में विशेष अभियान चलाकर अलग अलग मुठभेड़ों में 58 हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया था, वहीं वर्ष 2025 में 163 तथा इस वर्ष 57 दिन में 12 हार्डकोर मुठभेड़ में ढेर किया जा चुका है। बीते 787 दिन में 233 नक्सलियों को ढेर करने के साथ ही 268 हथियार बरामद करते हुए 1174 नक्सलियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। वहीं शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 906 ने आत्म समर्पण किया। वहीं विशेष अभियान चलाकर इन 900 कमाण्ड व प्रेशर आईईडी बरामद किया जा चुका है। इस अवधि में जिले को नक्सलमुक्त करने नक्सलियों से बहादुरी से मुकाबला करते हुए 25 जवान शहीद हो चुके है। नक्सलियों के खात्में में बीजापुर जिले के धूर नक्सल प्रभावित इलाकों में खोले गए सुरक्षा कैम्पों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिले में वर्ष 2024 में 9 जबकि वर्ष 2025 में 21 तथा वर्ष 2026 में 4 नए कैम्प खोले जा चुके है।

33 दिन शेष: निशाने में होंगे पापाराव विज्जा, झितरू सहित 77 नक्सली

बीजापुर जिले में बचे हुए शीर्ष नक्सलियों में एसजेडसीएम व पश्चिम बस्तर डिविजन का इंचार्ज पापाराव कुड़म उर्फसुन्नम चंदैया उर्फमंगू के अलावा डीवीसीएम व दक्षिण बस्तर डिविजन मिलिट्री कमाण्डर इन चीफविज्जा हेमला, प्लाटून नम्बर 12 का इंचार्ज व कमाण्डर डीवीसीएम शंकर मुचाकी, प्लाटून 2 का कमाण्डर डीवीसीएम प्रकाश माड़वी, पीएलजीए बटालियन नम्बर 1 व कम्पनी नम्बर 2 का सीवायपीसीएम कमाण्डर केशा सोढ़ी, प्लाटून नम्बर 13 का इंचार्ज डीवीसीएम झितरू ओयाम उर्फअशोक समेत 83 हथियारबंद नक्सली बीजापुर जिले में सक्रिय हैं। बचे हुए नक्सलियों से लगातार समर्पण कर हथियार डालने की अपील की जा रही है। बचे हुए नक्सलियों की तलाश में सुरक्षाबलों द्वारा जंगलों में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इनके समर्पण करने या मुठभेड़ में मार गिराए जाने के बाद बीजापुर जिला नक्सलमुक्त जिले की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। फोर्स लगातार प्रयास कर रही है कि बचे हुए नक्सली समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो जाए नहीं तो निर्धारित डेड लाइन 31 मार्च 2026 के लिए मात्र 33 दिन शेष है, इन दिनों में समर्पण नहीं करने पर इन इन सभी हार्डकोर नक्सलियों का खात्मा तय माना जा रहा है।

सीएम साय ने जशपुर जिले को दी 30.59 करोड़ की सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले को विकास की नई रफ्तार देते हुए 9 महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण के लिए कुल 30 करोड़ 59 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। इन परियोजनाओं से ग्रामीण अंचलों में आवागमन सुगम होगा, व्यापार-व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा और शिक्षा-स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच आसान होगी। दो वर्षों के भीतर मिली इस करोड़ों की सौगात से जिले की सड़क व्यवस्था का व्यापक कायाकल्प हो रहा है।

क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे ऐतिहासिक पहल बताया है। जिले के ढूंड़गजोर (सरसमार) से चिढ़रापारा पत्थलगांव तक 2 किमी 1 करोड़ 96 लाख, ग्राम ढोंगादरहा से अम्बाकछार मार्ग 3 किमी 4 करोड़ 84 लाख, ग्राम पंचायत मुड़ापारा (हड्डी गोदाम मेन रोड) से घिंचापानी होते हुए पंगसुवा मार्ग 4.85 किमी 4 करोड़ 26 लाख की मंजूरी मिली है।

करोड़ों की सौगात से विकास को मिलेगी रफ्तार

इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात की सुविधा बेहतर होगी, किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी तथा विद्यार्थियों को स्कूल-कॉलेज आने-जाने में राहत मिलेगी। क्षेत्रवासियों ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में लगातार विकास कार्यों की सौगात मिल रही है, जिससे गांव-गांव में खुशहाली का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com